# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 13 जून, 2026 | वर्ष -01 | अंक-117 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### ममता बनर्जी के खिलाफ कोलकाता में FIR

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में प्रथामिकी दर्ज की गई है। ममता पर आरोप है कि उन्होंने 9 मार्च को चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण दिया था। यह शिकायत तुषार कांती दास ने की है। उनका कहना है कि ममता के बयान से सांप्रदायिक सौहार्द और राज्य की लोकतांत्रिक व्यवस्था को नुकसान पहुंच सकता था। इधर, फर्जी हस्ताक्षर मामले में शुक्रवार को CID की टीम TMC सांसद और पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के घर पहुंची। इस दौरान अभिषेक के वकील भी वहां पहुंचे। एडवोकेट देबाशीष राय ने कहा कि CID ने हमें कोई सूचना नहीं दी है।

### भारतीय सेना को मिले 106 कामिकाजे ड्रोन

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए स्वदेशी रक्षा कंपनी एसएमपीपी ने सेना को 106 टबोर्जेट इंजन से चलने वाले कामिकाजे ड्रोन सौंप दिए हैं। इन्हें ह्यपीसकीपर (अग्निवेग) नाम दिया गया है। यह ड्रोन 180किमी की रेंज तक हमला कर सकते हैं। साथ ही 450किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकते हैं। यानी इसकी रफ्तार दुनिया में सबसे तेज उड़ने वाले पेरेग्रिन फाल्कन पक्षी की रफ्तार 320किमी प्रति घंटे से भी ज्यादा है।इतना ही नहीं इन पर न जैमिंग का असर होगा, न कोई स्पूफिंग के जरिए इन्हें टारगेट से भटका सकेगा।

### दिल्ली के तुगलकाबाद में बिल्डिंग में आग, 3 मरे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में एक बिल्डिंग में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें एक युवक और दो महिलाएं हैं। 6 लोगों को बचाया गया है, सभी अस्पताल में भर्ती हैं। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, आग पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में लगी थी। धीरे-धीरे आग पांच मंजिला बिल्डिंग में फैल गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने छत का ताला काटकर लोगों को बचाया।फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, गुरुवार देर रात 2:35 बजे से 2:37 बजे के बीच इमरजेंसी कॉल मिलीं। आग तारा अपार्टमेंट के पास गली नंबर 1 में स्थित एक इमारत में लगी थी। इमारत के अंदर कई लोगों के फंसे होने की खबर मिलने के बाद फायर फाइटर्स ने रेस्क्यू शुरू किया।

### लखनऊ में इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** दिल्ली जाने वाली इंडिगो फ्लाइट को शुक्रवार को उड़ान भरने से पहले चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, लखनऊ पर इमरजेंसी कॉल के बाद होल्ड कर दिया गया। फ्लाइट टेकअप करने वाली ही थी, तभी टॉयलेट में एक टिशू पेपर मिला, जिस पर बम लिखा था। इसके बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) को सूचना दी और फ्लाइट इमरजेंसी में रोक दी गई।

### खान सर के अंगरक्षक की जमानत याचिका खारिज

**पटना।** पटना सिविल कोर्ट में खान के बॉडी गार्ड्स और ज्ञान बिंदु के रौशन आनंद की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। खान के दोनों बॉडी गार्ड्स की जमानत पर मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास अनुराग वर्मा के कोर्ट ने बेल रिजेक्ट कर दी है। इससे पहले कहा गया कि खान के वकील की तबियत खराब है, सोमवार को आयेगा। कोर्ट में खान के गार्ड्स के वकील की ओर से दलील दी गई कि आत्मरक्षा में गोली चलाई गई थी, जिसे कोर्ट ने नहीं माना है। कोर्ट ने कहा कि आप दोनों ने फायरिंग की थी, इसलिए बेल रिजेक्ट की जाती है।

# मोदी सरकार के 12 वर्षों में बदला बिहार का परिदृश्य : मुख्यमंत्री

## जीएसटी और केंद्र सरकार की नीतियों ने वित्तीय स्थिति को दी मजबूती



**राजगीर और मुंगेर में बनेगा डिफेंस कॉरिडोर, हर जिले में एयर कनेक्टिविटी की तैयारी**

**पटना (एनएबसी)।** पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बीते एक दशक में देश और बिहार दोनों ने विकास का नया अध्याय लिखा है। सीएम ने कहा कि भाजपा ने जनसंघ के समय से जो भी संकल्प देश के सामने रखा, उसे पूरा करने का काम किया है। भाजपा अपने विचारों और संकल्पों से कभी पीछे नहीं हटी है। सीएम ने कहा कि वर्ष 2004-05 से 2013-14 के दौरान बिहार को कर मद में लगभग 280 लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे, जबकि पिछले 11-12 वर्षों में यह राशि बढ़कर लगभग 12.90 लाख करोड़ रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि जीएसटी और केंद्र सरकार की नीतियों ने बिहार की वित्तीय स्थिति को मजबूती दी है और राज्य की विकास क्षमता को नई ऊर्जा प्रदान की है। आज 3.17 लाख करोड़ रुपये के बजट वाले बिहार को केंद्र सरकार का निरंतर सहयोग मिल रहा है, जिससे विकास कार्यों को गति मिली है।

सीएम ने कहा कि आज बिहार देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है, जहां गांव-गांव तक बिजली पहुंच चुकी है और ग्रामीण सड़क संपर्क में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ग्रामीण सड़कों की लंबाई लगभग 1.20 लाख किमी पहुंच चुकी है। 100 से अधिक आबादी वाले सभी टोलों को पक्की सड़क से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही बिहार में पटना-पूर्णिया, बक्सर भागलपुर, आमस दरभंगा, गोरखपुर-सिलीगुड़ी, रक्सौल-हल्दिया तथा वाराणसी-गया-कोलकाता एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर जैसे बड़े संपर्क मार्गों पर कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। गंगा नदी पर 7 नए पुलों का निर्माण पूरा हो चुका है तथा 7 अन्य पुल निमाणाधीन हैं। औंटा-सिमरिया गंगा पुल और पटना-आरा-सासाराम फोरलेन कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं ने उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच संपर्क को नई मजबूती दी है। सीएम ने कहा कि देशभर में 50 लाख घरों तक सौर ऊर्जा पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। आधारभूत संरचना का उल्लेख करते हुए सीएम ने कहा कि आजादी के बाद देश में जहां केवल 74 एयरपोर्ट थे, वहीं आज उनकी संख्या 100 से अधिक हो चुकी है। बिहार में पटना, दरभंगा और पूर्णिया के साथ-साथ सहरसा, बीरपुर, मुजफ्फरपुर रक्सौल, वाल्मीकिनगर और अन्य स्थानों पर हवाई संपर्क विस्तार की दिशा में तेजी से काम चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे अवसंरचना के विकास के लिए बिहार को लगभग 1 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं मिली हैं तथा 198 रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास किया जा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि सरकार ने 20 नवंबर को अपने एक वर्ष पूरे होने तक बिहार में 5 लाख करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सीएम ने कहा कि उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। पहले उद्योग लगाने के लिए 33-34 प्रकार की अलग-अलग स्वीकृतियां लेनी पड़ती थीं, लेकिन अब 30 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की जा रही है। कोई भी निवेशक आवेदन करेगा तो निर्धारित अवधि के भीतर उसे आवश्यक स्वीकृतियां स्वतः उपलब्ध हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भी तेजी से प्रगति हुई है। राजगीर तथा मुंगेर को डिफेंस कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। स्वास्थ्य क्षेत्र का उल्लेख करते हुए सीएम ने कहा कि बिहार में मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। पहले जहां 9-10 मेडिकल कॉलेज थे, वहीं अब 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं तथा 21 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज निमार्णाधीन हैं। दरभंगा एम्स, मुजफ्फरपुर का होमी भाभा कैंसर अस्पताल तथा पीएमसीएच विस्तार जैसी परियोजनाएं स्वास्थ्य क्षेत्र में नए युग की शुरूआत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत बिहार के 4 करोड़ से अधिक नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिला है तथा 82 हजार करोड़ रुपये से अधिक के मुफ्त इलाज का लाभ उपलब्ध कराया गया है। सीएम ने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास को भी नई प्राथमिकता दी गई है। शिक्षा बजट बढ़कर 77,890 करोड़ रुपये हो चुका है। राज्य में लगभग 6 लाख शिक्षक और 94 हजार विद्यालय हैं। हर पंचायत में उच्च विद्यालय स्थापित करने की दिशा

# बेगूसराय: सड़क हादसे पर तीन थाना प्रभारी समेत चार की मौत

## 100 की स्पीड में कार ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर





**बेगूसराय (एनएसबी)।** बेगूसराय जिले में गुरुवार की देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में मधेपुरा जिले के तीन थाना प्रभारी भी शामिल थे। इस दुर्घटना को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दुख व्यक्त किया है।

हादसा एनएच-31 पर रात 12.30 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि गाड़ी की स्पीड 100 से ज्यादा थी। किसी वजह से बैलेंस बिगड़ा और सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी।ट्रक सड़क के किनारे खड़ा था। गाड़ी बंद थी, इसलिए पीछे कोई लाइट भी नहीं जल रही थी। टक्कर लगते ही पुलिस वालों की गाड़ी के आगे का हिस्सा साफ हो गया। सभी थाना प्रभारी पटना से ट्रेनिंग कर मधेपुरा लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के बखड्डा स्थित एनएच-31 के पास तेज रफ्तार कार ने एक ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसका आधा हिस्सा ट्रक के पिछले हिस्से में फंस गया। कार में मधेपुरा जिले में तैनात तीन थाना प्रभारी सवार थे। सभी पटना से एकदिवसीय प्रशिक्षण लेकर मधेपुरा लौट रहे थे।

### सीएम सम्राट चौधरी ने हादसे पर जताया दुख

**पटना।** बिहार के बेगूसराय जिले में शुक्रवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में मधेपुरा जिले के तीन थाना प्रभारी भी शामिल थे। इस दुर्घटना को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बेगूसराय में हुए भीषण सड़क हादसे में तीन थाना प्रभारियों और वाहन चालक के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है।

# कोलकाता : सरकारी बिल्डिंग में लगी आग, 4 हजार ईवीएम जलीं

## मंत्री बोले-10 सीटों पर इस्तेमाल हुईं, साजिश की आशंका, TMC, AAP बोली-भाजपा जवाब दे



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक सरकारी बिल्डिंग में आग लगने से करीब 4 हजार ईवीएम जल गईं। ये मशीनें विधानसभा चुनाव में 10 सीटों पर इस्तेमाल की गई थीं। घटना के बाद टीएमसी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने सवाल उठाए हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री कौशिक चौधरी ने कहा कि आग सामान्य नहीं लगती। केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बिल्डिंग में दक्षिण 24 परगना जिला परिषद समेत कई सरकारी दफ्तर हैं। आग पर पूरी तरह काबू पाने में करीब 24 घंटे लगे।

**TMC बोली- चुनाव आयोग हमेशा सवालों से नहीं बच सकता :** TMC ने पर आग का वीडियो शेयर कर लिखा, "चुनाव आयोग हमेशा सवालों से बच नहीं सकता। EVM और CCTV फुटेज को सुरक्षित रखने के लिए पहले अदालत का दरवाजा खटखटाया गया था। फिर ऐसी घटना कैसे हो गई? क्या यह सिर्फ एक हादसा था या अहम सबूतों को मिटाने की सुनियोजित कोशिश? TMC ने दावा किया कि आग में नष्ट हुई मशीनें कस्बा, जादवपुर, बेहाला ईस्ट, बेहाला वेस्ट, मेटियाबुरुज, सतगछिया और डायमंड हार्बर सब-डिवीजन की कई विधानसभा सीटों से जुड़ी थीं। कांग्रेस ने कहा- सरकार और चुनाव आयोग को यह साफ करना चाहिए कि आग कैसे लगी और नौवीं-दसवीं मंजिल तक कैसे पहुंची?

# 15 हजार रुपए घूस लेते राजस्व कर्मचारी धराया

**नवादा (एनएसबी)।** नवादा सदर अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी सुजीत कुमार को निगरानी विभाग की टीम ने शुक्रवार को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया। निगरानी विभाग के डीएसपी नरेंद्र कुमार ने बताया कि शंकर पासवान नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी जमीन के परिमार्जन (सुधार) के कार्य के लिए राजस्व कर्मचारी द्वारा 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत की सत्यता की जांच के बाद निगरानी विभाग ने जाल बिछाया और शिकायतकर्ता के माध्यम से रिश्वत की राशि दिलवाई। इसी दौरान टीम ने सुजीत कुमार को रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद निगरानी विभाग की टीम आरोपी को अपने साथ लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई। डीएसपी नरेंद्र कुमार ने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है। यदि जांच के दौरान किसी अन्य अधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में बदमाशों की अंधाधुंध फायरिंग से दो पुलिसकर्मी जखमी

**फुलवारीशरीफ/पटना (एनएसबी)।** पटना से सटे मसौढ़ी थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम अपराधियों ने दुस्साहस का बड़ा परिचय दिया। गुप्त सूचना के आधार पर स्मैक तस्करों और अपराधियों को दबोचने गई पुलिस टीम पर बदमाशों ने अचानक अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस अचानक हुए हमले में मसौढ़ी थाना के अपर थानाध्यक्ष (एडिशनल एसएचओ) राहुल कुमार और सब-इंस्पेक्टर संजय कुमार गोली लगने से घायल हो गए। दोनों घायल पुलिस अधिकारियों को स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए तत्काल पटना एम्स (AIIMS) रेफर किया गया है।

**गुप्त सूचना के आधार पर पहुंची थी पुलिस टीम :** प्राप्त जानकारी के अनुसार, मसौढ़ी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मनी चक तालाब के पश्चिमी इलाके में भारी मात्रा में स्मैक तस्कर और कुछ कुख्यात अपराधी किसी बड़ी अवैध गतिविधि या डील को अंजाम देने के लिए जुटे हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और मामले के सत्यापन के बाद मसौढ़ी थाना की एक विशेष टीम मौके पर छापेमारी करने पहुंची।



### घेराबंदी होते ही अपराधियों ने खोल दिया मोर्चा

पुलिस टीम जैसे ही तस्करों के ठिकाने पर पहुंची, वहां मौजूद अपराधियों में हड़कंप मच गया और वे भागने का प्रयास करने लगे। मुस्तैद पुलिस टीम ने जब चारों तरफ से घेराबंदी कर उन्हें सरेंडर करने को कहा, तो अपराधियों ने खुद को घिरता देख सीधे पुलिस टीम पर ही ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दीं।

# शूटर जसपाल राणा का निधन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व शूटर और दिग्गज शूटिंग कोच जसपाल राणा का शुक्रवार को 49 साल की उम्र में निधन हो गया। जसपाल एशियाई खेलों के पूर्व गोल्ड मेडलिस्ट थे और ओलंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर की सफलता में भी उनका अहम योगदान रहा। रिपोर्ट्स के अनुसार,जसपाल म्यूनिख में हुए आईएसएसएफ वर्ल्ड कप के बाद जर्मनी से लौट रहे थे और इस दौरान उनकी अचानक से तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह मौजूदा समय में भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के हाई परफॉर्मेंस कोच के रूप में काम कर रहे थे। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में दो गोल्ड और दो सिल्वर मेडल जीतने में सफल रही थी। जसपाल ने अपने करियर के दौरान एशियाई खेलों, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियाई चैंपियनशिप में कई मेडल जीते और भारत के दमदार शूटर के तौर पर विश्व में अपनी पहचान बनाई।



# स्पीकर से मुलाकात से पहले टीएमसी के बागी सांसदों की अहम बैठक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसदों के बागी गुट की एक महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। राजनीतिक गलियारों में इस बैठक को बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसके अगले ही दिन सोमवार को स्पीकर से मुलाकात का कार्यक्रम तय है। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। माना जा रहा है कि स्पीकर से मुलाकात से पहले बागी गुट अपनी आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा करेंगे और भविष्य की राजनीतिक दिशा तय करेंगे। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि लोकसभा स्पीकर से होने वाली मुलाकात से पहले यह बैठक बेहद निर्णायक साबित हो सकती है। सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि बैठक के बाद बागी सांसद कौन सा अगला कदम उठाते हैं और उनकी रणनीति किस दिशा में आगे बढ़ती है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर राजनीतिक विश्लेषकों के बीच चर्चा तेज है।

# नीट-यूजी री-एग्जामम अब सवा घंटे का होगा




**4 रफ वर्क शीट मिलेंगी, एनटीए ने जारी की गाइडलाइंस**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने नीट यूजी री-एग्जाडम में कुछ बदलाव किए हैं। नए नोटिस के तहत, परीक्षा का समय अब 180 मिनट से बढ़ाकर 195 मिनट कर दिया गया है। इसके अलावा आंसर शीट में रफ वर्क के लिए भी जगह बढ़ाई गई है। नीट-यूजी 2026 इस साल पेपर लीक के चलते रद्द कर दिया गया था। रीएग्जााम अब 21 जून को आयोजित किया जाना है जिसे लेकर नए बदलाव किए गए हैं।

एनटीए के अनुसार, नीट यूजी 2026 री-एग्जाम का समय अब दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक रहेगा। यानी कुल 195 मिनट (3 घंटे 15 मिनट) का समय मिलेगा। इन अतिरिक्त 15 मिनट में परीक्षा शुरू होने से पहले की औपचारिकताएं जैसे अटेंडेंस शीट पर साइन करना, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन और अन्य सुरक्षा प्रक्रियाएं शामिल हैं। यहां नीट यूजी परीक्षा से जुड़ी हर जानकारी देख लें।

**लॉकडाउन में रहेंगे पेपर सेटर्स :** परीक्षा होने तक पेपर सेटर्स को कड़े प्रतिबंध का पालन करना होगा। उन्हेंर 21 जून तक लॉकडाउन में रखा जाएगा ताकि पेपर लीक होने की आशंका न रहे। एग्जाम आयोजन के लिए देश भर के 551 शहर और विदेशों में 14 शहरों को चुना गया है। अधिकारियों के अनुसार एग्जाम से संबंधित सभी काम जैसे प्रश्नों की सेटिंग, ट्रांसलेशन, प्रिंटिंग, पैकेजिंग, स्टोरेज से लेकर ट्रांसपोर्टेशन और डिस्ट्रिब्यूशन की कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# खगड़िया में चलती ट्रेन में गोलीबारी

**परिवहन विभाग की अधिकारी के पति को सीने में मारी गोली**

**खगड़िया (एनएसबी)।** चलती ट्रेन में गोलीबारी की घटना सामने आयी है। अपराधियों ने परिवहन विभाग की अधिकारी के पति को सीने में गोली मारकर जख्मी कर दिया है, जिसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है.घटना जन साधारण एक्सप्रेस में सहरसा रेलखंड के मानसी और बदला घाट स्टेशन के बीच गुरुवार की रात 8:30 बजे की है. जानकारी के अनुसार, गुंजन गोड्डा से सुपौल अपनी पत्नी अस्मिता कुमारी के पास जा रहे थे. ट्रेन में अचानक कुछ बदमाश घुस आए और यात्रियों से सामानों की लूटपाट करने लगे.देव कुमार ने इसका विरोध किया. पहले तो बदमाशों ने उन्हें चुप रहने की धमकी दी, लेकिन जब वे नहीं माने तो एक बदमाश ने कट्टा निकालकर उनके सिर पर तान दिया. देव ने हथियार हटाने की कोशिश की, तभी बदमाश ने उनके सीने में गोली मार दी।

# चन्दनपट्टी स्थित यामाहा बाइक एजेंसी में प्रबंधक की हुई हत्या

**दरभंगा (एनएसबी)।** एपीएम थाना क्षेत्र के चन्दनपट्टी स्थित यामाहा बाइक एजेंसी में शुक्रवार को धावा बोलकर दो बदमाशों ने रॉड और बाइक के शॉकर से पीट पीटकर वहां के प्रबंधक की हत्या कर दी। घटना की अंजाम देने के बाद दोनों फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेजा।

मृतक की पहचान लहेरियासराय थाना क्षेत्र के पुरानी मुसफी निवासी मो. असद अहमद के पुत्र मो. फैज अहमद(35) के रूप में की गयी है। उनके सिर और गले पर धारदार हथियार से हमले के निशाब है। उनकी मौत की खबर सुनकर पोस्टमार्टम हाउस परिसर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। परिजन कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए बदमाशों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। जानकारी के अनुसार मो.फैज नमाज पढ़ने के बाद शोरूम में बैठे थे। इसी बीच शान करीब चार चेहरा ढंके हुए दो बदमाश अंदर घुस आए और मो .फैज पर रॉड से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसके बाद बाइक के शौकर से उनके सिर पर जोड़दार वार किया। लहूलुहान होकर उन्होंने मौके पर दम तोड़ दिया। हालांकि जांच के लिए उन्हें डीएमसीएच पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता कि बदमाश मो.फैज की स्कूटी पर सवार होकर बहेड़ी की ओर फरार हो गए। घटना के बाद चन्दनपट्टी में लोगों के बीच दहशत है। सदर एसडीपीओ वन राजीव कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या आपसी रंजिश में घटना को अंजाम देने की बात आ रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# राष्ट्र सेविका समिति की बहनों ने निकाला पथ संचलन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्र सेविका समिति की बहनों का पथ संचलन 12 जून को सायं 5 बजे से राजेन्द्र नगर स्थित शाखा मैदान से निकलकर लोहानीपुर, कांग्रेस मैदान, नाला रोड, दिनकर गोलबंर से होते हुए पुनः शाखा मैदान पर आकर समाप्त हुआ। इस पथ संचलन में 150 बहनें पूर्ण गणवेश में शामिल हुई। इस दौरान विभित्र जगहों पर महिलाओं द्वारा पथ संचलन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत भी किया गया।

विदित हो कि भारत माता को पुन विश्व गुरु के सिंहासन पर आरुढ़ करने के लिए व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के कार्य में विगत 90 वर्षो से राष्ट्र सेविका समिति साधनारत है। इस वर्ष राष्ट्र सेविका समिति, बिहार क्षेत्र का संघ शिक्षा वर्ग 30 मई से मरचा मरची रोड स्थित केशव सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल, केशवपुरम पटना चल रहा है। यह वर्ग 14 जून को समाप्त हो जाएगा। इस पथ संचलन में शांता कुमारी, समिति के वंदनीय प्रमुख संचालिका, सुनिता जी, कमला सिंह, इंद्रिरा तिवारी एवं अन्य गणमान्य बहनों ने भाग लिया।



शाखा मैदान पर राष्ट्र सेविका समिति की बहनों का पथ संचलन।

# डा अशोक कुमार ज्योति केंद्र में बने हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य

**साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष ने अपने सदस्य की इस उपलब्धि पर दी बधाई और शुभकामनाएँ**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्थायी समिति के सदस्य डा अशोक कुमार ज्योति को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की हिन्दी-सलाहकार-समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। दरभंगा जिले के ढाँगा ग्राम निवासी डा. ज्योति संप्रति काशी हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस में हिन्दी विभाग में प्राध्यापक हैं। सदस्यीय इस समिति के अध्यक्ष जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल तथा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री वी सोमन्ना तथा राजभूषण चौधरी हैं। शेष सदस्यों में लोकसभा एवं राज्य सभा के दो-दो सदस्य एवं वरिष्ठ अधिकारीगण सम्मिलित हैं। डा ज्योति विगत तीन दशकों से हिन्दी भाषा और साहित्य की सेवा में संलग्न हैं। उनकी लिखित, संपादित और अनुदित पुस्तकें हिन्दी को समृद्ध कर रही हैं। फिजी में आहुत हुए वें विश्व हिन्दी सम्मेलन सहित मौरिशस, मलेशिया, सिंगापुर और नेपाल में सरकारी प्रतिनिधि मण्डल के रूप में यात्राएँ कर आपने हिन्दी के विश्विक-प्रचार में भी योगदान किया है। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन से छात्र-जीवन से ही जुड़े हुए थे तथा एक समर्पित कार्यकर्ता की तरह सम्मेलन की सेवा की। वे लम्बे समय से सुलभ साहित्य अकादमी, दिल्ली से भी उसके उपाध्यक्ष के रूप में जुड़े हुए थे। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएँ दी है। बधाई देने वालों में बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो अरुण कुमार भगत, डा शंकर प्रसाद, प्रो राजेंद्र गुप्ता, प्रो अनीता, पूर्व विधायक डा इजहार अहमद, प्रो रचना सुचिन्मयी, प्रो शिव कुमार यादव, डा शिप्रा शर्मा, डा प्रिया, डा अरुण कुमार, कुमार अनुपम, डा पूनम आनन्द, डा पुष्पा जमुआर, विभारानी श्रीवास्तव, कृष्ण रंजन सिंह, ई बाँके बिहारी साव, प्रवीर कुमार पंकज, इंदुभूषण सहाय आदि के नाम सम्मिलित हैं।



डा अशोक कुमार ज्योति।

# विद्यार्थियों ने किया बिहार संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर, अनीसाबाद, पटना द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन दिवस पर शिविर में भाग ले रहे विद्यार्थियों को बिहार संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बिहार के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्ति तथा ऐतिहासिक धरोहरों से परिचित कराना था, ताकि वे अपने राज्य की विरासत को निकट से समझ सकें और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक बन सकें।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संग्रहालय में प्रदर्शित प्राचीन मूर्तियों, ऐतिहासिक दस्तावेजों, पुरातात्विक अवशेषों, लोक कला एवं बिहार की सांस्कृतिक विरासत से संबंधित विभिन्न प्रदर्शनों का अवलोकन किया। संग्रहालय में उपलब्ध आधुनिक तकनीकों एवं इंटरैक्टिव गैलरियों ने बच्चों को इतिहास को रोचक एवं जीवंत रूप में समझने का अवसर प्रदान किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री अंकिता कुमारी ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन के अनुभवों एवं ऐतिहासिक स्थलों के माध्यम से भी सीखने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान, जिज्ञासा तथा रचनात्मक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विद्यालय की निदेशिका सुश्री उषा कुमारी ने अपने संदेश में कहा कि कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन शिविर का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानवर्धक एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित गतिविधियों से जोड़ना था, जिसमें विद्यालय को पूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई दी।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएँ "निक्की सिंह, स्मृति कुमारी एवं रिया" तथा विद्यालय की समन्वयक "रीता जी" भी उपस्थित रहीं। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें संग्रहालय में प्रदर्शित ऐतिहासिक तथ्यों एवं धरोहरों की जानकारी प्रदान की। बिहार संग्रहालय भ्रमण के उपरांत विद्यालय परिसर में आयोजित समापन समारोह में ग्रीष्मकालीन शिविर में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को समर कैंप पूर्णता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रमाण-पत्र प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी और उत्साह से खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने शिविर के अपने अनुभव भी साझा किए तथा विभिन्न गतिविधियों से प्राप्त सीख के बारे में बताया।




कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर, अनीसाबाद, पटना द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन दिवस पर शिविर में भाग ले रहे विद्यार्थियों को बिहार संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

## खबरें : एक नजर में

### बियाडा की परियोजना समाशोधन समिति की बैठक अब प्रत्येक दूसरे सप्ताह के बृहस्पतिवार को प्रातः 11: 30 बजे हाइब्रिड मोड में होगी आयोजित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार ने निवेशकों एवं उद्यमियों को अधिक सुविधा प्रदान करने तथा औद्योगिक परियोजनाओं से संबंधित प्रस्तावों के त्वरित निष्पादन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत परियोजना समाशोधन समिति की बैठकें अब प्रत्येक दूसरे सप्ताह के बृहस्पतिवार को प्रातः 11: 30 बजे - उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आयडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) में आयोजित की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में बैठकें वैकल्पिक मंगलवार को आयोजित की जाती थीं। निवेशकों की आवश्यकताओं, प्रक्रियाओं के सरलीकरण तथा प्रस्तावों के समयबद्ध निस्तारण को ध्यान में रखते हुए बैठकों के आयोजन दिवस में यह परिवर्तन किया गया है।

### राज्य की सभी 13 परंपरागत विश्वविद्यालयों के लिए वेतन और पेंशन की राशि जारी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** उच्च शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को राज्य के सभी 13 परंपरागत विश्वविद्यालयों के लिए 3 माह के वेतन, पेंशन और सेवांत लाभ की राशि 999.84 करोड़ रुपये जारी कर दिया। इस राशि से सभी विश्वविद्यालयों में कार्यरत, सेवानिवृत शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मियों के मार्च माह से लेकर मई 2026 तक का वेतन, पेंशन और सेवांत लाभ का भुगतान किया जाएगा। इस संबंध में उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. एनके अग्रवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय के अंतर्गत राज्य के सभी परंपरागत विश्वविद्यालयों, अधीनस्थ अंगीभूत महाविद्यालयों तथा अल्पसंख्यक और घाटानुदानित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन और सेवांत लाभ के भुगतान हेतु वेतनादि गैरवेतनादि मद में भुगतान के लिए 999.84 करोड़ रूपये जारी किया गया है। इसमें पटना विश्वविद्यालय के लिए 67.08 करोड़, मगध विश्वविद्यालय के लिए 147.28 करोड़, बीआरए विश्वविद्यालय को 146.09 करोड़, जय प्रकाश विश्वविद्यालय को 72.96 करोड़, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय को 68.14 करोड़, बीएन मंडल विश्वविद्यालय को 71.3 करोड़, तिलका मांझी विश्वविद्यालय को 93.29 करोड़, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को 144.09 करोड़, केएसडीएस विश्वविद्यालय को 32.59 करोड़, मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय को 2.08 करोड़, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय को 101.34 करोड़, पूर्णियां विश्वविद्यालय को 33.31 करोड़, और मुंगेर विश्वविद्यालय को 20.29 करोड़ रुपये जारी किया गया है।

# मनरेगा में 99,011 लाख रुपए जारी, अब आसान होगा गांवों का विकास : मंत्री

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम (मनरेगा) के तहत केन्द्रांश के रूप में 74,559.77 लाख (सात अरब पैंतालीस करोड़ उन्सठ लाख सतहत्तर हजार) एवं राज्यांश मद से 24,45222 लाख (दो अरब चौवालीस करोड़ बावन लाख बाईस हजार) रुपये जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरीके से दोनों राशि को मिलाकर कुल 99,01199 लाख (नौ अरब नब्बे करोड़ ग्यारह लाख निन्यानवे हजार) रुपये का मदर सेंक्शन प्राप्त हुआ है। इस राशि से राज्य के सभी 38 जिलों में अलग-अलग विकास कार्यो को संपन्न कराया जाएगा।

मंत्री श्री कुमार ने यह पूरी जानकारी शुक्रवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य आजीविका सुरक्षा को सुदृढ़ करने के साथ टिकाऊ परिसम्पति का सृजन कर ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना है। योजना में प्रत्येक परिवार के इच्छुक वयस्क सदस्यों को काम मांगने पर एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन का अकुशल मजदूरी देने का प्रावधान है। योजनान्तर्गत मजदूरी मद में राज्य के अकुशल श्रमिकों के लिए निर्धारित मजदूरी दर के अनुरूप व्यय राशि का शत-प्रतिशत और सामग्री मद में निर्धारित सीमा के अधीन 75 प्रतिशत राशि का वहन केन्द्र सरकार करती है जबकि 25 प्रतिशत राशि का वहन राज्य सरकार की ओर से किया जाता है।

ग्रामीण विकास विभाग के माननीय मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक जी-31011/9/2026-आरइ-वी (396105) सीरियल नंबर 24 दिनांक 08-05-2026 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम अंतर्गत एसएनए स्पर्श के तहत मदर सेंक्शन के रूप में सामग्री मद में कुल 73,356.67 लाख (सात अरब तैंतीस करोड़ छप्पन लाख सड़सठ हजार) एवं पत्रांक जी-31011/ 9/2026-आरइ-वी (396105) सीरियल नंबर 23 दिनांक 08-05-2025 के द्वारा प्रशासनिक मद में 1,203.10 लाख (बारह करोड़ तीन लाख दस हजार) रुपये उपलब्ध कराया गया है।

मनरेगा के अंतर्गत एसएनए स्पर्श के तहत मदर सेंक्शन के रूप में भारत सरकार से सामग्री मद में प्राप्त कुल 73,35.67 लाख (सात अरब तैंतीस करोड़ छप्पन लाख सड़सठ हजार) रुपये की राशि के आनुपातिक 75रू25 देय राज्यांश की राशि कुल 24,452.22 (दो अरब चौवालीस करोड़ बावन लाख बाईस हजार) रुपये है। उन्होंने बताया कि इस भारी भरकम की राशि के जारी होने से विकास कार्यो को कराने में आ रही बाधा अब दूर होगी एवं योजना क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि विभागीय पदाधिकारियों को इच्छुक लोगों के आवेदन प्राप्त होने के बाद निर्धारित दिन के अंदर जब कार्ड उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।



ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार।

**ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार ने दी जानकारी, कहा-श्रमिकों के जब कार्ड के लिए अफसरों को दिए हैं सख्त निर्देश**

# रोजगार, शिक्षा और निवेश को नई गति, नीतीश मॉडल से आगे बढ़ रहा बिहार : जद (यू)

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम, प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार एवं मीडिया पैनलिस्ट डा मधुरेंदु पांडेय ने जारी बयान में कहा कि बिहार आज एक नए आत्मविश्वास, नई सोच और विकास के नए प्रतिमानों के साथ आगे बढ़ रहा है। नीतीश कुमार की विकासोन्मुखी सोच ने राज्य को शिक्षा, रोजगार, बुनियादी ढांचे और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में नई उंचाइयों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया है। राज्य सरकार द्वारा 7 निश्चय-3 के तहत उठाए जा रहे कदम बिहार के समग्र विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। नए डिग्री कालेजों की स्थापना, मॉडल स्कूलों का विस्तार, युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का निर्माण, आधुनिक ग्रीनफील्ड टाउनशिप की परिकल्पना तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना जैसे ऐतिहासिक निर्णय बिहार को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। नीतीश कुमार ने हमेशा यह सुनिश्चित किया कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। यही कारण है कि शिक्षा के बेहतर अवसर, युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार की संभावनाएं, उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तथा पर्यटन के क्षेत्र में नई संभावनाओं का सृजन आज बिहार की नई पहचान बन रहा है। हरित विकास और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए राज्य में हरियाली बढ़ाने तथा सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए भी अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं। आज बिहार केवल विकास की बात नहीं कर रहा, बल्कि विकास के परिणाम भी दिखा रहा है। राज्य में बढ़ते निवेश, मजबूत होती आधारभूत संरचना, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में हो रहे विस्तार तथा युवाओं के लिए सृजित हो रहे नए अवसर इस बात के प्रमाण हैं कि बिहार संकल्प से सिद्धि की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। नीतीश कुमार के शासनकाल में बिहार ने सुशासन, सामाजिक न्याय और विकास के जिस मडल को स्थापित किया है, वह देश के लिए भी एक प्रेरणा है। नया बिहार आज आत्मनिर्भरता, रोजगार, शिक्षा और समावेशी विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षो में यह प्रगति राज्य को नई उपलब्धियों तक पहुंचाने का कार्य करेगी।



हिमराज राम।

# जीवन को दिशा मिलती है, तब वह श्रीमद्भागवत कथा बन जाती है : कथा वाचक पंडित दीनदयाल पाठक जी महाराज

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कथा वाचक पंडित दीनदयाल पाठक जी महाराज ने छोटी खगौल में श्रीमद्भागवत कथा वाचन करते हुए कहा कि जब कथा केवल शब्द नहीं रहती, बल्कि जीवन को दिशा देने लगती है, तब वह श्रीमद्भागवत कथा बन जाती है।

श्रीमद् भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों, भगवान श्रीष्ण की मधुर लीलाओं तथा सनातन धर्म के गूढ़ रहस्यों का सरल एवं प्रभावशाली वर्णन सुनने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है युवा कथावाचक पंडित दीनदयाल पाठक जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की इस पावन यात्रा में जुड़कर अपने जीवन को आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सकारात्मक चिंतन से आलोकित करें।



कथा वाचक पंडित दीनदयाल पाठक जी महाराज छोटी खगौल में श्रीमद्भागवत कथा वाचन करते हुए।

## खबरें खास-खास

### 26 जून स्वामी सहजानंद सरस्वती की 77 वीं पुण्य तिथि पर किसान आंदोलन का होगा शंखनाद

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम पटना में संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार की संचालन समिति और स्वामी सहजानंद सरस्वति आश्रम समिति द्वारा आयोजित चिंतन शिविर में, 26 जून को स्वामी सहजानंद सरस्वती की 77 वीं पुण्यतिथि को ऐतिहासिक समारोह बनाने का सर्व सम्मति से फैसला लिया गया। इस अवसर पर किसानों की समस्या, किसान आंदोलन और स्वामी सहजानंद सरस्वती की प्रासंगिकता पर एक विशाल सेमिनार आयोजित होगा। सेमिनार में बिहार के किसानों के ज्वलंत मुद्दे,किसान विरोधी सरकारी नीति और किसान आंदोलन की चुनौतियाँ विशेष पर विशेष चर्चा होगी। खासकर ग्रीन सेटेलाइट टाउन के नाम पर किसानों की उपजाऊ जमीन छीनकर अडानी के हवाले बिहार को सुपुर्द करने की डब्ल इंजन की सरकार की सुनियोजित साजिश पर रोष व्यक्त करते हुए, इसे सरकार अविलंब वापस ले, वर्ना 26 जून को स्वामी जी की पुण्यतिथि पर भीषण संघर्ष का हुंकार होगा। चिंतन शिविर को किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह ,दिनेश कुमार, रामायण सिंह,बृजेश राय, वशिष्ठ सिंह, ट्रस्ट के अध्यक्ष पूर्व सांसद गिरिजा देवी, सचिव प्रो सुधीर कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, किसान नेता मुन्ना तिवारी, भोला यादव, अश्विनी चौबे, प्रदीप प्रियदर्शी,अमेरिका महतो,सत्येंद्र कुमार सिंह,शशि कुमार आदि ने संबोधित किया।चिंतन शरीर की अध्यक्षता वयोवृद्ध किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती के शिष्य बैजनाथ शर्मा ने की।सर्व प्रथम युवा किसान नेता ऋषक राज के साथ तीन अन्य युवा साथियों की असामयिक मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा दो मिनट खड़ा होकर मौन धारण किया गया।उनके शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने तथा ऋषक राज के दादा जी से मिलकर संयुक्त किसान मोर्चा बिहार की ओर से श्री दिनेश कुमार और श्री अशोक प्रसाद सिंह ने उन्हें ढाढस बढाया। शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें शांत्वना दी।इस महा विपत्ति को सहन करने की शक्ति मिले, इसकी कामना की।




संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार की संचालन समिति और स्वामी सहजानंद सरस्वति आश्रम समिति द्वारा आयोजित चिंतन शिविर।

### डिप्टी सीएम विजेंद्र यादव को मोबाइल फोन पर अभद्र भाषा बोलने वाला नहीं धराया, मोबाइल बरामद, पहले पुलिस ने साइबर थाना फोन आने की बात कही थी

**पटना / एनएसबी।** डिप्टी सीएम विजेंद्र यादव को फोन पर अभद्र भाषा बोलने और अपशब्द बोलने के मामले में पुलिस बदमाश को नहीं दबोच सकी सिर्फ मोबाइल बरामद किया है। साइबर डीएसपी ने पहले मीडिया को साइबर पुलिस को फोन आने की जानकारी दी थी। जब पत्रकारों ने सवाल किया तब डीएसपी ने डिप्टी सीएम के मामले का खुलासा किया। साइबर डीएसपी नीतीश चन्द्र धारिया के मुताबिक 5 जून को डिप्टी सीएम को दूरभाष (फोन) के माध्यम से अभद्र भाषा एवं अपशब्दों का प्रयोग किए जाने संबंधी शिकायत साइबर थाना, पटना को प्राप्त हुई थी। उक्त शिकायत के आधार पर कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों का संग्रहण एवं विश्लेषण किया गया। अनुसंधान के क्रम में घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन को जप्त कर लिया गया है। प्रकरण में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करते हुए उसके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### 16 जून को पटना नगर निगम के विभिन्न अंचलों में आयोजित होगा सहयोग शिविर

**पटना / एनएसबी।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, पटना नगर निगम द्वारा दिनांक 16 जून 2026 (मंगलवार) को शहर के विभिन्न अंचलों में 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से नागरिक न केवल पटना नगर निगम से संबंधित शिकायतें एवं सुझाव दर्ज करा सकेंगे, बल्कि अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु भी आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

### नगर आयुक्त ने मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

**पटना / एनएसबी।** आगामी मानसून को देखते हुए जलजमाव की समस्या से निपटने तथा जल निकासी व्यवस्था को सुढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पटना नगर निगम के नगर आयुक्त ने शुक्रवार को नूतन राजधानी अंचल के अंतर्गत वार्ड संख्या 3, 4, 9 एवं 10 के विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित वार्डो के पार्षण, अभियंत्रण एवं प्रशासनिक पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने ईको पार्क-2 स्थित ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन, विधानसभा परिसर, आरा गार्डेन, बीआईटी मेसरा परिसर, पुलिस कलोनी अनीसाबाद सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर मानसून पूर्व तैयारियों एवं जल निकासी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बारिश के दौरान किसी भी परिस्थिति में जलजमाव की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित कर ली जाएं।

### रोड रिस्टोरेशन बुडको का कार्य नहीं, निर्माण उपरांत विभाग को ससमय भेजी जा चुकी है सूची

**पटना / एनएसबी।** शहर में बुडको द्वारा शहर में न सिर्फ निर्माण कार्य युद्ध पर पूरा किया जा चुका है। इसके साथ ही नमामि गंगे के तहत दीघा-कंकड़बाग सीवरेज नेटवर्क परियोजना में 'अटल पथ की सर्विस लेन पर 1200 मिमी व्यास की राइजिंग मेन बिछाने का कार्य बुडको द्वारा 30 मई 2026 को पूरा कर रिस्टोरेशन के लिये पत्र भेज दिया गया है'। बुडको ने स्पष्ट किया है कि 'अटल पथ सड़क पुनर्स्थापन का कार्य बुडको के दायरे में नहीं आता'। यह जिम्मेदारी संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी की है। 'मनसून को देखते हुये पुनर्स्थापन में देरी न हो, इसके लिए बुडको ने समय रहते पूरी सूची और राशि उपलब्ध करा दी है।''4 मई 2026' बुडको ने पत्रांक 296 के माध्यम से 'पथ निर्माण विभाग को दीघा और कंकड़बाग क्षेत्र की '3843 मीटर सड़क' के पुनर्स्थापन के लिये भेजा।

# अभिनेता एवं लेखक अखिलेन्द्र मिश्रा को पंडित माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार-2024 हेतु चयनित किए जाने पर मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने दी बधाई

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने बिहार के सुप्रसिद्ध अभिनेता, रंगकर्मी एवं लेखक अखिलेन्द्र मिश्रा को उनकी पुस्तक 'अभिनय, अभिनेता और अध्यात्म' के लिए पंडित माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार-2024 हेतु चयनित किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

अपने शुभकामना संदेश में मंत्री ने कहा कि यह सम्मान केवल अखिलेन्द्र मिश्रा की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं रंगमंचीय परंपरा का भी राष्ट्रीय स्तर पर गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व है। अभिनय और साहित्य जैसे दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों को एक साथ साधते हुए उन्होंने भारतीय रंगकला और सृजनशीलता को नई ष्टि प्रदान की है।

सीवान जिले से संबंध रखने वाले अखिलेन्द्र मिश्रा भारतीय रंगमंच, सिनेमा और टेलीविजन जगत का एक प्रतिष्ठित नाम हैं। रंगमंच से अपने कलात्मक जीवन की शुरुआत करने वाले अखिलेन्द्र मिश्रा ने अभिनय की दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। दूरदर्शन के लोकप्रिय धारावाहिक 'चंद्रकांता' में निभाया गया उनका चर्चित पात्र 'क्रूर सिंह' भारतीय टेलीविजन इतिहास के सबसे लोकप्रिय और स्मरणीय चरित्रों में गिना जाता है।

इसके अतिरिक्त उन्होंने 'सरफरोश', 'लगान', 'द लीजेंड आफ भगत सिंह', 'गंगाजल', 'वीर-जारा', 'अपहरण' सहित अनेक चर्चित फिल्मों तथा विभिन्न धारावाहिकों में अपनी प्रभावशाली अभिनय क्षमता का परिचय दिया है। अपने बहुआयामी अभिनय के माध्यम से उन्होंने देशभर के दर्शकों के बीच एक विशिष्ट स्थान बनाया है।

अभिनय के साथ-साथ साहित्य और चिंतन के क्षेत्र में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी पुस्तक अभिनय, अभिनेता और अध्यात्म अभिनय की प्रक्रिया, कलाकार की आंतरिक साधना तथा सृजनात्मक दृष्टि पर आधारित एक महत्वपूर्ण कृति मानी जा रही है। इसी कृति के लिए उन्हें पंडित माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार-2024 हेतु चयनित किया गया है।

मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि अखिलेन्द्र मिश्रा की यह उपलब्धि बिहार के युवा कलाकारों, रंगकर्मियों और साहित्यकारों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी अपनी रचनात्मक प्रतिभा एवं सांस्कृतिक योगदान से भारतीय कला, साहित्य और रंगमंच को समृद्ध करते रहेंगे तथा बिहार का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।



मंत्री डा. प्रमोद कुमार।



अखिलेन्द्र मिश्रा।

# एनडीए की दिवालिया राजनीति के कारण बिहार कंगाल होने के कगार पर : तेजस्वी

**पटना/ एनएसबी।** तेजस्वी प्रसाद यादव नेता प्रतिपक्ष ने एनडीए सरकार पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि हम सभी में लिए अत्यंत चिंता का विषय है कि एनडीए की दिवालिया राजनीति और दिवालिए नेतृत्व के कारण प्रदेश की बिगड़ चुकी वित्तीय स्थिति, घटता राजस्व, बढ़ता राजकोषीय घाटा, अत्यधिक कर्ज, भारी ब्याज अदायगी तथा खोखली व अदूरदर्शी नीतियों के कारण हमारा बिहार कंगाल होने के कगार पर है। खजाना खाली होने के कारण प्रदेश में अराजकत वित्तीय हालात है।

नौसिखिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार का बजटीय प्रबंधन इतना बुरा, वित्तीय स्थिति इतनी बदतर और परिस्थितियां इतनी भयावह है कि वित्तीय वर्ष के मात्र तीन महीने ही बीते है और सामान्य मासिक पेंशन दिए जाने वाले जैसे रूटीन भुगतान और कार्यो के लिए भी आकस्मिक निधि से करोड़ रुपए की निकासी करनी पड़ रही है।

सरकार को वित्तीय संकट की सच्चाई स्वीकार कर, आम जनता को गुमराह करने के बदले राज्यवासियों को स्पष्टता से बताना चाहिए कि आखिर ऐसी नौबत क्यों आई कि रूटीन भुगतान के लिए नियमित बजटीय व्यवस्था की बजाय आकस्मिकता निधि का सहारा लेना पड़ रहा है

मेरे तथ्यात्मक, वास्तविक, तर्कपूर्ण सवालों का जवाब देने की बजाय एनडीए सरकार भ्रामक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बचकाने कार्य कर रही है।

सरकार में बैठे लोगों को आकस्मिकता निधि के संबंध में सर्वप्रथम संविधान के अनुच्छेद में अंकित प्रावधानों का अवलोकन करना उचित होगा। संविधान के अनुसार, नार्मल और रूटीन मामलों में इस फंड का इस्तेमाल नहीं किया जाना है। राज्य में अचानक आए किसी संकट से निपटने के लिए राज्यपाल इस निधि से अग्रिम राशि की मंजूरी दे सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन दर्जन से अधिक विकास के मुद्दों पर सांसद ने प्रभारी मंत्री का कराया ध्यान आकृष्ट



**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला के प्रभारी 20 सूत्री मंत्री सह बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेंद्र की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर सभागार में दरभंगा जिला 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक में स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने जिले के विकास से संबंधित तीन दर्जन से अधिक मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि भारत सरकार तथा बिहार सरकार के द्वारा प्रायोजित तथा निमाणाधीन योजनाओं के कारण आज दरभंगा के विकास की चर्चा देश स्तर पर एक उदाहरण बना हुआ है। सांसद डा ठाकुर ने प्रभारी मंत्री के समक्ष जिले के जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि दरभंगा एम्स निर्माण में तेजी लाने, डीएमसीएच के सुपरस्पेशलिटी आस्पताल में इंडोर सेवा चालू करने, डीएमसीएच में नाला निर्माण तथा जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ाई की साथ आधारभूत संरचना निर्माण का कार्य तेजी से करने, बुडको के द्वारा निमाणाधीन परियोजनाओं में कार्यो में तेजी लाने से आरओबी निर्माण में तेजी लाने, डब्लू आई टी को केंद्र सरकार के अंतर्गत संचालित करने, पांडसराय से कंगवा गुमटी तक नाला निर्माण तथा सड़क निर्माण करने जैसे अनेक मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराया तथा पहल करने का आग्रह किया।सांसद डा ठाकुर ने पशुपतिनाथ महादेव मंदिर से बैद्यनाथ धाम हाई स्पीड कॉरिडोर को कुशेश्वरस्थान होकर बनाने, सकरी रैयाम तथा लोहट चीनी मिलो को जल्द प्रारंभ करने की पहल करने बिरौल डिग्री कॉलेज में बीएड की पढ़ाई शुरू करने जैसे अहम मुद्दों पर शीघ्र पहल करने का आग्रह करते हुए कहा कि ये विषय दरभंगा के विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

### सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन



**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा परिसदन में भाजपा जिला दरभंगा पश्चिमी द्वारा आयोजित ह्लसेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्षह्व विषयक विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री सह दरभंगा जिला के प्रभारी मंत्री ई कुमार शैलेंद्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री कुमार शैलेंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, जनकल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। प्रदर्शनी में आयुष्मान भारत के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण , जीएसटी, कोविड टीकाकरण अभियान, जी-20 की सफल अध्यक्षता एवं मेजबानी, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, सर्जिकल स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर, सशक्त विदेश नीति, मजबूत अर्थव्यवस्था तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान से संबंधित 150 से अधिक प्रेरणादायी चित्रों एवं प्रदर्श सामग्रियों का अवलोकन किया गया।इस अवसर पर दरभंगा के सांसद डा गोपाजी ठाकुर , पूर्व मंत्री जीवेश कुमार, पूर्व मंत्री हरि साहनी,भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना , विधायक ईश्वर मंडल , विधायक विनय चौधरी सहित भाजपा के जिला पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### टोटो की ठोकर से मासूम की मौत, स्वजन ने लगाया हत्या का आरोप

पड़ोसी टोटो चालक से मृत के परिवार की चल रही पुरानी रंजिश

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिले के कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के मिसी गांव में गुरुवार देर शाम टोटो की ठोकर से एक मासूम की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टोटो को जब्त कर लिया है। वहीं हादसे के बाद चालक परिवार सहित फरार है। मृतक गांव के ही शत्रुघ्न चौपाल का पुत्र 10 वर्षीय पुरुषोत्तम चौपाल है जो दूसरी कक्षा में पढ रहा था। बताया जाता है कि शाम में वह दुकान से सामान लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान घर के समीप पड़ोसी गुरुचरण चौपाल की टोटो से ठोकर लग गई। हादसे में टायर के नीचे कुचले जाने से मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। मृत के चचेरे भाई जापानी चौपाल ने जानबूझकर कर वाहन से ठोकर मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है । बताया कि पड़ोसी फूलो चौपाल के पुत्र गुरुशरण चौपाल से पुरानी पारिवारिक रंजिश है। कुछ दिनों पूर्व ही उसने घर के लोगों को जान से मारने की धमकी दी थी। पुरुषोत्तम चार बहनों का इकलौता भाई था। पिता मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बेटे की असमय मौत से परिवार में मातम पसर गया और स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल बना है।

### देवकीनन्दन ठाकुर दो बारा बने कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष



**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड में कांग्रेस पार्टी को नई ऊर्जा मिली है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता देवकीनन्दन ठाकुर को सर्वसम्मति से दोबारा प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। घोषणा होते ही पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और मिठाइयाँ बाँटीं। प्रखंड चुनाव प्रभारी की उपस्थिति में हुई बैठक में ठाकुर के नाम पर सभी ने सहमति जताई। अध्यक्ष बनने के बाद देवकीनन्दन ठाकुर ने कहा, "संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना और हर कार्यकर्ता की आवाज बनना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। जनता के मुद्दों को लेकर हम सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगे।"उनके पुनर्निर्वाचन पर जिला उपाध्यक्ष, महिला कांग्रेस अध्यक्ष, युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से रामेंद्र कुमार झा, संजय मिश्रा, राहुल झा, चुन चुन झा, मो० परवेज, त्रिपुरारी ठाकुर, हैदर अली खान, रामकुमार झा बबलू आदि शामिल रहे।

### बेनीपुर में गैस एजेंसी की मनमानी पर भाजपा जिला मंत्री ने उठाए सवाल, पथ निर्माण मंत्री को लिखा पत्र

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बेनीपुर में गैस सिलेंडर की किल्लत से जूझ रही जनता की समस्या को लेकर भाजपा दरभंगा पूर्वी के जिला मंत्री संतोष कुमार झा ने पथ निर्माण मंत्री सह दरभंगा जिला प्रभारी मंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में बेनीपुर इण्डेन गैस जी.बी.एम. एजेंसी द्वारा भारी अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया है।संतोष कुमार झा ने अपने पत्र में कहा कि जी.बी.एम. गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को 45 दिन बाद भी बुकिंग करने पर डीएसी नंबर जारी नहीं किया जाता और बुकिंग को होल्ड पर रख दिया जाता है। इसके कारण दो महीने बाद भी उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध नहीं हो पाती और बाद में बुकिंग कैंसिल कर दी जाती है।

### जंगली सूअर-नीलगाय के आतंक से सझुआर के किसान परेशान, मुखिया ने वन विभाग से मांगी राहत

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बेनीपुर प्रखंड के सझुआर पंचायत में जंगली सूअर और नीलगाय के आतंक से किसान तबाह हो गए हैं। फसलें लगातार बर्बाद होने से नाराज ग्रामीणों ने मुखिया के माध्यम से वन विभाग से ठोस कार्रवाई की मांग की है। पंचायत के समस्त कृषक वर्ग ने मुखिया चंदन कुमार झा को सामूहिक पत्र सौंपा। पत्र में किसानों ने बताया कि जंगली सूअर और नीलगाय के झुंड खेतों में घुसकर तैयार फसल को रौंद रहे हैं। ह्लफसल नष्ट होने से हमारी मेहनत पर पानी फिर रहा है और आर्थिक स्थिति बदहाल हो गई हैह्व, पत्र में लिखा गया। रजनीश कुमार मंडल, कुंदन मंडल समेत करीब 20 किसानों ने पत्र पर हस्ताक्षर कर तुरंत कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### दहेज हत्या के दो मामलों में तीन आरोपित गिरफ्तार

**अलीनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में दर्ज दहेज हत्या के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। अलीनगर थाना कांड संख्या 219/25 से जुड़ा है। टीकापट्टी गांव की निवासी मीणा देवी, पति गणेश लाल देव, पर अपनी बहू की दहेज के लिए प्रताड़ना एवं हत्या का आरोप है। घटना के बाद से मीणा देवी फरार चल रही थी। पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं धमसाइन गांव से मो. एजाजुल पिता स्व. अब्दुल गफूर एवं मो. सगीर पिता मो. भोला पर दहेज हत्या का आरोप है। छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है ।थानाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने बताया कि दहेज हत्या जैसे गंभीर अपराधों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# दरभंगा को राज्य में प्रथम जिला बनाने की दिशा में कार्य करें पदाधिकारी: इंजीनियर कुमार शैलेंद्र

**मंत्री ने सभी पंचायत सरकार भवनों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने पर दिया बल**



बैठक में मंत्री सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, डीएम, एसएसपी एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में मंत्री पथ निर्माण विभाग, बिहार सह प्रभारी मंत्री, दरभंगा जिला इंजीनियर कुमार शैलेंद्र की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति 20 सूत्री की बैठक आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार ने प्रभारी मंत्री को पाग,चादर एवं पौधा प्रदान कर मिथिला पद्धति से सम्मानित किए। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। साथ ही उप विकास आयुक्त स्वप्निल एवं अपर समाहर्ता राजस्व मनोज कुमार द्वारा 20 सूत्री समिति के सदस्यों का पाग एवं चादर से स्वागत एवं सम्मानित किया ।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें तथा दरभंगा को राज्य में प्रथम जिला बनाने की दिशा में कार्य करें।उन्होंने जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक को विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित करने का निर्देश दिया। साथ ही सड़क निर्माण में जहां भी बाधाएं हैं, उन्हें अविलंब दूर कर निर्माण कार्य को गति देने एवं अभियंताओं को फील्ड निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

वरीय पुलिस अधीक्षक और एसडीपीओ को थाना स्तर पर औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिए। कौशल कुमार जिलाधिकारी को ह्लदरभंगा को सुसज्जित करने और इसके लिए समग्र विकास हेतु मानचित्र तैयार क्रियान्वित करने का निर्देश दिया। पंचायत सरकार भवनों को पूर्ण रूप से संचालित करने, कर्मियों की नियमित और रोस्टर के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा संबंधित कर्मियों के नाम पंचायत भवनों की दीवारों पर अंकित कराने के निर्देश दिए गए। सभी पंचायत सरकार भवनों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने पर बल दिया गया। कृषि फीडर से संबंधित प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश विद्युत विभाग को दिया गया। किसानों को सिंचाई कार्य हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। उर्वरक वितरण में निर्धारित दर से अधिक राशि लिए जाने की शिकायतों पर चिंता व्यक्त की गई। प्रभारी मंत्री ने रैक प्वाइंट पर जांच कराने एवं जिलाधिकारी को औचक निरीक्षण कराने का निर्देश दिया। तीनों अनुमंडल पदाधिकारियों को गोदामों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया।कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को ईटावा, शिवनगर, पोहदी, महीनाम, पड़री सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित जलमीनारों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी जनप्रतिनिधियों को पीएचईडी द्वारा संचालित योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अलीनगर में चिकित्सक एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति का सुझाव दिया गया।

## 20 सूत्री सदस्य कमलेश मंडल ने उठाए शिक्षा, कृषि और विकास योजनाओं के मुद्दे

**बिससूत्री बैठक में विभागों से मांगा जवाब, एमडीएम जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग**



बैठक में भाग लेते कमलेश मंडल।

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि एवं जदयू के जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार मंडल ने जनहित से जुड़े विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, योजनाओं के क्रियान्वयन और कथित अनियमितताओं को लेकर बिससूत्री की बैठक में कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए। उन्होंने कृषि, शिक्षा, पशुपालन, मनरेगा तथा अन्य विकास योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। बैठक में कमलेश मंडल ने कृषि विभाग के समक्ष किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध नहीं होने, कृषि अनुदान योजनाओं में पारदर्शिता की कमी तथा संसाधनों के वितरण में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता की समीक्षा कर यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि लाभ वास्तविक किसानों तक पहुंचे।शिक्षा विभाग से जुड़े मामलों में उन्होंने कई विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं की कमी, भवन निर्माण कार्यों में देरी, शिक्षकों की उपलब्धता तथा विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े किए। उन्होंने निमैठी उच्च विद्यालय में मात्र 5 कमड़े में लगभग 12 सौ छात्रों को पढ़ने का भी सवाल खड़े किये। विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग और शैक्षणिक व्यवस्था की जांच कराने की मांग की।

बैठक में बहादुरपुर प्रखंड की बरुआरा पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय गोरिया घाट में लगभग एक सप्ताह तक मध्याह्न भोजन योजना बंद रहने का मामला भी प्रमुखता से उठाया गया। कमलेश मंडल ने कहा कि समाचार प्रकाशित होने के बाद जिला एमडीएम समन्वयक द्वारा जांच की गई थी, लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामला जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के संज्ञान में रहने के बावजूद किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने मांग की कि एमडीएम बंद रहने के कारणों की जांच रिपोर्ट अविलंब सार्वजनिक की जाए तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कृत्रिम गभार्धान सेवाओं, पशु स्वास्थ्य सुविधाओं और पशुपालकों को मिलने वाली सरकारी सहायता योजनाओं की स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए विभागीय सेवाओं को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाया जाना आवश्यक है।उन्होंने बहेरी अंचल के निबंधन कार्यालय जो कि अभी बहेरा में संचालित है जो 35 से 40 किलोमीटर दूर है उसे लहेरियासराय निबंधन कार्यालय में शिफ्ट करने की मांग की।इसके अलावा उन्होंने मनरेगा और अन्य ग्रामीण विकास योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता, नियमित निगरानी तथा गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन और संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## जिला 20 सूत्री की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने रखी अपनी बात

**अधिकारियों को आम जनता और प्रतिनिधियों का मोबाइल उठाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश**

**दरभंगा (एनएसबी)।** विधायक जाले ने कृषि फीडर को 10 दिनों के भीतर चालू कराने, पावर ग्रिड एवं सिंहवाड़ा उत्तरी उच्च विद्यालय के भवन लिए भूमि चिन्हित करने का प्रस्ताव रखा। विधायक बेनीपुर प्रोफेसर विनय कुमार चौधरी ने अंटौर क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मति कराने का आग्रह किया। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि रोड को उखाड़े नहीं इससे अवागमन में काफी परेशानी होती है। महापौर द्वारा स्वच्छता कर्मियों के मानदेय वृद्धि तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की द्वितीय किस्त निर्गत करने का सुझाव दिया गया। सांसद दरभंगा डॉ.गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के कारण दरभंगा विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। केंद्र सरकार के द्वारा दरभंगा जिले के पूरे देश में सबसे ज्यादा विकास के लिए राष्ट्रीय राशि आवंटित की गई है।उन्होंने बैठक में दरभंगा एम्स निर्माण में तेजी, डीएमसीएच सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में इंडोर सेवा प्रारंभ करने, डीएमसीएच परिसर को अतिक्रमणमुक्त करने, केंद्रीय विद्यालय की आधारभूत संरचना विकसित करने, बुडको परियोजनाओं एवं आरओबी निर्माण कार्यों में तेजी लाने सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान आकृष्ट कराये।उन्होंने सकरीझरैयाम एवं लोहट चीनी मिलों को पुनः प्रारंभ करने तथा बेनीपुर एवं बिरौल डिग्री कॉलेज में बीएड पाठ्यक्रम शुरू कराने का आग्रह किया। मंत्री मदन सहनी ने कहा कि जिले में जहां भी सड़क निर्माण कार्य लंबित हैं, संबंधित अभियंताओं के साथ बैठक कर उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाए। साथ ही जिन स्थानों पर बोरिंग कार्य हो चुका है वहां पेयजल सुविधा चालू करने का निर्देश दिया। बैठक में सभी विधायक ने जनता की समस्याओं को समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया अधिकारियों को आम जनता और प्रतिनिधियों का मोबाइल उठाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिया ।

कौशल कुमार जिला पदाधिकारी दरभंगा ने बैठक के अंत में सभी आगत अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री एवं विधायक के द्वारा दिए गए निदेर्शों का अधिकारियों के द्वारा अनुपालन पालन कराया जाएगा। बैठक में विधायक दरभंगा ग्रामीण राजेश कुमार मंडल, माननीय विधान पार्षद हरि सहनी, महापौर अंजुम आरा, जिला परिषद अध्यक्षा रेणु देवी, जीवछ सहनी उपाध्यक्ष 20 सूत्री एवं सदस्य अंकुर गुप्ता,देवेंद्र कुमार झा, माधव कुमार मुन्ना, कमलेश कुमार मंडल,भोलानाथ महतो, गजेंद्र प्रसाद सिंह, मृदुला राय, विपुल राज, मुकेश कुमार सुमन, विजय राम,नवाब अख्तर,किशोर कुमार गुप्ता, विजय चौधरी,अभय नंद झा, बालेंदु झा, सपना भारती,रमेश प्रसाद, मणिकांत मिश्र, विनय कुमार पासवान, एसके सुमन,लक्ष्मी पासवान आदि ने भी विभिन्न समस्याओं को रखा।

## नहरों का पानी खेत तक पहुंचे यह सुनिश्चित करें कार्यपालक अभियंता: इंजीनियर कुमार शैलेन्द्र

**पथ निर्माण मंत्री सह जिला के प्रभारी मंत्री ने कहा डूबते लोगों को जान बचाने वाले होंगे सम्मानित**

**दरभंगा (एनएसबी)।** इंजीनियर कुमार शैलेन्द्र मंत्री पथ निर्माण विभाग सह प्रभारी मंत्री दरभंगा जिल की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई।इस अवसर पर मंत्री द्वारा संभावित बाढ़ वर्ष 2026 की कार्ययोजना के लिए पुस्तकाकार निर्देशिका का भी विमोचन किया गया। बैठक में निदेशित किया गया कि प्रत्येक अंचल में 500 पॉलीथीन शीट्स की अतिरिक्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल दरभंगा के कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि नहरों का पानी खेत तक पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। चिन्हित सभी 75 संवेदनशील स्थलों की सूची विधानसभावार बनाकर उपलब्ध करा दे। बचे पुल- पुलियों की ससमय सफाई करवा ली जाए ताकि पानी के बहाव में समस्या नहीं आए। नगर निगम को निदेशित किया गया कि चूंकि दरभंगा जिला जलजमाव से बहुत अधिक प्रभावित होता है सम्प हाउस के निर्माण में प्रगति लाये तथा सक्शन मशीनों की संख्या बढ़ाए। मंत्री ने अपने कर कमलों से द्वारा हाल ही नदी में डुबने से मृत दो व्यक्तियों के आश्रितों को भी अनुग्रह अनुदान का चार चार लाख का चेक दिया गया। वहीं कीरतपुर अंचल के झगुआरा गांव में हुए नाव दुर्घटना में 7 व्यक्तियों को बचाने वाले आपदा मित्र रमेंद्र कुमार को सम्मानित करते हुए उनके नाम को आपदा प्रबंधन पुरस्कार हेतु अनुशंसा करने के लिए निर्देशित किया।

## मुखिया चुनाव की तैयारी कर रही 22 वर्षीय साक्षी कुमारी की गोली मारकर हत्या

**प्रेम विवाह के दो वर्ष बाद पति पर पत्नी की गोली मारकर हत्या करने का गंभीर आरोप**

**मृतिका के पिता ने लगाया दहेज प्रताड़ना में हत्या का गंभीर आरोप**

**दरभंगा (एनएसबी)।** कमतौल थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर पश्चिमी गांव निवासी शिशिर भारद्वाज की पत्नी साक्षी कुमारी 24 वर्ष की गुरुवार देर शाम गोली मारकर हत्या करने से सनसनी फैली हुई है। घटना के बाद से पति सहित अन्य ससुराल के लोग फरार है। कमतौल पुलिस मृतिका के पिता इंजीनियर नीलेश भारद्वाज के आवेदन पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है। इधर शुक्रवार को डीएमसीएच में फरीदाबाद में सपरिवार रहनेवाले मृतिका के पिता नीलेश भारद्वाज ने दामाद शिशिर को पुराना अपराधी बताया और कहा कि वो पूर्व में जेल जा चुका है। उस पर हत्या का मुकदमा दर्ज है। उसी ने दहेज प्रताड़ना में साक्षी को गोली मारकर हत्या की है। ससुराल के अन्य लोगों पर भी उन्होंने गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद से बार-बार पढ़ाई के लिए दरभंगा आने-जाने में साक्षी की जान पहचान दो वर्ष पूर्व शिशिर से हुई। जिसके बाद दोनों ने कोर्ट मैरिज कर लिया। इसके एक महीने बाद ही साक्षी को सास, ससुर, ननद आदि दहेज के लिए उलाहना देने लगे। फिर मारपीट और 20 लाख दहेज लाकर नहीं दोगी तो जान से मार देने की धमकी दी जाने लगी। उन्होंने बताया कि इसका विरोध करने पर सब साक्षी को मारते-पीटते रहते थे। पीजी स्टूडेंट साक्षी कुमारी पढ़लिख सफल कैरियर बनाना चाहती थी। गांव के रिश्ते में भाई शिशिर से लव मैरिज करने के बाद भी फरीदाबाद की आधुनिक आबोहवा में पली-बढ़ी साक्षी की महत्वाकांक्षा कम नहीं हुई।

## जाले विधानसभा में विकास को मिली नई रफ्तार : 53 करोड़ की दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ

**206 करोड़ से अधिक की सड़क योजनाओं से बदल रही क्षेत्र की तस्वीर।**




सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ करते मंत्री साथ में विधायक एवं अन्य।

**जाले (एनएसबी)।** बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्र कुमार शैलेंद्र एवं जाले के विधायक जीवेश कुमार ने शुक्रवार को जाले विधानसभा क्षेत्र में लगभग 53 करोड़ की लागत से बनने वाली दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ शुभारंभ किया। कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम दोघरा बाजार में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर दोघरा-बसंत-रेवढ़ा होते हुए चन्दौना पथ है इसकी लागत उनतीस करोड़ तिराराने लाख पचहत्तर और दुसरी सड़क जलेश्वरी स्थान में नारियल फोड़कर जाले-जोगियारा-मकिया पथ जिसकी लागत तेईस करोड़, दश लाख,तिरसठ हजार की राशि व्यय की जाएगी से चौड़ीकरण कार्य का भी विधिवत शुभारंभ किया गया। विधायक जीवेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व तथा बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मार्गदर्शन में बिहार में आधारभूत संरचना एवं सड़क विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। जाले विधानसभा भी विकास की इस गति का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रही है। वहीं पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेंद्र के नेतृत्व में दरभंगा जिला सहित पूरे मिथिलांचल में सड़क संरचना के विकास को नई दिशा मिली है। कुमार शैलेंद्र जी ने पथ निर्माण मंत्री बनने के बाद आयोजित प्रथम कैबिनेट बैठक में ही बिशनपुर से अतरबेल भरवारा सिंहवारा-जाले होते हुए घोघराहा चट्टी तक जाने वाली अत्यंत महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को लगभग 990 करोड़ की लागत से स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह सड़क दरभंगा जिले के सबसे अधिक व्यस्त एवं भारी यातायात वाले मार्गों में से एक है। प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन इस मार्ग से होता है। दरभंगा, सिंहवारा, भरवारा, अतरबेल एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापारिक गतिविधियों को अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा। जाले विधानसभा क्षेत्र में पथ निर्माण विभाग के माध्यम से 206 करोड़ 97 लाख की लागत क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है और विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने ढढ़िया से धनकौल होते हुए शाहपुर सीमा एस एच 52 तक तथा कटासा से शोभन तक जाने वाली सड़क को पथ निर्माण विभाग में लेकर स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। इसके साथ ही जाले साथी चौक से रेवढ़ा होते हुए जाने वाली सड़क को भेटुआ के समीप एन एच -527सी से जोड़ने की भी मांग रखी। मंत्री कुमार शैलेंद्र ने मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को बुलाकर सभी प्रस्तावित सड़कों की फिजीबिलिटी रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र विभाग को भेजने का निर्देश दिया तथा आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं बल्कि विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक समृद्धि का मजबूत आधार हैं। कार्यक्रम में डॉ. दिव्यांशु शेखर, भाजपा प्रदेश मंत्री अंजनी निषाद, 20 सूत्री अध्यक्ष सह मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार, मंडल अध्यक्ष रामएकबाल मांझी, वीणा मिश्रा, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, अधीक्षण अभियंता, विभाग के अन्य वरीय अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकगण, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### केशवचंद ज्ञान निकेतन के बच्चों ने किया डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा का भ्रमण



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** 12 जून को केशवचन्द ज्ञान निकेतन के बच्चों ने समर कैंप के क्रम में शैक्षणिक परिभ्रमण के तहत डॉ. राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय पूसा का भ्रमण किया। इस दौरान में छोटे बच्चों ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित बोटैनिकल गार्डन में प्रकृति का आनंद लिया साथ ही गार्डन में रंगझबिरंगे फूलों पर मंडराती रंगझबिरंगी तितलियों के पीछे भागते खिलखिलाते मस्ती करते नजर आए। इस दौरान कक्षा नवमी से 12वीं तक के बच्चों को ईख अनुसंधान केंद्र के प्रोफेसर बलवंत ने विश्वविद्यालय के इतिहास, यहां उपलब्ध पाठ्यक्रम, उपलब्धियों की जानकारी दी। साथ-साथ कृषि क्षेत्र में भविष्य के अवसर के बारे में विस्तार से समझाया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही खेत बचाओ योजना के तहत बच्चों को जैविक खेती के बारे में भी समझाया। ईख अनुसंधान के सभा कक्ष में उन्होंने बच्चों से कम से कम एक पेड़ लगाने की शपथ दिलाई और प्राकृतिक खाद्य पदार्थों के सेवन पर जोर दिया।

### धूमधाम से मनी पद्मश्री आचार्य किशोर कुणाल की जयंती

**पूसा (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में स्मृति शेष पद्मश्री किशोर बच्चों को लड्डू खिलाकर किताब एवं चॉकलेट वितरण कर उनकी जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि पूसा अशोक पासवान के ने की। मौके पर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मधु पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि ताजपुर सुशील कुमार चौबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार बबलू, कपिलेश्वर पासवान , शिवचंद्र पासवान (उर्फ दरोगा जी), मंतोष कुमार, अंशु कुमार, गोपी पासवान, फुलेश्वरी देवी, अनुराग कुमार, कार्तिक कुमार, उर्मिला देवी, लक्ष्मी देवी, सुनैना देवी, सुमित्रा देवी, सोनी देवी, इंद्रजीत कुमार, आदि मौजूद थे। वहीं ताजपुर में सांसद प्रतिनिधि सुशील कुमार चौबे के नेतृत्व में पद्मश्री आचार्य किशोर कुणाल की जयंती मनाई गयी। इस दौरान स्व कुणाल के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उनके व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा की गयी। मौके पर सुशील कुमार चौबे, रामदयाल पासवान, रंजीत, रामप्रकाश दास, आराधना देवी, रवि कर उपाध्याय, अखिलेश कुमार राय, प्रमोद कुमार राय, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, आदि मौजूद थे।



### पेंशनधारियों को जल्द कराना होगा जीवन प्रमाणीकरण, बीडीओ ने जारी की अपील

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी ने प्रखंड की सभी 14 पंचायतों के पेंशन लाभार्थियों से अविलंब अपना जीवन प्रमाणीकरण कराने की अपील की है। इसके लिए लाभार्थी अपने नजदीकी सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) पर जाकर प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। बीडीओ ने बताया कि समय पर जीवन प्रमाणीकरण नहीं होने की स्थिति में पेंशन भुगतान प्रभावित हो सकता है। इसलिए सभी लाभार्थी निर्धारित समय के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ सीएससी केंद्र पहुंचकर अपना जीवन प्रमाणीकरण अवश्य करा लें।उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 17 एवं 18 जून को प्रखंड स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां पेंशनधारी अपनी समस्याओं का पंजीकरण करा सकेंगे तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। बीडीओ महताब अंसारी ने कहा कि यदि किसी लाभार्थी को जीवन प्रमाणीकरण कराने में किसी प्रकार की परेशानी आती है तो वे प्रखंड कार्यालय पहुंचकर कर्मी मुकेश कुमार पाठक से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। प्रखंड प्रशासन ने सभी पेंशन लाभार्थियों से अपील की है कि वे समय रहते जीवन प्रमाणीकरण कराकर अपनी पेंशन सेवा को निर्बाध बनाए रखें।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता रैली एवं जागरूकता रथ का आयोजन

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल श्रम एवं बाल तस्करी के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर, समस्तीपुर तथा श्रम संसाधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को भव्य जागरूकता रैली एवं जागरूकता रथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा कुंज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए बाल श्रम उन्मूलन और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समाहरणालय परिसर से हुआ, जहां जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली एवं रथ को रवाना किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, ओएसडी जिला समाहरणालय समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर के निदेशक अमदीप कुमार सिन्हा, समन्वयक नीतू जोसफ, सामाजिक कार्यकर्ता सोनेलाल ठाकुर, प्रभात कुमार तथा कमलेश कुमार ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने बाल श्रम के दुष्प्रभावों, शिक्षा के अधिकार तथा बाल संरक्षण से संबंधित नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। जागरूकता रथ के जरिए बाल श्रम निषेध, बच्चों को विद्यालय से जोड़ने और उनके अधिकारों की रक्षा के महत्व का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पटेल मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान आम लोगों से अपील की गई कि वे बच्चों को मजदूरी में लगाने के बजाय उनकी शिक्षा, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास में सहयोग करें।

### धारदार हथियार से गोद कर अधेड़ की हत्या

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र में एक सिरफिरे ने बकरा काटने वाले धारदार चाकू से एक अधेड़ की गला काटकर हत्या कर दी। घटना से जुड़ा एक लाइव वीडियो प्रकाश में आया है। जिसमें आरोपी चाकू लेकर अधेड़ पर ताबड़तोड़ हमला करता दिख रहा है। घटना गुरुवार की पतसिया घटाहा इलाके में गंगा नदी के किनारे की है। परिजनों और स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया जहां गुरुवार रात उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान पतसिया घटाहा निवासी दामोदर शर्मा (55) जबकि आरोपी की पहचान रंजीत कुमार (45) के रूप में हुई है। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से 8 हमले के निशान पाए गए हैं। डॉक्टर के मुताबिक, दामोदर के सांस की नली पूरी तरह से कट गई थी, जिस कारण उसकी मौत हुई है। घटना के बारे में वीडियो से मिली जानकारी के अनुसार मृतक गुरुवार को गंगा किनारे बकरियों को चराने गए थे। इसी दौरान कमर में बकरा काटने वाला धारदार चाकू छिपाये आरोपी वहां पहुंचा। बताया गया है कि, बकरी चरा रहे दामोदर से आरोपी की किसी बात पर बहस हुई और इसी दौरान आरोपी ने दामोदर पर हमला कर दिया। यह देख आसपास खेतों में काम कर रहे लोग तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए, आरोपी से दामोदर को छोड़ देने की अपील भी की। लेकिन आरोपी ताबड़तोड़ हमला करता रहा। उसके तेवर देख कोई बचाने नहीं जा सका। इस बाबत पटोरी डीएसपी बीके मेधावी ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस ने हमला करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी और मृतक एक ही गांव के रहने वाले हैं। किस बात को लेकर विवाद हुआ है। यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मानसून ने दे दी दस्तक मगर अच्छी बारिश के आसार नहीं

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** गुरुवार को झमाझम बारिश के साथ बिहार में मानसून ने दस्तक दे दी है। फिलहाल आने वाले 5 दिनों में अच्छी बारिश के आसार नहीं हैं। आसमान में हल्के या मध्यम बादलों के बीच उत्तर बिहार के जिलों में 13-15 जून के दरम्यान, गरज, वज्रपात एवं तेज झोंकेदार हवा चल सकती है। इस बाबत जिले के डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र ने आगामी 17 जून, 2026 तक के मौसम पूवार्नुमान जारी किया है। जिसके अनुसार, बिहार में गुरुवार को मानसून का प्रवेश हो गया है। इसके प्रभाव से पूवार्नुमान अवधि के अधिकांश समय आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाये रह सकते है। साथ ही 13 से 15 जून के बीच, गरज, वज्रपात एवं तेज झोंकेदार हवाओं के साथ उत्तर बिहार के जिलों में कहीं-कहीं पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर मध्यम वर्षा हो सकती है। कमजोर मौसमीय सिस्टम के कारण इस क्षेत्र में अच्छी वर्षा की संभावना नहीं है। अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान $30^{0}$ सेल्सियस से 32ट सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। जबकि बेगूसराय एवं सारण जिलों में तापमान $34^{0}$ से $36^{\circ}$ सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

# संत कबीर हॉस्पिटल के स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने की आयुष्मान भारत योजना के सफल क्रियान्वयन की सराहना

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** शहर के रामपुर जलालपुर रोड स्थित संत कबीर हॉस्पिटल का प्रथम स्थापना दिवस समारोहपूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री सह उजियारपुर सांसद नित्यानंद राय ने अस्पताल प्रबंधन को प्रथम वर्षगांठ की बधाई देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में संत कबीर हॉस्पिटल ने अल्प समय में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने में निजी अस्पतालों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसमें संत कबीर हॉस्पिटल सराहनीय कार्य कर रहा है। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए केंद्रीय मंत्री ने अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण भी किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने भी शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने अस्पताल द्वारा क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और सेवा का क्षेत्र सबसे बड़ा मानव धर्म है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में संत कबीर हॉस्पिटल और अधिक आधुनिक सुविधाओं के साथ क्षेत्रवासियों की सेवा करता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत अस्पताल के संरक्षक राम विलास साह उर्फ महात्माजी ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन अस्पताल के प्रबंधक डॉ. आर. के. साह एवं डॉ. मीरा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक गुरुदेव कुमार पटेल द्वारा किया गया। मौके पर विधायक राजेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक राम बालक सिंह, शील कुमार राय, जिला पार्षद सुनीता शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष शशिधर झा, रवीना कुशवाहा, सामंत कुमार चौधरी, गीता साह, अनिल सिंह, शंभू प्रसाद साह, सतवंत कुमार चौधरी, गौरी शंकर, राम दुलार चौरसिया, संजय सोनी, गोरे लाल पाठक, डॉ. अमित कुमार, डॉ. सपना कुमारी सहित अन्य गणमान्य एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।


संबोधित करते गृह राज्य मंत्री।

## लापता किशोर का तीसरे दिन भी नहीं मिला सुराग, आक्रोशित लोगों ने किया आगजनी और सड़क जाम

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** बंगराहा पंचायत निवासी लापता किशोर ईशांत कुमार का तीसरे दिन भी कोई सुराग नहीं मिलने पर शुक्रवार को परिजनों और ग्रामीणों ने दलसिंहसराय-मोहिउद्दीन नगर मुख्य मार्ग को बंगराहा पेट्रोल पंप के समीप जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने करीब पांच घंटे तक सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा किशोर की शीघ्र बरामदगी की मांग की।प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने सड़क पर टायर जलाकर विरोध जताया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि किशोर के लापता होने के तीन दिन बाद भी पुलिस मामले में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखा रही है। जानकारी के अनुसार बंगराहा पंचायत निवासी रामप्रीत कुमार राय ने अपने पुत्र ईशांत कुमार के लापता होने को लेकर विद्यापतिनगर थाना में आवेदन दिया है। उन्होंने गांव के चार युवकों पर पुत्र को बहला-फुसलाकर ले जाने तथा उसके गायब होने में संलिप्त होने की आशंका जताई है। परिजनों के अनुसार 10 जून की शाम ईशांत कुमार मोबाइल पर बुलावे के बाद घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। सड़क जाम की सूचना पर विद्यापतिनगर थाना प्रभारी सूरज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों से वार्ता कर मामले की गंभीरता से जांच एवं युवक की बरामदगी के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों ने जाम समाप्त कर दिया। थाना प्रभारी सूरज कुमार ने बताया कि युवक की तलाश के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है तथा मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है। जल्द ही मामले के खुलासे का प्रयास किया जा रहा है।


सड़क जाम करते लोग।

## सिटी सेंट्रल स्कूल में मिथिला पेंटिंग समर कैंप का हुआ भव्य एवं समारोह पूर्वक सफल समापन

**विजेता एवं प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, उपहार एवं आकर्षक ट्रॉफी प्रदान कर किया गया सम्मानित**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के सिटी सेंट्रल स्कूल में आयोजित मिथिला पेंटिंग आधारित समर कैंप का भव्य, सफल एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को विकसित करने तथा उन्हें मिथिला कला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस विशेष शिविर का संचालन प्रशिक्षिका द्वय रेशम गुप्ता एवं अनु गुप्ता के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। शिविर के दौरान बच्चों ने अत्यंत उत्साह, लगन एवं सृजनात्मकता का परिचय देते हुए अपनी उत्कृष्ट कलात्मक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम सिटी सेंट्रल स्कूल ग्रुप के निदेशक संजीव कुमार पाण्डेय व प्रशिक्षकों ने परंपुरानुसार विधि-विधान पूर्वक करतल ध्वनि के बीच दीप प्रज्ज्वलन कर समापन समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों की कलात्मक उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समर कैंप के सफल आयोजन के उपरांत गुरुवार को विद्यालय परिसर में आयोजित मिथिला पेंटिंग प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा निर्मित आकर्षक एवं मनमोहक कलाकृतियों ने अभिभावकों व शिक्षकों क का विशेष ध्यान आकर्षित किया। पारंपरिक मिथिला कला की सुंदर अभिव्यक्ति, रंगों का संतुलित संयोजन तथा विद्यार्थियों की मौलिक कल्पनाशीलता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की मुक्तकंठ से सराहना की तथा विद्यालय की इस अभिनव पहल की प्रशंसा की। इस अवसर पर समर कैंप में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षिकाओं सुश्री रेशम गुप्ता एवं सुश्री अनु गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री श्याम कुमार चौरसिया तथा विद्यालय समूह के निदेशक श्री संजीव कुमार पाण्डेय द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही विद्यार्थियों को निब पेन, एक्रेलिक कलर, ब्रश सेट एवं मिथिला पेंटिंग वर्कशॉप असाइनमेंट बुक भेंट कर उनकी सक्रिय सहभागिता एवं रचनात्मक प्रयासों को सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। जूनियर एवं सीनियर दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र, उपहार सामग्री तथा आकर्षक वुडन ट्रॉफी विद स्टैंड प्रदान की गई।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते निदेशक व अन्य।

**जूनियर विंग (अंडर-10) विजेता**

प्रथम स्थान - आशुतोष कुमार (कक्षा 3)
द्वितीय स्थान - समृद्धि श्रेया (कक्षा 4)
तृतीय स्थान - सुमन सौरभ (कक्षा 3)

**सीनियर विंग विजेता**

प्रथम स्थान - आयुष कुमार (कक्षा 9)
द्वितीय स्थान -वैष्णवी आनंद (कक्षा 6)
तृतीय स्थान-सिद्धि प्रियदर्शी (कक्षा 8)

कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अतिथियों के लिए जलपान की विशेष व्यवस्था की गई। पूरे आयोजन के दौरान उपस्थित सभी लोगों के चेहरों पर प्रसन्नता, संतोष एवं गौरव की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। यह आयोजन विद्यालय परिवार के लिए एक प्रेरणादायक, अविस्मरणीय एवं गौरवपूर्ण अनुभव बन गया। अपने संबोधन में विद्यालय समूह के निदेशक श्री पाण्डेय ने सभी प्रतिभागी एवं विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और सृजनात्मक सोच का सशक्त आधार है। कला विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, धैर्य और नवाचार की भावना का विकास करती है, जो उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा का निरंतर विकास करने तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य श्याम कुमार चौरसिया, अकादमिक इंचार्ज सह सीसीए इंचार्ज श्री के. शशांक, गृहकार्य प्रभारी दुर्गेश कुमार, शिक्षिकाएँ प्रिया भारती, उपमा कुमारी, आशा कुमारी, निधि कुमारी तथा शिक्षक रणवीर कुमार एवं रितिक राज सहित बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की पहचान एवं उनके समुचित उपचार सुनिश्चित करने को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नए एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की पहचान एवं उनके समुचित उपचार सुनिश्चित करने को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. राजीव कुमार ने जानकारी दी कि जिले में नए एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की खोज एवं स्क्रीनिंग के लिए आगामी 77 दिनों के दौरान कुल 154 विशेष जांच शिविर आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। इन शिविरों का संचालन 1 जुलाई से प्रारंभ किया जाएगा।

सिविल सर्जन ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य जिले में एचआईवी संक्रमण की वर्तमान स्थिति का आकलन करना, नए संक्रमित व्यक्तियों की पहचान करना तथा उन्हें समय पर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में जिले के अनेक लोग रोजगार एवं अन्य कारणों से राज्य एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों में गए हुए थे। उनके वापस लौटने के बाद स्वास्थ्य जांच आवश्यक है ताकि संभावित एचआईवी संक्रमण की समय रहते पहचान कर प्रभावी उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री रोशन कुशवाहा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रस्तावित शिविरों की तिथियां शीघ्र निर्धारित कर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग जांच हेतु शिविरों में पहुंच सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि अनुभवी एवं योग्य चिकित्सकों के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन कर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि एचआईवी संक्रमण की समय पर पहचान एवं उपचार न केवल संक्रमित व्यक्ति के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए आवश्यक है, बल्कि समाज में संक्रमण के प्रसार को रोकने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वित प्रयासों के साथ निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, जिला एड्स नियंत्रण इकाई के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में शामिल डीएम व अन्य।

## उपभोक्ता की शिकायत पर मदुदाबाद स्थित भारत गैस एजेंसी सील, 73 उपभोक्ता कार्ड सहित कई सीवी और कागजात जब्त

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के मोहिउद्दीननगर प्रखंड के मदुदाबाद स्थित भारत पेट्रोलियम के एक गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की शिकायतों के आलोक में शुक्रवार को प्रशासन के द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी राजीव कुमार , प्रखंड विकास पदाधिकारी नवकंज कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुदस्सिर सबा नजमी तथा अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में संयुक्त छापेमारी की गई है। छापेमारी के दौरान 73 उपभोक्ता कार्ड समेत कई महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं रसीदें जब्त की गईं। वहीं शिकायतों के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने और आवश्यक अभिलेखों का समुचित सत्यापन नहीं होने पर एजेंसी के कार्यालय को तत्काल सील कर दिया गया। पूछे जाने पर अधिकारियों ने बताया कि, पिछले एक महीने से उपभोक्ताओं द्वारा एजेंसी के खिलाफ लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं । शिकायतों में समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराना , एजेंसी परिसर में उपभोक्ताओं की लंबी कतार लगवाना, गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी, निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलना तथा गोदाम से स्वयं गैस सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ताओं से भी डिलीवरी शुल्क वसूलने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। इन शिकायतों की सत्यता की जांच के लिए प्रशासनिक टीम ने एजेंसी परिसर में व्यापक जांच की। इस दौरान अभिलेखों की पड़ताल की गई तथा एजेंसी कर्मियों से पूछताछ भी की। जांच के क्रम में 73 उपभोक्ता कार्ड , कई रसीदें एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं जिन्हें जब्त कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर एजेंसी कार्यालय को सील करने की कार्रवाई की गई। अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि, उपभोक्ताओं से लगातार मिल रही शिकायतों के आलोक में यह कार्रवाई की गई है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी । मौके पर प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी अभिषेक कुमार, एएसआई अशोक कुमार सिंह सहित कई प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं के हितों के साथ किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



गोदाम पर मौजूद पदाधिकारी और ग्रामीण।

## लूटपाट के दौरान किराना व्यवसायी को मारी गोली, लुटे ₹5.5 लाख नगद व मोबाइल

**ताजपुर (एनएसबी)।** जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र स्थित कोल्ड स्टोरेज चौक के पास गुरुवार की देर रात अपराधियों ने एक बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। जिसमें दुकान बंद कर घर लौट रहे किराना व्यवसायी को बदमाशों ने गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया और करीब साढ़े पांच लाख रुपये व एक मोबाइल फोन लूट लिया। घायल व्यवसायी की पहचान बंगरा थाना क्षेत्र के कोठिया निवासी रामनरेश चौधरी के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से ताजपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें समस्तीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना को लेकर, बताया जाता है कि, श्री चौधरी गुरुवार की रात करीब 10:30 बजे अपनी दुकान बंद कर लौट रहे थे। इसी दौरान दो बाइक पर सवार 5-6 की संख्या में बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। अपराधियों ने पिस्टल के बल पर उनसे नकदी और मोबाइल छीनने की कोशिश की। जिसका विरोध करने पर बदमाशों ने उन पर गोली चला दी, जिससे वे घायल हो गए। गोली उनके बांह में लगी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर जुटने लगे तो वे हड़बड़ी में भाग गए। इस दौरान वे अपनी दो बाइक मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही ताजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। इसी बीच घटना की जानकारी मिलते ही पहुंचे एएसपी संजय कुमार पांडे ने बताया कि लूटपाट के दौरान फायरिंग की घटना हुई है, जिसमें दुकानदार घायल हुए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### फर्जी प्रमाण-पत्र मामले में ग्रामीण आवास सहायक की सेवा समाप्त

**लदनियां (एनएसबी)।** लदनियां प्रखंड क्षेत्र के पदमा पंचायत के आवास सहायक पर फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी प्राप्त करने के आरोप जांच के बाद गाज गिरी है। जांच एवं विभागीय कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं ईमानदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए फर्जी प्रमाण-पत्र के आधार पर नियुक्ति प्राप्त करने के मामले में लदनियां प्रखंड के ग्रामीण आवास सहायक अजय कुमार रमन की सेवा समाप्त कर दी गई है।उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण मधुबनी सुमन प्रसाद साह द्वारा विस्तृत जांच, विभिन्न स्तरों पर प्रमाण-पत्रों के सत्यापन, संबंधित संस्थानों से पत्राचार एवं संबंधित पक्ष को पर्याप्त अवसर प्रदान करने के उपरांत प्राप्त तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की गई है।डीडीसी के अनुसार कि जिला प्रशासन सुशासन, पारदर्शिता एवं प्रशासनिक शुचिता के सिद्धांतों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता और जनविश्वास बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी व्यक्ति द्वारा गलत जानकारी, फर्जी दस्तावेज अथवा अन्य अनियमित माध्यमों से सरकारी सेवा प्राप्त करने का प्रयास अथवा सरकारी नौकरी प्राप्त करना गंभीर अपराध है।

### विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**लदनियां।(एनएसबी)।** जीविका द्वारा लदनियां में विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर हिंदुस्तान जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस शपथ ग्रहण समारोह में जीविका दीदियों एवं कर्मियों ने भाग लिया। यह समारोह मुख्य सचिव एवं उप श्रमायुक्त (मुख्यालय) के निदेर्शानुसार आयोजित किया गया। उपस्थित जीविका दीदियों को प्रखंड परियोजना प्रबंधक डॉ० धनंजय कुमार ने शपथ ग्रहण कराया। इसमें जीविका दीदियों ने बाल श्रम को किसी भी रूप में समर्थन एवं उसे बढ़ावा नहीं देने की शपथ खाई। उन्होंने अपने व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन में 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे से श्रम नहीं करने की शपथ ली। उन्होंने समाज में बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता फैलाने, राज्य को बाल श्रम मुक्त राष्ट्र बनाने के लिए पुरी ईमानदारी, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने की शपथ ली। इस इस शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष सुभद्रा देवी, सचिव शनिचरी देवी, सामुदायिक समन्वयक आलोक कुमार, मास्टर बुककीपर किरण कुमारी, क्लस्टर फैसिलिटेटर विद्या भारती, बुककीपर ललिता देवी, नीलम कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, कंचन कुमारी, शिल्पी कुमारी, जीवका मित्र आशा कुमारी, कंचन कुमारी, शांति देवी, सुनीता कुमारी इत्यादि उपस्थित थी।

### लोको पायलट की परीक्षा में सफलता हासिल कर अरविंद ने बढ़ाया मान

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सिमरी गांव निवासी सह पंचायत के सरपंच हीरालाल यादव व माता रंजना देवी के पुत्र अरविंद कुमार यादव ने रेलवे लोको पायलट की परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने गांव समाज ही नहीं बल्कि प्रखंड क्षेत्र का नाम रोशन किया है. उन्होंने पहली बार में ही पश्चिम रेलवे के लोको पायलट की परीक्षा पास की है. उनकी माता एक कुशल ग्रहणी है. जबकि पिता एक समाजसेवी सह पंचायत के सरपंच हैं. उन्होंने पुत्र की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपने परिवार ही नहीं समाज के लिए गौरव का झण बताया. अरविंद ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुजनों को दिया है. उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और इच्छा शक्ति से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है. इसकी सफलता पर राजसभा सांसद डॉक्टर फैयाज अहमद, विधायक आसिफ अहमद, सांसद प्रतिनिधि विष्णु देव सिंह यादव, प्रोफेसर इश्तियाक अहमद ,अरुण यादव, सरपंच संघ के अध्यक्ष मोहम्मद रहमत आलम, बेसिक स्कूल की शिक्षिका विभा कुमारी, अधिवक्ता ललित झा, भुनेश्वर यादव, गंगा यादव सहित कई उन लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

### कृषि में उपज बढ़ाने को लेकर किसानों के बीच किया गया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन के सभागार में शुक्रवार को शारदीय खरीफ महाअभियान 2026 के तहत किसानों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का उद्घाटन बीडीओ बसंत कुमार सिंह, वीएओ कौशल कुमार सिंह, प्रखंड खाद्य निरीक्षक पदाधिकारी मो जुबेर अहमद, डिप्टी डायरेक्टर दरभंगा गन्ना विभाग अभिनव प्रियदर्शी, विनोद यादव सहित कई लोगों ने दीप प्रज्वलित किया. कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकी, उन्नत बीजों, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि



योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था. कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ वसंत कुमार सिंह ने की. उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए बीडीओ ने किसानों से वैज्ञानिक पद्धति से खेती अपनाने का आवाहन किया. कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है. किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने और खेती को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने की सलाह दी. कार्यशाला में प्रखंड कृषि पदाधिकारी कौशल कुमार सिंह ने उन्नत बीजों के चयन, फसल प्रबंधन तथा कीट नियंत्रण के आधुनिक उपायो की विस्तार से जानकारी दी. साथ ही किसानों को समय पर बुवाई, मृदा परीक्षण एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के महत्व से अवगत कराया गया. इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, संजीव कुमार झा सहीत कई प्रगतिशील किसान, किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक उपस्थित थे. मौके पर किसानों ने कृषि संबंधी समस्याओं और जिज्ञासाओं को अधिकारियों के समझ रखा. जिसका समाधान कृषि विशेषज्ञों द्वारा किया गया.

### जयनगर-नेपाली रेलवे स्टेशन का पीसीएससी सह आईजी हाजीपुर ने किया औचक निरीक्षण

**जयनगर(एनएसबी)।** पुलिस महानिरीक्षक (रेल) हाजीपुर सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त (पीसीएससी) अमरेश कुमार ने शुक्रवार को जयनगर-नेपाली रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेलवे सुरक्षा व्यवस्था,



सीमा क्षेत्र में निगरानी, यात्रियों की सुरक्षा तथा भारत-नेपाल के बीच संचालित रेल सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया।निरीक्षण के दौरान आईजी अमरेश कुमार ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच रेल संपर्क दोनों देशों के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि भविष्य में भारत-नेपाल के बीच रेल परिचालन के विस्तार की दिशा में भी कार्य किया जाएगा, जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके।उन्होंने सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर आवागमन की लगातार निगरानी की जाएगी। सीमा के रास्ते होने वाली अवैध गतिविधियों, तस्करी तथा संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी, एसएसबी और स्थानीय पुलिस के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने अधिकारियों से यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा रेलवे परिसरों में नियमित जांच अभियान चलाने को कहा।निरीक्षण के क्रम में स्टेशन परिसर, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा उपकरणों, निगरानी व्यवस्था तथा सीमा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पहलुओं का भी अवलोकन किया गया।

### जीविका एवं बिहार ग्रामीण बैंक के बीच समन्वय बैठक आयोजित

**लदनिया (एनएसबी)।** शनिवार को जीविका कार्यालय लदनियां में जीविका एवं बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधकों एवं पदाधिकारीयों के बीच समन्वय बैठक आयोजित किया गया। बैठक में की अध्यक्षता प्रखंड परियोजना प्रबंधक डॉ धनंजय कुमार ने किया। इस बैठक में बैंक की तरफ से क्षेत्रिय प्रबंधक बिहार ग्रामीण बैंक झंझारपुर प्रशांत गौतम भी शामिल थे। बैठक में मुख्य रूप से जीविका द्वारा नए गठित स्वयं सहायता समूहों का बचत खाता खोलने एवं जीविका दीदियों को विभिन्न प्रकार के रोजगार पर कार्यों को गति प्रदान करने के लिए जून माह में ग्यारह करोड़ ऋण देने का निर्णय किया गया। बिहार ग्रामीण बैंक के विभिन्न शाखों को अलग-अलग लक्ष्य दिया गया। लदनिया शाखा को तीन करोड़, गजहरा को तीन करोड़, खाजेडीह को ढाई करोड़ तथा पदमा को ढाई करोड़ ऋण देने का लक्ष्य क्षेत्रिय प्रबंधक श्री प्रशांत गौतम द्वारा शाखा प्रबंधकों को दिया गया।

# 16 जून को मधुबनी जिले के 26 पंचायतों में सहयोग शिविर का होगा आयोजन

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से "जन सहयोग शिविर" का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा 16 जून 2026 को जिले के सभी 21 प्रखंडों के 26 पंचायतों में व्यापक तैयारियां की गई हैं। जिला पदाधिकारी,आनंद शर्मा के निर्देश पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं तथा शिविर के सुचारु संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।जन सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, श्रम, आपूर्ति, ग्रामीण विकास, पंचायत राज, विद्युत, पेयजल एवं स्वच्छता सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। प्रत्येक स्टॉल पर विभागीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे, जो लोगों की शिकायतों



जिलाधिकारी आनंद शर्मा

और आवेदनों का निस्तारण करेंगे तथा योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करेंगे। शिविर के दौरान राशन कार्ड, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, किसान सम्मान निधि, छात्रवृत्ति, श्रमिक पंजीकरण, स्वास्थ्य योजनाओं तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं आवेदन स्वीकार करने की व्यवस्था भी की गई है।वही मधुबनी जिले के 7 नगर निकायों के 15 वार्डो में भी जन सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी, आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार के द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों को लेकर अपने संयुक्त आदेश के द्वारा निदेश दिए गए है। नगर निगम, मधुबनी के वार्ड संख्या-4,5,6,42 तथा 43 वार्ड, नगर परिषद, झंझारपुर के वार्ड संख्या-3,4,26 नगर पंचायत, बेनीपट्टी के वार्ड संख्या- 2 और वार्ड संख्या 21 में, नगर पंचायत, फुलपरास के वार्ड संख्या-15, नगर पंचायत, जयनगर के वार्ड संख्या-2,13 तथा नगर पंचायत, घोघरडीहा के वार्ड संख्या-2 और 10 में सहयोग शिविर आयोजित की जायेगी।जिलाधिकारी, आनंद शर्मा, पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी विभिन्न शिविरों में शामिल होकर आमजनों की शिकायतें को सुनेंगे।जन सहयोग शिविर के सफल आयोजन के लिए प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, जीविका दीदियों एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं के माध्यम से लोगों को शिविर की जानकारी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसका लाभ उठा सकें।* *प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शिविर में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उनकी समस्याओं का समाधान पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से किया जाए।जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर आयोजित जन सहयोग शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं तथा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें। यह शिविर प्रशासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने, सरकारी सेवाओं की पहुंच बढ़ाने तथा सुशासन की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे आमजन को राहत मिलेगी और सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंच सकेगा।

**16 जून 2026 को मधुबनी जिले के 21 प्रखंडो के इन पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर:**

खुटौना प्रखंड-कारमेघ उत्तर
खुटौना प्रखंड-खुटौना
खुटौना प्रखंड-सुक्की
कलुआही प्रखंड - मलमल उत्तर
बेनीपट्टी प्रखंड -साहपुर
राजनगर प्रखंड - पटवारा उत्तर, करहिया पूर्वी
पंडौल प्रखंड -श्रीपुर हाटी मध्य,
बिस्फी प्रखंड - चहुंटा
लखनौर प्रखंड - गंगापुर
घोघरडीहा प्रखंड - सांगी
बासोपट्टी प्रखंड - सेलिबेली
बेनीपट्टी प्रखंड - पाली*
पंडौल प्रखंड - पंडौल पश्चिमी
बिस्फी प्रखंड - बिस्फी
जयनगर प्रखंड -देवधा मध्य
झंझारपुर प्रखंड -कोठिया
फुलपरास प्रखंड - सैनी
बाबूबरही प्रखंड - तिरहुता
मधवापुर प्रखंड - बासुकी बिहारी उत्तरी
लौकही प्रखंड -लौकही
मधेपुर प्रखंड - बाथ
रहिका प्रखंड - सौराठ
लदनियां प्रखंड -कुमरखत पश्चिमी
हरलाखी प्रखंड -नहरनियाँ
अंधराठाढ़ी प्रखंड - गंगद्वार पंचायत में जन सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**मधुबनी (एनएसबी)।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिले में बाल श्रम उन्मूलन एवं बच्चों के अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के निदेश पर अपर समाहर्ता, आपदा, संतोष कुमार के द्वारा समाहरणालय परिसर से



हरि झंडी दिखाई अधिकारी

जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।उन्होंने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि बाल श्रम समाज के लिए एक गंभीर समस्या है, जिसे समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित बचपन का अधिकार प्राप्त है। बच्चों से मजदूरी कराना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि उनके भविष्य के साथ भी अन्याय है। प्रचार वाहन शहर के विभिन्न चौक-चौराहों तथा सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों को बाल श्रम के दुष्परिणामों, बच्चों के अधिकारों एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक करेगा। वाहन के माध्यम से ऑडियो संदेश, पोस्टर, बैनर एवं पंपलेट के जरिए आमजन को यह जानकारी दी जाएगी कि बाल श्रम की सूचना मिलने पर संबंधित विभाग को अवश्य सूचित करें।इस अवसर पर श्रम अधीक्षक ने बताया कि बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कराना प्रतिबंधित है।उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बच्चों को विद्यालय भेजने और उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग करें।बाल श्रम उन्मूलन हेतु प्रचार-प्रसार वाहन कार्यक्रम के तहत वाहन जिला परिषद् कैम्पस से प्रस्थान करते हुए थाना मोड़, पोस्ट ऑफिस रोड, रेलवे स्टेशन, गंगा सागर चौक, तिलक चौक, शंकर चौक, बाबूसाहेब चौक से होते हुए वापस चमच्चा चौक से चमच्चा चौक लहेरियागंज (बुबना मंदिर तक) संतुनगर चौक से लोहरसारी चौक होते हुए किशोरी लाल चौक सूड़ी स्कूल चौक से गाँधी चौक सुभाष चौक से लोहापट्टी होते हुए चूड़ी बाजार से बाटा चौक होते हुए गंगा सागर चौक से रेलवे स्टेशन होते हुए थाना मोड होते हुए निलम चौक से सुभाष चौक होते हुए गिलेशन से बाटा चौक होते हुए निलम चौक होते हुए थाना मोड़ होते हुए जिला परिषद कैम्पस तक पहुँचेगी।

## प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानपूर्ण बचपन का अधिकार"-जिलाधिकारी

**मधुबनी, (एनएसबी)।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर समाहरणालय, मधुबनी परिसर में बाल श्रम उन्मूलन एवं बच्चों के अधिकारों के संरक्षण को लेकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता,आपदा संतोष कुमार के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता एवं प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई गई। बाल श्रम का समर्थन नहीं करने एवं जागरूकता फैलाने का लिया संकल्पकार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने शपथ ली कि वे किसी भी रूप में बाल श्रम का समर्थन या उसे बढ़ावा नहीं देंगे। साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे से श्रम कार्य नहीं कराया जाए। सभी ने अपने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।वाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास पर बल,इस अवसर पर जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा एवं सम्मानपूर्ण बचपन का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि समाज में कोई भी बच्चा श्रम के लिए विवश न हो तथा प्रत्येक बच्चा विद्यालय जाकर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सके। उन्होंने बाल श्रम उन्मूलन को सामाजिक दायित्व बताते हुए इसके विरुद्ध व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया।अधिकारियों एवं कर्मियों ने शपथ पत्र भरकर किया संकल्प को सशक्त,शपथ ग्रहण के उपरांत सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने शपथ पत्र भरकर जमा किया तथा बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में उप निदेशक-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी परिमल कुमार, सहायक निदेशक, एडीसी सौंपा सिम्पा ठाकुर,सामाजिक सुरक्षा नितेश पाठक, सहायक आपदा पदाधिकारी , रजनीश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी, कर्मी एवं संबंधित व्यक्ति उपस्थित रहे।



शपथ दिलाते अधिकारी

## एसपी योगेंद्र कुमार ने जयनगर नेपाली रेलवे स्टेशन का किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**जयनगर (एनएसबी)।** मधुबनी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) योगेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को जयनगर स्थित नेपाली रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाओं तथा सीमा क्षेत्र में संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेलवे परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, प्रवेश एवं निकास द्वार, टिकट काउंटर तथा यात्रियों की आवाजाही वाले प्रमुख स्थानों का अवलोकन किया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियों से स्टेशन पर प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों, यात्रियों की संख्या तथा सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही भारत-नेपाल सीमा से जुड़े इस महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन पर निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने पर बल दिया।एसपी योगेन्द्र कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टेशन परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र से जुड़े होने के कारण जयनगर रेलवे स्टेशन सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखना सभी संबंधित एजेंसियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) तथा स्थानीय पुलिस के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। एसपी ने कहा कि नियमित गश्त, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी तथा संदिग्ध वस्तुओं की जांच को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देने तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही स्टेशन परिसर में स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने पर भी जोर दिया।इस अवसर पर जयनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) सदानंद कुमार, जयनगर थानाध्यक्ष अमित कुमार, नेपाली रेलवे स्टेशन अधीक्षक एस.एल. मीणा, आरपीएफ प्रभारी गोविंद सिंह सहित रेलवे एवं पुलिस विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि पुलिस एवं रेलवे प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा यात्रियों को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा



निरीक्षण करते एसपी

## बेनीपट्टी में सड़क एवं नाला निर्माण की 29.15 करोड़ की योजना को शीघ्र स्वीकृति देने की मांग : एमएलसी घनश्याम ठाकुर

**ब े न ी प ट्टी, (एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद के सदस्य श्री घनश्याम ठाकुर ने बेनीपट्टी विधानसभा क्षेत्र की वर्षो पुरानी सड़क एवं जल-जमाव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु महत्वपूर्ण पहल करते हुए बिहार सरकार के माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री ई० कुमार शैलेन्द्र से मुलाकात कर उन्हें एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मधुबनी जिला अंतर्गत एन एच-227जे के अवशेष भाग,संसारी पोखर से 16.00 किलोमीटर आरबीपी रोड तथा अंबेडकर चौक से 6.00(पी) बीयूबी रोड) के सुदृढ़ीकरण एवं नाला निर्माण कार्य के लिए तैयार ₹29.15 करोड़ के प्राक्कलन पर अविलंब प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया गया।श्री ठाकुर ने कहा कि बेनीपट्टी बाजार क्षेत्र लंबे समय से जल-जमाव एवं जर्जर सड़क की समस्या से जूझ रहा है, जिससे आम नागरिकों, व्यवसायियों, विद्यार्थियों तथा श्रद्धालुओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



एमएलसी घनश्याम

उन्होंने बताया कि माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी के सहयोग एवं सकारात्मक पहल के फलस्वरूप इस योजना की प्रक्रिया आगे बढ़ी है तथा नाला निर्माण संबंधी प्राक्कलन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण( एन एच एआइ)द्वारा स्वीकृत कर बिहार सरकार को हस्तांतरित किया जा चुका है।उन्होंने कहा कि यह सड़क बेनीपट्टी नगर पंचायत के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों को जोड़ने के साथ-साथ प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ उच्चैठ भगवती स्थान तक जाने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा, जल-जमाव की समस्या का स्थायी समाधान होगा तथा धार्मिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।विधान पार्षद श्री ठाकुर ने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार सरकार जनहित से जुड़ी इस महत्वपूर्ण परियोजना को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करेगी, जिससे बेनीपट्टी एवं आसपास के लाखों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

## जयनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हत्या, शराब तस्करी व अन्य मामलों के पांच आरोपित गिरफ्तार

**जयनगर (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में फरार चल रहे आरोपितों के खिलाफ अभियान चलाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। हत्या, शराब तस्करी, वारंट निष्पादन एवं अन्य मामलों में पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया है। इसकी जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) सदानंद कुमार ने शुक्रवार को जयनगर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी।डीएसपी सदानंद कुमार ने बताया कि जयनगर थाना कांड संख्या 195/20 से संबंधित हत्या के



जानकारी देते पुलिस अधिकारी

मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपित मो. तमन्ना (31 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह इस्लामपुर वार्ड संख्या-13 का निवासी है तथा उसके पिता का नाम मो. इमाम हुसैन है। पुलिस ने उसे भारत-नेपाल सीमा स्थित इनर्वा बॉर्डर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। हत्या के इस मामले में उसकी गिरफ्तारी को पुलिस की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।उन्होंने बताया कि दूसरी कार्रवाई में जीआरपी थाना कांड संख्या 181/20, जीआरपी 11/20 के तहत फरार वारंटी मो. ताहिर (31 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। वह हथलेटवा का निवासी है और उसके पिता का नाम मो. समशूल है। न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में उसकी गिरफ्तारी की गई। वहीं तीसरी कार्रवाई में जयनगर थाना कांड संख्या 275/26 के तहत पुलिस ने मो. एकबाल को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। मो. एकबाल बेला वार्ड संख्या-01 का निवासी है तथा उसके पिता का नाम मो. मुमताज बताया गया है। पुलिस के अनुसार वह टेम्पो पर विदेशी शराब लादकर ले जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में उसे शराब सहित दबोच लिया गया। उसके खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा कांड संख्या 276/26 में गिरफ्तार आरोपित राकेश कुमार यादव, पिता जय कुमार यादव, को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेज दिया गया है।डीएसपी ने कहा कि अपराध एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी, वारंट निष्पादन तथा शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से भी पुलिस को सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने की अपील की।प्रेस वार्ता के दौरान जयनगर थानाध्यक्ष अमित कुमार, एएसआई मो. अनस सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# नेपाल भेजी जा रही 4 हजार प्रतिबंधित डायजेपाम इंजेक्शन की खेप पकड़ी गयी

**नवसंदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** सदर थाना पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए नशीली दवाओं की अंतरराष्ट्रीय तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर माधौल फोरलेन के समीप घेराबंदी कर एक सूमो गाड़ी से 4 हजार प्रतिबंधित डायजेपाम इंजेक्शन बरामद किए हैं। इस मामले में अंतरजिला गिरोह से जुड़े चार शातिर तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। बरामद खेप की गिनती कराने के बाद पुलिस ने इसकी आधिकारिक जानकारी वरीय अधिकारियों और ड्रग विभाग को दे दी है। यह जानकारी सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने दी। इस पुरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए सिटी एसपी ने बताया कि सदर थाना पुलिस को पुख्ता इनपुट मिला था कि तस्करों का एक गिरोह नशीले इंजेक्शनों की एक बड़ी खेप लेकर पटना से रक्सौल के रास्ते नेपाल जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने माधौल फोरलेन के पास मुस्तैदी बढ़ाते हुए वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध सूमो वाहन को रोका। जब गाड़ी की बारीकी से तलाशी ली गई, तो पुलिस कर्मी भी दंग रह गए। वाहन के भीतर भारी मात्रा में प्रतिबंधित डायजेपाम इंजेक्शन छिपाकर रखे गए थे। पुलिस ने मौके से वाहन को जब्त कर लिया और उसमें सवार चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।



प्रतिबंधित ईंजेक्शन के साथ गिरफ्तार तस्करों के संबंध में जानकारी देते सिटी एसपी।

गिरफ्तार तस्करों की पहचान पूर्वी चंपारण के रक्सौल निवासी मो. सलीम व सोनू कुमार और हरसिद्धि निवासी चूमन राम व मो आजाद के रूप में हुई है। पुलिसिया पूछताछ में आरोपियों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि इस काले कारोबार के तार पटना से लेकर नेपाल तक जुड़े हैं। तस्करों ने स्वीकार किया है कि नशीले इंजेक्शन की यह खेप उन्हें पटना के कनाडा रोड इलाके में रहने वाले हरि नामक व्यक्ति ने सौंपी थी। इस खेप को मुजफ्फरपुर के रास्ते पहले भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रक्सौल पहुंचाना था, जहां से इसे सीमा पार नेपाल में सप्लाई किया जाना था। हालांकि, मुजफ्फरपुर में रुकने के दौरान ही पुलिस ने इन्हें दबोच लिया। आरोपियों के मुताबिक, इस पूरी खेप को सुरक्षित ठिकाने पर पहुंचाने के बदले उन्हें कुल 10 हजार रुपये मिलने वाले थे।

**माधौल फोरलेन के समीप घेराबंदी कर एक सूमो गाड़ी को सदर थाना पुलिस ने पकड़ा**

**मौके से अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्कर गिरोह के 4 तस्कर गिरफ्तार**

पूछताछ के दौरान आरोपी चूमन राम ने स्वीकार किया कि वह कानून की आंखों में धूल झोंककर इससे पहले भी तीन बार नशीले इंजेक्शनों की बड़ी खेप इसी रास्ते से नेपाल पहुंचा चुका है। इस कबूलनामे के बाद पुलिस को अंदेशा है कि यह गिरोह एक बड़े अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का हिस्सा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर थाना पुलिस ने इसकी सूचना एसएसपी को दी। वहीं, ड्रग इंस्पेक्टर की एक विशेष टीम भी बरामद इंजेक्शनों की जांच और उनकी कानूनी वैधता को खंगालने में जुटी है। विशेषज्ञों और डॉक्टरों के मुताबिक, डायजेपाम एक अत्यधिक नियंत्रित दवा है, जिसका उपयोग गंभीर मरीजों के इलाज के लिए उनकी उम्र और वजन के अनुसार बेहद सीमित मात्रा में किया जाता है। इसका नशे के रूप में गलत या अत्यधिक इस्तेमाल करने पर इंसान का केंद्रीय तंत्रिका तंत्र बुरी तरह प्रभावित होता है, जिससे वह मानसिक रूप से सुस्त और विक्षिप्त हो सकता है। फिलहाल, पुलिस तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर इस पूरे सप्लाई चेन को खंगाल रही है और पटना के मुख्य सप्लायर 'हरि' समेत अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### गरीब मजदूर के पुत्र की डूबने से मौत की खबर से विधायक मर्माहत, घर जाकर दी सांत्वना

**कांटी (एनएसबी)।** काँटी थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर ग्राम निवासी सुनील साह के 6 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार की गुरुवार को नहाने के दौरान नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार देर रात मुस्तफापुर गांव पहुंचे तथा मृतक के परिजन से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया।



पुत्र की मौत से मर्माहत शोकाकुल मजदूर सुनील शाह को सांत्वना देते क्षेत्रीय विधायक।

साथ ही अपनी ओर से आर्थिक सहायता दी। गरीब परिवार से आने वाले सुनील साह मजदूरी कर अपने परिवार का जीवन यापन करते रहे हैं। इस बीच उनके पुत्र 6 वर्षीय प्रिंस कुमार की अचानक डूबने से हुई मौत की घटना से पूरे मुस्तफापुर गांव में शोक का माहौल है। उन्होंने मौके पर शोकाकुल परिवार को आर्थिक मदद करते हुए भरोसा दिलाया कि इस दुःख की घड़ी में वे उनके साथ खड़े हैं और आगे भी रहेगे। इस अवसर पर पूर्व मुखिया अशोक पासवान, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र साह, रमेश कुमार कुशवाहा, अजय कुशवाहा, विजय राम, दिलीप कुशवाहा, शंभू प्रसाद, किशुन राम, शिव शंकर प्रसाद, कपिल देव साह, रामविलास साह सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### आरडीएस कॉलेज परिसर में बच्चों के लिए स्केटिंग प्रशिक्षण केंद्र का हुआ उद्घाटन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** अब 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे मुजफ्फरपुर में स्केटिंग सीख सकेंगे। बच्चो में स्केटिंग के प्रति रूचि को देखते हुए शुक्रवार को




स्केटिंग एकेडमी के उद्घाटन के मौके पर अतिथियों के साथ स्केटिंग के प्रशिक्षनार्थी बच्चे।

स्थानीय रामदयालू सिंह कॉलेज परिसर में ओम स्केटिंग एकेडमी का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद तासी द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। समारोह में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने शानदार स्केटिंग स्टंट शो का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओमप्रकाश गुप्ता, मंजू देवी, विधायक रंजन कुमार, स्टेशन निदेशक मनोज कुमार, खेल प्राधिकरण के राजेंद्र कुमार उपस्थित थे। स्केटिंग एकेडमी के उद्घाटन के मौके पर अकादमी के संस्थापक अरविंद कुमार ने बताया कि 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे यहां स्केटिंग का नियमित एवं पेशेवर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्केटिंग बच्चों के शारीरिक संतुलन, आत्मविश्वास, फिटनेस एवं अनुशासन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि ओम स्केटिंग एकेडमी का उद्देश्य मुजफ्फरपुर के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्केटिंग प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। मौके पर आरडीएस कॉलेज के प्रोफेसर राजीव कुमार, तिरहुत फिजिकल कॉलेज के संयुक्त सचिव मनीष कुमार, निर्मल कुमार शर्मा मौजूद अकैडमी के संस्थापक श्री अरविंद कुमार, अंकित कुमार मौजूद रहे।

### महापौर ने की स्वच्छता शाखा की समीक्षा, नाला सफाई, कचरा प्रबंधन और टेंडर प्रक्रिया पर दिए कड़े निर्देश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर निगम मेयर कक्ष में शुक्रवार को मेयर निर्मला साहू की अध्यक्षता में स्वच्छता शाखा की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से उप नगर आयुक्त श्रीमती स्वरा, सिटी मैनेजर आलोक कुमार गुप्ता एवं रितेश कुमार, प्रभारी शिवेश कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी आराधना कुमारी सहित सभी कनिष्ठ अभियंता (जेई), सहायक अभियंता (एई), सफाई प्रभारी डार्विन कुमार और यार्ड प्रभारी उपस्थित थे।समीक्षा बैठक के दौरान शहर में नाला सफाई, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन और बल्क वेस्ट जनरेटर (बड़े कचरा उत्पादकों) के प्रबंधन की प्रगति जांची गई।आईईसी और रेड स्पॉट जागरूकता अभियानों को अधिक प्रभावी बनाने और शहर के रेड स्पॉट जोनों (कचरा डंपिंग पॉइंट्स) पर चल रहे कार्यों की समीक्षा हुई। मॉडल आरएफपी के दिशा-निदेशों के अनुसार स्वच्छता कार्य के नए टेंडर की प्रक्रिया पर विस्तार से बातचीत की गई।मेयर ने उप नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि वे सभी नालों की उड़ाही (सफाई) से संबंधित वर्तमान प्रगति रिपोर्ट तैयार कर सिटी मैनेजर को सौंपना सुनिश्चित करें।महापौर ने अधिकारियों को हिदायत दी कि वर्षा ऋतु को देखते हुए जलजमाव से निपटने के लिए नालों की सफाई का काम युद्धस्तर पर पूरा किया जाए और शहर की रैंकिंग सुधारने के लिए कचरा प्रबंधन को और मजबूत बनाया जाए। महापौर ने साफ शब्दों में कहा कि स्वच्छता कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बरसात के मौसम में शहरवासियों को जलजमाव की समस्या न झेलनी पड़े, इसके लिए सभी अभियंता और सफाई प्रभारी फील्ड में उतरकर खुद काम का निरीक्षण करें। इस दौरान सभी उपस्थित लोगो ने नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

**दामोदरपुर में दिनदहाड़े गन पॉइंट पर लूटपाट, दहशत फैलाने के लिए अपराधियों ने की फायरिंग**

# ज्वेलरी दुकान से लगभग 2 लाख की लूट

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** कांटी थाना क्षेत्र के दामोदरपुर में शुक्रवार को दिनदहाड़े लगभग तीन बजे दो बाईक पर सवार होकर आए 4 अपराधियों ने आम्रपाली जवेलर्स आभूषण दुकान में धावा बोलकर लगभग 2 लाख रुपए के जेवर व नगद रुपए लूट लिया। घटना के दौरान बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए कई चक्र हवाई फायरिंग भी की। दिनदहाड़े हुई लूट और फायरिंग को लेकर पुरे बाजार में भगदड़ और अफरा तफरी मच गई।

**भाग रहे अपराधियों में से एक को स्थानीय लोगो ने पकड़ा, तीन अपराधी नगदी व गहने लेकर फरार**

बताया गया है कि घटना को अंजाम देकर भागने के दौरान एक अपराधी की बाईक खराब हो गई, जिस कारण दुकानदार और स्थानीय लोगो ने हिम्मत दिखाते हुए मौके से एक अपराधी को पकड़ लिया। वही लोगो ने जमकर उसकी पिटाई कर दी। जबकि तीन अपराधी लूट के गहने और रुपए लेकर एक हीं बाईक से भागने में सफल हो गए। उधर दिनदहाड़े दामोदरपुर स्थित जवेलरी दुकान में हुई लूट औऱ फायरिंग की सुचना मिलते हीं काँटी थाना पुलिस के साथ साथ एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी व ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। पुलिस अधिकारियो ने घटना की जानकारी लेने के साथ ही ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए एक अपराधी को अपनी गिरफ्त में लेते हुए घटना की जांच पड़ताल की। इस दौरान मौके पर पहुंची एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल से जांच के लिए नमूने संग्रह किया। पुलिस ने अपराधियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालने में जुटी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो बाइक सवार 4 अपराधी दुकान में घुसे और हथियार के बल पर दूकान में मौजूद दुकानदार धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य सभी लोगो को गन पॉइंट पर लेकर लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान दुकान संचालक धर्मेंद्र कुमार ने साहस का परिचय देते हुए अपराधियों का विरोध किया। इसी दौरान अपराधियों ने दुकानदार को धक्का देकर गिराते हुए दूकान से गहने औऱ नगद रुपए लूट लिया और भागने लगे। भागने के दौरान एक बाईक स्टार्ट नहीं हुई। इस स्थित में तीन अपराधी फायरिंग करते हुए लूट के गहने और रुपए लेकर फरार हो गए। वही एक अपराधी को फंसे देखकर दुकानदार धर्मेंद्र कुमार ने उसे पकड़ने के लिए शोर मचाया। बताया गया की शोर सुनकर जमा भीड़ में शामिल लोगो ने घेर कर अकेले भागते अपराधी को पकड़ लिया और जमकर उसकी पिटाई कर दी।



घटना के बाद घटनास्थल पर मामले की जांच करती पुलिस और लोगो की लगी भीड़।




दुकान के भीतर जाँच करती पुलिस की टीम।

वही मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए अपराधी को गिरफ्त में ले लिया। घटनास्थल से घटना में इस्तेमाल की गई अपराधी की मोटरसाइकिल भी बरामद कर जब्त किया है। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की जांच व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है और पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसके आधार पर घटना को अंजाम देने वाले सभी अपराधियों को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सरैया के रतवारा चंदन गांव में सेक्स रैकेट का पुलिस ने किया भंडाफोड़

### 8 महिलाओं को किया रेस्क्यू, 2 को किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सरैया पुलिस ने देह व्यापार के एक बड़े सिंडिकेट के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के रतवारा चंदन गांव के एक मकान में छापामारी कर पुलिस टीम ने मकान के भीतर से 8 महिलाओं को सुरक्षित रेस्क्यू किया। इसके साथ ही इस घिनौने रैकेट में संलिप्त दो मुख्य अभियुक्तों को रंगेहाथ दबोच लिया। अब पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि ग्रामीण क्षेत्र में इतने बड़े पैमाने पर एक मकान के अंदर धड़ल्ले से यह धंधा चल रहा था और स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। पुलिस अब इस बात की भी गहन जांच कर रही है कि जिस मकान में यह सेक्स रैकेट फल-फूल रहा था, उसके मकान मालिक की इसमें क्या भूमिका या मिलीभगत है। बताया गया है कि एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सरैया थाना क्षेत्र में की गई इस छापेमारी में 8 महिलाओं को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया है। वहीं, मौके से इस अवैध धंधे को संचालित करने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अब गिरफ्तार अभियुक्तों के मोबाइल फोन के जरिए इस बड़े नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है।

एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा को ग्रामीण इलाके में बड़े पैमाने पर देह व्यापार संचालित होने की सटीक इनपुट मिली थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उन्होंने सरैया एसडीपीओ अभिजीत कौर के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया। गठित विशेष टीम ने बिना समय गंवाए तत्काल कार्रवाई करते हुए सरैया थाना क्षेत्र के रतवारा चंदन गांव स्थित एक चिन्हित मकान पर अचानक धावा बोल दिया। पुलिस की इस दबिश से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। छापेमारी के दौरान पुलिस की विशेष टीम ने मकान के भीतर से 8 महिलाओं को सुरक्षित रेस्क्यू किया। इसके साथ ही इस घिनौने रैकेट में संलिप्त दो मुख्य अभियुक्तों को रंगेहाथ दबोच लिया।

सरैया एसडीपीओ अभिजीत कौर ने इस पूरी कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि एसएसपी के निर्देश पर रतवारा चंदन गांव में यह सफल ऑपरेशन चलाया गया है। उन्होंने कहा की 8 महिलाओं को सुरक्षित रेस्क्यू करने के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से बरामद मोबाइल फोन को खंगाला जा रहा है और तकनीकी सर्विलांस की मदद ली जा रही है। हमारी कोशिश यह पता लगाने की है कि इस सिंडिकेट में और कितने लोग शामिल हैं और इनका नेटवर्क कहां-कहां तक फैला हुआ है।

फिलहाल, पुलिस दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को गुप्त स्थान पर रखकर कड़ाई से पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि इस रैकेट से जुड़े अन्य सफेदपोशों और धंधेबाजों के नामों का खुलासा जल्द ही किया जाएगा और इस सिंडिकेट को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया जाएगा।

## पूर्वी चंपारण से आकर काँटी क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले पांच शातिर चोर रक्सौल से गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कांटी थाना क्षेत्र के नरसंडा चौक स्थित एक मोबाइल दुकान में बीते 24 मई की रात हुई भीषण चोरी की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार चोरों के पास से चोरी गए मोबाइल फोन समेत अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार चोरों के पास से चोरी के 23 कीपैड मोबाइल फोन, 14 ओटीजी, पांच ब्लूटूथ, तीन कटर, आठ चाकू, एक इंची टेप और एक पिलास बरामद किया है।

यह जानकारी ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने दी। उन्होंने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार चोरों द्वारा कि गई पूछताछ से यह स्पष्ट हुआ है कि पूर्वी चंपारण से आकर इन अपराधीयो ने काँटी थाना क्षेत्र के नरसंडा चौक स्थित एक मोबाइल दुकान में सेंधमारी कर मोबाइल फोन, इनवर्टर, ब्लूटूथ, चार्जर, बैटरी तथा 40 हजार रुपये नकद की चोरी की थी। इस मामले में दुकान संचालक कमल कुमार अंशु के आवेदन पर कांटी थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण एसपी के अनुश्रवण और पश्चिमी एसडीपीओ सुचित्रा कुमारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मानवीय एवं तकनीकी सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी और जांच की। इसी क्रम मे प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रक्सौल से घटना को अंजाम देने वाले पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान पूर्वी चंपारण जिले के झरोखर थाना क्षेत्र निवासी मंटु कुमार तथा महुआवा थाना क्षेत्र निवासी भोला कुमार, अर्जुन कुमार, विशाल कुमार और एहतराम आलम के रूप में हुई है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मंटु कुमार का पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ दरपा थाना (पूर्वी चंपारण) में वर्ष 2024 में चोरी एवं आर्म्स एक्ट से संबंधित मामला दर्ज है। अन्य आरोपियों के आपराधिक इतिहास का सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फिलहाल सभी अपराधियों को कोर्ट में पेशी के पश्चात न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।



जानकारी देते ग्रामीण एसपी राजेश सिँह प्रभाकर।



शिवानी भारती।

## एमआईटी की छात्रा शिवानी भारती ने बीपीएससी की आईटीआई उप प्राचार्य परीक्षा में मारी बाजी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) की एम.टेक.(थर्मल इंजीनियरिंग) सत्र 2023-25 की छात्रा शिवानी भारती ने बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आईटीआई उप प्राचार्य परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी कठिन मेहनत, दृढ़ संकल्प एवं समर्पण का परिणाम है। संस्थान की छात्रा शिवानी भारती की इस सफलता और उपलब्धि पर एमआईटी संस्थान परिवार ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य प्रो डॉ एम के झा ने शिवानी भारती को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियाँ संस्थान के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं तथा अन्य छात्रों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

# अब कोचिंग व ट्यूशन नहीं कराएंगे सरकारी स्कूलों के शिक्षक

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार सरकार ने सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक बड़ा और सख्त कदम उठाया है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के निजी कोचिंग संस्थानों, कमर्शियल एजुकेशन सेंटरों और होम ट्यूशन से जुड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश नियमित, नियोजित और संविदा पर कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए समान रूप से लागू किया गया है।

शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी शिक्षकों को यह निर्देश जारी किया है कि वो स्कूल परिसर या अन्य स्थानों पर कोचिंग अथवा ट्यूशन नहीं पढ़ा सकते हैं। वो सिर्फ स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को शिक्षित करने का काम करें। यदि कोई कोचिंग या ट्यूशन पढ़ाते पाये जाते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा के निदेशक सज्जन आर ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र जारी करते हुए कहा है कि विद्यालय परिसर के अंदर या अन्य स्थानों पर अवस्थित कोचिंग या निजी ट्यूशन एवं व्यवसायिक संस्थानों में संलिप्त शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।जिला शिक्षा पदाधिकारी को जो पत्र जारी किया गया है, उसमें इस बात का जिक्र है कि आप अवगत हैं कि विगत वर्षों में राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों से लेकर उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है।

**विभागीय निदेशक ने डीईओ को पत्र जारी कर सरकारी शिक्षकों पर निगरानी रखने का दिया निर्देश**

**यदि कोचिंग में या टीयूशन पढ़ाते पकड़े गए तो होगी कड़ी कार्रवाई**

अब सभी विद्यालयों में पर्याप्त संख्या में शिक्षक उपलब्ध है। उक्त परिप्रेक्ष्य में आवश्यक है कि शिक्षक बच्चों के पढ़ाई के प्रति जवाबदेह हो। सरकारी विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों को समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, जिससे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता बनी रहे। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है कि शिक्षक अपने पदस्थापित विद्यालय के बच्चों को बेहतर शिक्षा दें। शिक्षकों द्वारा अपने विद्यालय परिसर अथवा अन्य स्थानों पर कोचिंग या निजी ट्यूशन एवं व्यवसायिक संस्थानों में पढ़ाने से उनके पदस्थापित विद्यालय के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। शिक्षा विभाग का मानना है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने के लिए शिक्षकों की पूरी प्रतिबद्धता स्कूलों के प्रति होना आवश्यक है। विभाग को लंबे समय से ऐसी शिकायतें मिल रही थीं कि कई शिक्षक विद्यालयों में अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तरह निर्वहन नहीं करते, जबकि निजी कोचिंग और ट्यूशन में अधिक समय और ऊर्जा लगाते हैं।



विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को मजबूत बनाना है। सरकार चाहती है कि शिक्षक अपना पूरा समय और क्षमता स्कूलों में छात्रों की पढ़ाई पर केंद्रित करें। खासकर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र सरकारी स्कूलों पर निर्भर रहते हैं, इसलिए उनकी शिक्षा की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता।

## संक्षिप्त खबरें

### पुनौराधाम पहुंचे श्री योगानंदेश्वर सरस्वती मठ के पीठाधीश्वर, श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** वेदांत भारती संस्था द्वारा संचालित ऐडतोरे श्री योगानंदेश्वर सरस्वती मठ, कर्नाटक के पीठाधीश्वर श्री श्री शंकर भारती महास्वामी शुक्रवार की शाम पुनौराधाम स्थित सीता संत निवास पहुंचे। उनके आगमन पर सीता संत निवास के संयोजक राम शंकर शास्त्री, स्वामी उमेशानंद जी तथा अहुबालिया कंस्ट्रक्शन के महाप्रबंधक दीपक पांडेय ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। सीता संत निवास के कर्मियों ने महास्वामी जी के साथ आए 21 परिकरों के लिए आसन, विश्राम एवं पूजा-अर्चना की समुचित व्यवस्था की। साथ ही महास्वामी जी के निदेशांनुसार आवश्यक पूजन सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी दैनिक संध्याकालीन पूजा संपन्न कराने की व्यवस्था भी की गई। बताया गया कि महास्वामी जी ने अपने इष्टदेव भगवान की विशेष पूजा-अर्चना के उपरांत प्रसाद ग्रहण किया तथा विश्राम किया। उनके आगमन से पुनौराधाम का आध्यात्मिक वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस संबंध में जानकारी राम शंकर शास्त्री एवं महंत श्री कौशल किशोर दास जी के उत्तराधिकारी शिष्य राम कुमार दास जी ने दी।


पीठाधीश्वर शंकर भारती महास्वामी का स्वागत करते संत निवास के संयोजक व अन्य।

### तस्करी के लिए रखा गया 70 बोरी यूरिया उर्वरक जब्त, अज्ञात तस्करों पर प्राथमिकी की अनुशंसा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के कन्हौली थाना क्षेत्र में तस्करी के उद्देश्य से रखे गए 70 बोरी यूरिया उर्वरक को जब्त किया गया है। इस संबंध में कृषि समन्वयक-सह-उर्वरक निरीक्षक, सोनबरसा द्वारा कन्हौली थाना में अज्ञात उर्वरक तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर कन्हौली इंडो-नेपाल सड़क से कन्हौली गांव की ओर जाने वाली सड़क पर लगभग 100 मीटर की दूरी पर सड़क के पूर्वी किनारे काले तिरपाल से ढंका हुआ यूरिया उर्वरक बरामद किया गया। जांच के दौरान मौके से कुल 70 बोरी यूरिया उर्वरक जब्त किया गया। जब्त उर्वरक को मे. भवानी ट्रेडर्स, कन्हौली के जिम्मेनामे पर सौंप दिया गया है। उर्वरक निरीक्षक संजय कुमार सिंह द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि बरामद उर्वरक को तस्करी के उद्देश्य से रखा गया था। उन्होंने उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की सुसंगत धाराओं के तहत अज्ञात तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बैरगनिया में शराब की बड़ी खेप के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार, दूसरा फरार

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** एसएसबी 20 वीं वाहिनी के जवानों ने नेपाल के रौतहट जिला से बैरगनिया में लाई जा रही अवैध शराब की बड़ी खेप को जब्त कर एक कारोबारी को गिरफ्तार कर अग्रेतर करवाई के लिए थाना को सुपुर्द कर दिया है।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गुरुवार देर रात एसएसबी के उप निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में जवान बॉर्डर पिलर संख्या- 342/36 के समीप विशेष गश्ती ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान नेपाल से दो व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग साइकिलों पर शराब की खेप को भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास किया जा रहा था। जवानों ने दोनों को रोकने का प्रयास किया, जिसमें एक व्यक्ति भागने में सफल रहा, जबकि दूसरे को पकड़ लिया गया, जिसकी पहचान बैरगनिया थाना क्षेत्र के मसहा आलम वार्ड-3 निवासी रामदेव राय के पुत्र रामनरेश राय के रूप में हुई है। दो साइकल पर रखे बोरी की तलाशी में 718 बोतल नेपाली सौफी शराब बरामद की साथ ही कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जप्त शराब, साइकिल सहित कारोबारी को पुलिस को सुपुर्द कर दिया फलस्वरूप पुलिस ने कांड दर्ज कर पकड़े गए रामनरेश को सीतामढ़ी न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वही फरार कारोबारी की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में सीतामढ़ी प्रदेश में 12वें स्थान पर

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में सीतामढ़ी जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह मई झ 2026 में राज्य स्तर पर 12 वाँ स्थान प्राप्त किया है। निर्धारित मापदंडों एवं कार्य निष्पादन के आधार पर जारी इस रैंकिंग में जिले को कुल 85.72 अंक प्राप्त हुए हैं। जिला ने 01 अप्रैल 2022 से समीक्षित माह तक नियत समय-सीमा के भीतर परिवादों के निष्पादन में जिले ने 93.45 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज करते हुए 10 में 9.35 अंक हासिल किए। समीक्षित माह में नियत समय सीमा में निवारित मामलों में सीतामढ़ी द्वारा 100 प्रतिशत का लक्ष्य पूरा कर 30 में 30 अंक अर्जित किया गया। लोक प्राधिकारियों की उपस्थिति 100 प्रतिशत रही, जो जिले की कार्य संस्कृति और अनुशासन को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त द्वितीय अपील के गुणवत्तापूर्ण निष्पादन, दंड अधिरोपित राशि की वसूली तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई एवं बैठक विवरण के समय पर अपलोड करने के मामलों में भी जिले का प्रदर्शन सराहनीय रहा। वहीं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने बताया कि जनवरी माह में जिले की रैंकिंग 13 वीं थी, जो सुधारात्मक छलांग लगाते हुए 12 वीं पायदान पर पहुँच गई है। वहीं इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सीतामढ़ी जिले की यह उपलब्धि सभी लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों, लोक प्राधिकारियों एवं संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

### दरभंगा-मदार अमृत भारत ट्रेन के दैनिक संचालन पर खुशी, एसी कोच व गति बढ़ाने की मांग

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** दरभंगा-मदार-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 19623/19624) के साप्ताहिक से दैनिक संचालन किए जाने की जानकारी पर क्षेत्र के रेल यात्रियों एवं व्यापारिक संगठनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। केंद्रीय रेलवे रेलयात्री संघ एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सुन्दरका ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है कि वर्तमान में साप्ताहिक रूप से चलने वाली यह ट्रेन लगभग एक माह बाद प्रतिदिन संचालित होगी। उन्होंने लंबे समय से की जा रही मांग पूरी होने पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सीतामढ़ी सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर तथा जयपुर सांसद मंजू शर्मा के प्रति आभार जताया। श्री सुन्दरका ने सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर से इस रूट पर अमृत भारत वर्जन-2 की रैक चलाने की मांग करते हुए कहा कि इसमें स्लीपर के साथ-साथ प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय एसी कोच की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने ट्रेन की गति बढ़ाने की भी मांग की। ट्रेन के दैनिक संचालन पर कैट के सचिव आलोक कुमार, पुपरी नगर परिषद अध्यक्ष ब्रजेश कुमार जालान, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश जालान, अमर बाजोरिया, पंकज गोयनका, अशोक सोनी, रितेश सिकारिया उर्फ गणेश, जनार्दन भरतिया, दीपक मस्करा, लक्ष्मीकांत शर्मा उर्फ मुन्ना शर्मा, रामप्रवेश प्रसाद सहित अनेक लोगों ने खुशी जताते हुए आभार व्यक्त किया।

### चित्रगुप्त एसोसिएशन परिसर में चल रहे श्रीराम कथा महोत्सव के छठे दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** चित्रगुप्त एसोसिएशन परिसर में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव के छठे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सत्य कालिंदी मैटरनिटी एंड चाइल्ड हॉस्पिटल एवं चित्रगुप्त एसोसिएशन, मुजफ्फरपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कथा में कथावाचक पंडित रविशंकर ठाकुर जी महाराज ने भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जिले में बाल अधिकारों को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

# बालश्रम का समर्थन नहीं करने का संकल्प

**सीतामढ़ी (दैनिक नवसंदेश)।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर सीतामढ़ी जिले में बाल श्रम उन्मूलन एवं बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास निगम, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**डीएम के नेतृत्व में शपथ व जागरूकता कार्यक्रम :** समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय के नेतृत्व में बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने शपथ लेते हुए संकल्प व्यक्त किया कि वे किसी भी रूप में बाल श्रम का समर्थन नहीं करेंगे और न ही उसे बढ़ावा देंगे। साथ ही यह भी प्रतिज्ञा की गई कि 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे से श्रम कार्य नहीं कराया जाएगा तथा समाज में बाल श्रम उन्मूलन के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। प्रतिभागियों ने अपने राज्य एवं जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने हेतु पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।


समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय के नेतृत्व में शपथ लेते अधिकारी व कर्मी।


जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला पदाधिकारी व उपस्थित अन्य।

**जागरूकता रथ को दिखाई गई हरी झंडी :** बाल श्रम के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से जिला पदाधिकारी द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस रथ के द्वारा शहर के विभिन्न चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर बाल श्रम निषेध संबंधी संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इस मौके पर जिलाधिकारी श्री पाण्डेय ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और उनका बचपन शिक्षा, सुरक्षा एवं समुचित विकास के लिए समर्पित होना चाहिए, न कि श्रम कार्यों में व्यतीत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाल श्रम न केवल बच्चों के अधिकारों का हनन है, बल्कि समाज के समग्र विकास में भी बाधक है। जिला प्रशासन बाल श्रम उन्मूलन के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा संबंधित विभागों के समन्वय से लगातार जागरूकता एवं प्रवर्तन की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों, अभिभावकों, नियोजकों एवं सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे बाल श्रम के विरुद्ध अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा किसी भी बच्चे को श्रम कार्य में संलग्न पाए जाने पर इसकी सूचना संबंधित विभाग को दें।

**श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास निगम, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम**

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सीतामढ़ी के बाल श्रम से विमुक्त बच्चे सम्मानित, जिले में भी अनेक कार्यक्रम


पटना में आयोजित समारोह में सीतामढ़ी जिले के एक बाल श्रम से विमुक्त बच्चे को सम्मानित करते श्रम मंत्री एवं श्रम आयुक्त।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पटना स्थित दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सीतामढ़ी जिले के एक बाल श्रम से विमुक्त बच्चे को श्रम मंत्री एवं श्रम आयुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप बच्चे को बैग, कॉपी, कलम एवं शॉल प्रदान किया गया।

यूनिसेफ व प्रथम संस्था के जिला समन्वयक सुधीर कुमार ने बताया कि सम्मानित बच्चा वर्तमान में इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहा है। उसकी प्रेरणादायक सफलता की कहानी जिले से राज्य स्तर पर भेजी गई थी, जिसके आधार पर उसका चयन किया गया। इस उपलब्धि पर जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय, श्रम अधीक्षक रमाकांत तथा डीपीएम एजाजुल अंसारी सहित अन्य अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चे को शुभकामनाएं दीं।

वहीं जिले में बाल श्रम उन्मूलन के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस दौरान श्रम अधीक्षक रमाकांत, जिला योजना पदाधिकारी संतोष सुमन, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सहित लेबर यूनियन के नेताओं में महेश झा एवं दिलीप पाण्डेय सहित अन्य लोगो ने भी हस्ताक्षर कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। वहीं नगर के शांति नगर स्थित संयुक्त श्रम भवन सभागार में शपथ ग्रहण कार्यक्रम के उपरांत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को श्रम अधीक्षक, जिला योजना पदाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, प्रथम संस्था के जिला समन्वयक तथा यूनियन नेताओं सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के आयोजन में प्रथम संस्था एवं अदिति संस्था का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में एलईओ, विभागीय कर्मी, संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## बैरगनिया में पुलिस पदाधिकारियों ने ली बालश्रम की रोकथाम की शपथ

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्थानीय थाना परिसर में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर पुलिस पदाधिकारियों ने बाल शोषण, तस्करी, श्रम रोकने की दिशा में पूरी तरह तत्पर रहकर अपने कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ ली है। थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी ने शुक्रवार को बाल श्रम उन्मूलन, तस्करी, बाल शोषण, बाल श्रम को रोकथाम को लेकर शपथ समारोह का आयोजन कर शपथ दिलाई है।

पुलिस पदाधिकारियों ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा, बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता फैलाने तथा बाल तस्करी एवं शोषण जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने का भी संकल्प लिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि बच्चों का सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बाल श्रम जैसी कुप्रथा को समाप्त करने और बच्चों को शिक्षा व बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए सभी को आगे आना चाहिए तभी इस कुप्रथा पर कामयाबी हासिल होगी।



पुलिस पदाधिकारियों को शपथ दिलाते बैरगनिया थानाध्यक्ष।

## 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत डीएम ने सुनीं जन समस्याएं

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सात निश्चय-3' अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं, जहां परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड, अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी मजबूत हुआ है। वहीं जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। कुल 08 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 02 पर आदेश पारित किया गया।


अपने कार्यालय कक्ष में आमजनों की समस्याओं को सुनते जिला पदाधिकारी।

## भूमि बचाओ संघर्ष समिति की बैठक



मनियारी पंचायत सरकार भवन में आयोजित बैठक में शामिल लोग।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मनियारी पंचायत सरकार भवन में भूमि बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में आयोजित बैठक में किसानों और ग्रामीणों ने प्रस्तावित सैटेलाइट सिटी योजना का विरोध करते हुए 14 जून को किसान महापंचायत बुलाने का निर्णय लिया। बैठक में कहा गया कि यह क्षेत्र अत्यंत उपजाऊ कृषि भूमि वाला इलाका है, जहां धान, गेहूं, गन्ना, दलहन, तिलहन और सब्जियों की व्यापक खेती होती है।

किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार की लैंड पूलिंग नीति किसानों के हितों के विरुद्ध है और इससे उनकी जमीन तथा आजीविका पर खतरा उत्पन्न होगा। वक्ताओं ने कहा कि सरकार को सैटेलाइट सिटी बनाने के बजाय क्षेत्र में उद्योग स्थापित कर रोजगार के अवसर पैदा करने चाहिए। साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए बिजली और पानी, कृषि उत्पादों का लाभकारी मूल्य तथा सरकारी खरीद की गारंटी दी जानी चाहिए। किसानों ने निशुल्क सोलर प्लेट, फसल बीमा, जलवायु परिवर्तन सुरक्षा कोष तथा कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना की भी मांग की। बैठक में प्रो. आनंद किशोर, खेदु महतो, सतीश कुमार सिंह, प्रेमचंद सिंह, सुरेंद्र कुमार, सिकंदर यादव समेत कई वक्ताओं ने कहा कि किसानों की सहमति के बिना कोई योजना स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने किसानों और मजदूरों की भावनाओं की अनदेखी की तो व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक में क्षेत्र के हजारों किसानों और मजदूरों से 14 जून को मनियारी पंचायत सरकार भवन में आयोजित महापंचायत में शामिल होकर आगे की रणनीति तय करने की अपील की गई।

**सैटेलाइट सिटी के विरोध में 14 को मनियारी में किसान महापंचायत बुलाने का लिया निर्णय**

## रीगा विधायक बैद्यनाथ प्रसाद ने कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र का दौरा किया

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** रीगा विधायक बैद्यनाथ प्रसाद शुक्रवार को प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं से जनता को अवगत कराते हुए इसका लाभ उठाने व दिक्कत होने पर उनके समस्या का समाधान का भरोसा दिया है। श्री प्रसाद अपने पार्टी कार्यकताओं के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान विधायक ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के गली-मुहल्लों के लोगों से मुलाकात की तथा हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद समय अभाव के कारण क्षेत्र का दौरा, जनसम्पर्क नहीं हुआ है, अब जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जानना और उनका समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने क्षेत्र के विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने का भरोसा दिलाया। मौके पर उनके साथ नगर मंडल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश कुमार, मोहन कुमार सिंह, जियालाल ठाकुर, प्रमोद महतो, आदित्य मिश्रा, कामिनी पटेल, सर्वजीत पूर्वे, सुरेश सिंह, रौशन सहनी, डॉ सीके झा, जगन्नाथ साह, प्रो राजकुमार सिंह, मिट्ठू पासवान, दीपक चौटाला, पिंटू तन्ना, रामबालक राय, अजय महतो सहित कई कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित थे।



# पुलिस केंद्र में जिला स्तरीय समन्वय बैठक सह सम्मान समारोह

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विशेष किशोर पुलिस इकाई, सीतामढ़ी, मानव तस्करी निरोध इकाई तथा अदिथी संस्था की कवच परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस केंद्र स्थित आनंद भवन में जिला स्तरीय समन्वय बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) सह नोडल पदाधिकारी मो. नजीब अनवर ने की।

इस अवसर पर बाल संरक्षण, बाल श्रम उन्मूलन एवं मानव तस्करी रोकथाम के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 35 पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस कर्मियों एवं सामाजिक कार्यकताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षीय संबोधन में मो. नजीब अनवर ने बताया कि जून 2025 से अब तक 109 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया है तथा 91 नियोजकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2026 में चलाए गए विशेष अभियान ह्यऑपरेशन नया सवेराह्ल के तहत 53 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराना एक बड़ी उपलब्धि रही है। साथ ही जिले के तीन थाना क्षेत्रों को बाल श्रम मुक्त बनाने में सफलता मिली है। बैठक में बाल श्रम, बाल तस्करी एवं बाल दुर्व्यापार की रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों, पुलिस इकाइयों और सामाजिक संगठनों के बीच समन्वय को और सशक्त बनाने पर चर्चा हुई। सभी प्रतिभागियों ने जन-जागरूकता बढ़ाने तथा प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानजनक बचपन सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।



पुलिस केंद्र स्थित आनंद भवन में आयोजित समारोह में सम्मानित किये गए अधिकारी व अन्य।

अदिथी संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक रोहित सिंह ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के बचपन, शिक्षा और भविष्य के अधिकारों का हनन है। वहीं बाल अधिकार कार्यकर्ता मनीष कुमार एवं मुकुंद कुमार चौधरी ने सीतामढ़ी को पूर्णतः बाल श्रम एवं बाल दुव्यापार मुक्त जिला बनाने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार सिंह, लाल किशोर गुप्ता, परशुराम सिंह, सरोज कुमार, संजीव कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संवेदना स्नेही, प्रियंका कुमारी, मुकेश कुमार सिंह सहित कई अधिकारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में अदिथी संस्था के प्रशांत कुमार, शिवदुलारी कुमारी, काजल कुमारी, पायल कुमारी, ज्योति कुमारी, एवीए के शिवशंकर ठाकुर तथा सामाजिक कार्यकर्ता कमर अख्तर, रितेश भारती, संजय वर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# हिंसा के साये से वात्सल्य की छांव तक : दंतेवाड़ा में पूर्व नक्सलियों के आंगन में गूंजती किलकारियां

छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा जिला, जिसका नाम सुनते ही दशकों तक जेहन में केवल घने जंगल, बारूदी सुरंगों के धमाके और लाल आतंक की खौफनाक तस्वीरें उभरती थीं, आज एक बेहद सुखद और मानवीय बदलाव का गवाह बन रहा है। इस बदलाव की गूंज किसी हथियार की नहीं, बल्कि उन नवजात शिशुओं की किलकारियों की है, जो उन आंगनों में गूंज रही हैं जहां कभी केवल निराशा और हिंसा का वास था। समाज की मुख्यधारा में लौट रहे पूर्व नक्सलियों के लिए सरकार एक ऐसी संजीवनी लेकर आई है, जिसने उनकी जिंदगी के सबसे गहरे घाव को भर दिया है। कभी नक्सली संगठनों के क्रूर फरमानों के चलते नसबंदी का शिकार हुए ये भटके हुए युवा, आज सरकार की मदद से रिवर्सल सर्जरी (नसबंदी खोलने का ऑपरेशन) करवाकर पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त कर रहे हैं। यह महज एक चिकित्सा प्रक्रिया नहीं है, बल्कि हिंसा के अंधकार पर मानवीय संवेदनाओं और जीवन की जीत का एक शानदार उत्सव है।

इस पूरी मुहिम की गहराई को समझने के लिए नक्सली संगठनों की उस अमानवीय और क्रूर कार्यप्रणाली को समझना होगा, जो वे अपने ही कैडरों पर लागू करते हैं। माओवादी संगठन अपने निचले स्तर के लड़ाकों को कभी भी पारिवारिक जीवन जीने की इजाजत नहीं देते। उनका मानना है कि यदि उनके कैडर परिवार बसाएंगे, बच्चे पैदा करेंगे, तो उनके भीतर मोह और वात्सल्य जन्म लेगा, जिससे वे संगठन के हिंसक उद्देश्यों के प्रति कमजोर पड़ जाएंगे। इसी खौफनाक विचारधारा के तहत, जंगलों में रहने वाले नक्सली जोड़ों को जबरन नसबंदी का शिकार होना पड़ता था। बिना किसी उचित चिकित्सीय सुविधा के, जंगलों के भीतर अस्वच्छ परिस्थितियों में युवाओं की नसबंदी कर दी जाती थी, ताकि वे कभी माता-पिता न बन सकें और अपना पूरा जीवन उस खोखली विचारधारा के नाम कर दें। पितृत्व के अधिकार को छीन लेना मानवाधिकारों का सबसे बड़ा हनन था, जिसे ये युवा खामोशी से सहने को मजबूर थे।

लेकिन समय के साथ जब इन युवाओं को यह अहसास हुआ कि बंदूक के रास्ते पर कोई मंजिल नहीं है और माओवादी विचारधारा महज एक मृगमरीचिका है, तो उन्होंने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण करने का फैसला किया। लोकतंत्र और संविधान में विश्वास जताते हुए जब ये युवा मुख्यधारा में लौटे, तो उनके सामने सबसे बड़ी पीड़ा यही थी कि वे कभी अपना परिवार आगे नहीं बढ़ा सकेंगे। सरकार की पुनर्वास नीतियों के तहत उन्हें घर, रोजगार और सुरक्षा तो मिल गई, लेकिन उनके जीवन का वह सूनापन जो एक बच्चे की कमी से था, उसे भरना बाकी था। यहीं पर शासन और प्रशासन ने एक अत्यंत संवेदनशील कदम उठाया। सरकार ने महसूस किया कि जब तक इन युवाओं को संपूर्ण पारिवारिक जीवन नहीं मिलेगा, तब तक उनका पुनर्वास अधूरा है।

इसी सोच के साथ दंतेवाड़ा में पूर्व नक्सलियों की नसबंदी रिवर्सल सर्जरी का एक विशेष अभियान शुरू किया गया। यह एक जटिल और महंगी चिकित्सीय प्रक्रिया है, जिसे हर कोई वहन नहीं कर सकता। लेकिन सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि इन पूर्व नक्सलियों के आपरेशन का पूरा खर्च शासन द्वारा उठाया जाएगा। प्रशासन ने बेहतरीन सर्जनों की व्यवस्था की और अत्याधुनिक अस्पतालों में इन आपरेशनों को अंजाम दिया जाने लगा। यह पहल न केवल एक चिकित्सकीय सफलता है, बल्कि यह उस विश्वास को भी मजबूत करती है जो इन आत्मसमर्पित नक्सलियों ने भारतीय लोकतंत्र और व्यवस्था पर जताया है।

आंकड़े गवाही देते हैं कि यह मुहिम किस कदर सफल हो रही है। अब तक 50 से अधिक पूर्व नक्सलियों की सफलतापूर्वक रिवर्सल सर्जरी की जा चुकी है और सबसे सुखद पहलू यह है कि इनमें से कई अब पिता बन चुके हैं। जिन हाथों ने कभी मजबूरन बंदूकें थामी थीं, आज वे हाथ अपने बच्चों को दुलार रहे हैं। उन चेहरों पर जो कभी जंगल के खौफ और संगठन के तनाव से घिरे रहते थे, आज अपने बच्चे की एक मुस्कान देखकर वात्सल्य के आंसू छलक उठते हैं। एक पूर्व नक्सली के लिए अपनी संतान को गोद में खिलाना, उसे स्कूल भेजने के सपने देखना और एक आम नागरिक की तरह जीवन जीना, किसी पुनर्जन्म से कम नहीं है। यह दृश्य इस बात का प्रमाण है कि प्यार और परिवार की ताकत दुनिया की किसी भी हिंसक विचारधारा से कहीं अधिक शक्तिशाली होती है। यह पहल नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में एक अचूक मनोवैज्ञानिक हथियार के रूप में भी काम कर रही है।

# वैश्विक संघर्षों के बीच संयुक्त राष्ट्र संघ की सिमटती भूमिका



अनिता कुमारी

अगर एकबारगी कोई पूछे कि वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव कौन हैं तो नाम याद करने में दिमाग पर जोर डालना पड़ेगा। कारण कि खबरों में अब यह नाम शायद ही कभी आता हो। पदभार संभालने के 9 साल बाद भी वर्तमान महासचिव एंटोनियो गुंटारेस का नाम अब उतनी सहजता से याद नहीं किया जाता, जितना कोफी अन्नान या बुतरस बुतरस घाली का नाम सुर्खियों में रहता था।

द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका और राख से एक ऐसे वैश्विक संगठन का जन्म हुआ था, जिसका प्राथमिक उद्देश्य भावी पीढ़ियों को युद्ध के अभिशाप से बचाना, मानवाधिकारों की रक्षा करना और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत न्याय स्थापित करना था।

संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) ने अपनी स्थापना के बाद कई दशकों तक एक नैतिक और कानूनी धुरी के रूप में काम भी किया। लेकिन आज, जब हम 21वीं सदी के तीसरे दशक में दुनिया को देखते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय पटल पर एक गहरा शून्य नजर आता है।

इजरायल-फिलिस्तीन का रक्तरंजित संघर्ष, रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा अंतहीन और विनाशकारी युद्ध, और अमेरिका-ईरान के बीच समय-समय पर गहराता सैन्य तनाव इन सभी भीषण संकटों के बीच संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका एक मूक दर्शक या महज एक चिंता व्यक्त करने वाली संस्था से ज्यादा कुछ नहीं रह गई है।

स्थिति यहाँ तक आ पहुँची है कि आम जनमानस के लिए यूएन महासचिव का नाम याद रखना तो दूर, वैश्विक राजनीति में उनके बयानों का कोई ठोस वजन भी महसूस नहीं होता। यह स्वाभाविक प्रश्न खड़ा करता है कि कभी मजबूती से दखल देने वाला यूएन आज अपने मूल उद्देश्यों से इतना पीछे क्यों हट गया है, और क्या दुनिया अब जिसकी लाठी उसकी भैंस (माइट इज राइट) के आदिम और क्रूर सिद्धांत की ओर लौट रही है।



संयुक्त राष्ट्र की वर्तमान निष्क्रियता को समझने के लिए इसके संरचनात्मक दोषों और बदलती वैश्विक भू-राजनीति (जियोपॉलिटिक्स) की वास्तविकता को समझना होगा। यूएन की सबसे बड़ी विफलता के मूल में उसकी सुरक्षा परिषद का वह पुराना ढांचा है, जो 1945 की विश्व व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करता है।

सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों (अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस) के पास मौजूद वीटो पावर ने इस संगठन को लकवाग्रस्त कर दिया है। जब कोई महाशक्ति स्वयं युद्धरत होती है या उसका कोई करीबी सहयोगी युद्ध में शामिल होता है, तो यूएन की किसी भी दंडात्मक या शांति स्थापित करने वाली कार्रवाई को वीटो के माध्यम से रोक दिया जाता है। रूस-यूक्रेन युद्ध में हम देखते हैं कि आक्रामक देश स्वयं सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है, जिसके कारण यूएन रूस के खिलाफ कोई भी बाध्यकारी प्रस्ताव पारित करने में अक्षम साबित हुआ।

इसी तरह, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष में अमेरिका अपने वीटो अधिकार का उपयोग कर इजरायल के खिलाफ किसी भी कड़े कदम को रोकता रहा है। ऐसी स्थिति में, यूएन की महासभा (जेनरल असेम्बली) भले ही कितने भी प्रस्ताव भारी बहुमत से पारित कर दे, वे केवल प्रतीकात्मक होते हैं और जमीन पर उनका कोई असर नहीं होता।

यह संरचनात्मक लाचारी यूएन की नैतिक सत्ता को पूरी तरह से खोखला कर चुकी है। एक समय था जब संयुक्त राष्ट्र संघ के पास संघर्षों में मध्यस्थता करने का एक दबदबा था, लेकिन आज यह केवल राहत सामग्री बांटने वाली एक मानवीय एजेंसी बनकर रह गया है। लोगों द्वारा महासचिव का नाम तक भूल जाना इस बात का प्रतीक है कि वैश्विक संकटों के समाधान के लिए अब दुनिया यूएन की तरफ नहीं देखती। आज विश्व के नेता शांति वार्ताओं के लिए यूएन के मंच का उपयोग करने के बजाय क्षेत्रीय गठबंधनों या प्रत्यक्ष द्विपक्षीय वार्ताओं पर निर्भर हैं।

इस परिदृश्य में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या विश्व व्यवस्था अब जिसकी लाठी उसकी भैंस की तर्ज पर चलेगी यथार्थवादी नजरिए से देखें तो इसका उत्तर काफी हद तक हाँ में प्रतीत होता है।

आज के वर्ल्ड आर्डर में अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकारों की दुहाई केवल तभी दी जाती है, जब वह किसी ताकतवर देश के भू-रणनीतिक हितों के अनुकूल हो। शक्तिशाली राष्ट्रों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए किसी भी अंतरराष्ट्रीय संस्था के नियमों को दरकिनार कर सकते हैं। अमेरिका द्वारा इराक पर बिना यूएन की मंजूरी के हमला करना हो, रूस द्वारा क्रीमिया या यूक्रेन पर आक्रमण करना हो, या चीन द्वारा दक्षिण चीन सागर में अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों की अनदेखी करना होये सभी घटनाएं इसी बात की पुष्टि करती हैं कि ताकतवर के लिए कोई नियम नहीं हैं। जब महाशक्तियां स्वयं अंतरराष्ट्रीय कानूनों की धज्जियां उड़ाती हैं, तो अन्य छोटे और क्षेत्रीय देशों को भी यह संदेश जाता है कि वे बल प्रयोग करके अपने विवादों को सुलझा सकते हैं, और यूएन उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा।

इसके अतिरिक्त वर्तमान में दुनिया एक नए शीत युद्ध और बहुध्रुवीय (मल्टीपोलर) व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। वैश्वीकरण और बहुपक्षवाद का विचार कमजोर पड़ रहा है। देश अब संयुक्त राष्ट्र जैसी समावेशी संस्थाओं के बजाय अपने हितों पर आधारित विशेष गुटों (जैसे नाटो, क्वाड, ब्रिक्स, आदि) को अधिक महत्व दे रहे हैं। दुनिया का सैन्यीकरण तेजी से बढ़ रहा है और कूटनीति की जगह हथियारों की होड़ ने ले ली है। आर्थिक प्रतिबंधों को भी यूएन के माध्यम से लगाने के बजाय महाशक्तियां एकतरफा रूप से हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही हैं, जैसा कि अमेरिका और ईरान के मामले में देखा गया है।

हालाँकि, इस समग्र निराशा के बीच यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि संयुक्त राष्ट्र संघ का पूरी तरह से खारिज किया जाना मानव सभ्यता के लिए आत्मघाती होगा। शांति स्थापना और युद्ध रोकने के मोर्चे पर यूएन भले ही बुरी तरह विफल रहा हो, लेकिन आज भी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), यूनिसेफ, और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) जैसी उसकी एजेंसियां दुनिया भर में करोड़ों लोगों का जीवन बचा रही हैं। जलवायु परिवर्तन, शरणार्थी संकट और वैश्विक महामारियों जैसे मुद्दों पर दुनिया को एक साथ लाने का एकमात्र वैध मंच आज भी संयुक्त राष्ट्र ही है।

निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्र संघ आज अपने इतिहास के सबसे गहरे अस्तित्वगत संकट से गुजर रहा है। यह लीग ऑफ नेशंस की तरह अप्रासंगिक होने के कगार पर खड़ा है। अगर दुनिया को जिसकी लाठी उसकी भैंस के खतरनाक जंगल राज से बचाना है, तो संयुक्त राष्ट्र में, विशेषकर सुरक्षा परिषद में, व्यापक सुधारों की तत्काल आवश्यकता है। भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान जैसे देशों को शामिल करके इसे 21वीं सदी की सच्चाइयों के अनुरूप बनाना होगा और वीटो पावर के अलोकतांत्रिक इस्तेमाल पर अंकुश लगाना होगा। यदि ऐसा नहीं होता है, तो वैश्विक शक्तियां मनमानी करती रहेंगी, मानवाधिकारों का हनन होता रहेगा, और कमजोर देश महाशक्तियों के भू-राजनीतिक खेलों की बिसात पर महज मोहरे बनकर रह जाएंगे।

विश्व समुदाय को यह तय करना होगा कि वह एक नियम-आधारित व्यवस्था चाहता है या फिर ताकत के क्रूर प्रदर्शन पर आधारित एक अराजक विश्व।

# करिश्मा कपूर ने याद किया अपने गाने झांझरिया के लिए 20 कस्ट्यूम बदलने का रोचक किस्सा

## इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 के मंच पर मनीष मल्होत्रा के साथ अपने खूबसूरत रिश्ते को किया याद

**सोनी** एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 का आगामी नया एपिसोड इंडिया वाला डांस का जश्न मनाने जा रहा है। यह एपिसोड एक खास सरप्राइज के साथ करिश्मा कपूर के शानदार सफर को सलाम करेगा, जो पूरे माहौल को भावुक कर देगा। शो के दौरान जाने-माने डिजाइनर और करिश्मा के पुराने दोस्त मनीष मल्होत्रा का एक दिल छू लेने वाला वीडियो मैसेज दिखाया गया, जिसमें उन्होंने अपनी दशकों पुरानी दोस्ती और सफल सहयोग के दिनों को याद किया।

इस ट्रिब्यूट (तारीफ) के दौरान, मनीष ने कई प्रतिष्ठित फिल्मों में करिश्मा के साथ काम करने के दिनों को प्यार से याद किया और उनके सबसे यादगार गानों में से एक के लिए 20 अलग-अलग कस्ट्यूम्स तैयार करने का एक बेहद दिलचस्प किस्सा साझा किया।

इस बारे में उत्सुकता दिखाते हुए टेरेंस लुईस ने पूछा, ये 20 कस्ट्यूम चेंजेस कौन से गाने के लिए थे।

करिश्मा ने खुलासा करते हुए बताया, तो ये झांझरिया में था, झांझरिया के फीमेल वर्जन में।

मनीष के साथ अपने खास रिश्ते के बारे में बात करते हुए करिश्मा ने आगे कहा, मनीष पुराने दोस्त हैं मेरे, साथ काम करने से लेकर साथ रहने तक, इतना समय साथ बिताने, कई फिल्मों पर काम करने तक.. और आज तक मुझे लगता है कि ऐसे दोस्त जिंदगी में बहुत कम बनते हैं।



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 का आगामी नया एपिसोड इंडिया वाला डांस का जश्न मनाने जा रहा है। यह एपिसोड एक खास सरप्राइज के साथ करिश्मा कपूर के शानदार सफर को सलाम करेगा, जो पूरे माहौल को भावुक कर देगा।

अपने इस लंबे सफर को याद करते हुए उन्होंने साझा किया, जैसे आपने कहा-35 साल, तो असल में मनीष मेरी पहली फिल्म के फोटो सेशन में थे, पहले शाट में थे, और कुछ दिन पहले ही हम एक और दोस्त का जन्मदिन मना रहे थे। थैंक यू, मन्नू, थैंक यू, इंडियाज बेस्ट डांसर मेरे लिए इन सभी खूबसूरत पलों का जश्न मनाने के लिए। अभिनेत्री ने उस दौर की फिल्म निर्माण संस्कृति (मेकिंग स्टाइल) पर भी नजर डाली और कहा, उस समय पर बहुत ही अलग माहौल था, जहां फिल्में सहज ज्ञान और जुनून पर बनती थीं। जैसे कपड़े भी बन जाते थे वैसे ऑन द स्पॉट, यू नो कि हम क्या करें, ये भी कर लेते हैं.. आजकल बेशक चीजें ज्यादा व्यवस्थित हैं, और सब कुछ बहुत साफ है, लेकिन उस समय हम बस कर लेते थे और जादू हो जाता था। वह भी एक बहुत ही खूबसूरत, जादुई दौर था।

उनके इस शानदार सफर और भारतीय सिनेमा में उनके योगदान से प्रभावित होकर हर्ष लिम्बाचिया ने कहा, इसीलिए मैम आपको महानायिका कहते हैं लोग।

कहानियों और ठहाकों से सजे इस मंच के साथ, आगामी एपिसोड दर्शकों के लिए मनोरंजन से भरी एक और अविस्मरणीय शाम लेकर आने के लिए पूरी तरह तैयार है।

देखना न भूलें इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर।

# सैमसंग ने 'द बिग बिस्पोक एआई फेस्ट' की घोषणा की, घरेलू उपकरणों पर आकर्षक समर ऑफर्स

**सैमसंग** इंडिया ने 'द बिग बिस्पोक एआई फेस्ट' की घोषणा की है, जो 12 जून से 19 जुलाई 2026 तक चलेगा। इस दौरान कंपनी अपने बिस्पोक एआई होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो पर आकर्षक समर अफर्स दे रही है। चुनिंदा बिस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर, वशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और अन्य घरेलू उपकरणों पर ग्राहकों को 20,000 रुपये तक का कैशबैक और एक्सटेंडेड वारंटी जैसे लाभ मिलेंगे, जिससे इस गर्मी में एआई-समर्थित स्मार्ट जीवनशैली अपनाना आसान होगा।

ऑफर के तहत, चुनिंदा रेफ्रिजरेटर और वाशिंग मशीन खरीदने वाले ग्राहक सैमसंग केयर् के माध्यम से एक वर्ष की एक्सटेंडेड वारंटी खरीदकर अतिरिक्त दो वर्ष की वारंटी निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। वहीं, सिंगल डोर रेफ्रिजरेटर पर ग्राहक केवल 99 रुपये में एक वर्ष की एक्सटेंडेड वारंटी का लाभ उठा सकते हैं।

चुनिंदा टॉप-लोड वशिंग मशीनों के इंस्टलेशन के समय ग्राहकों को मुफ्त फिल्टर भी दिया जाएगा, जो मशीन को धूल और जंग से बचाकर उसकी आयु बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा, सैमसंग फाइनेंस् के माध्यम से खरीदारी करने पर ग्राहकों को 1000 रुपये तक का कैशबैक मिलेगा। यह पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस प्रक्रिया पर आधारित है, जिससे खरीदारी का अनुभव आसान होने के साथ इसकी पहुंच भी बढ़ती है।

इसके अलावा, एयर कंडीशनर खरीदने वाले ग्राहकों को 5 वर्ष की कंप्रिहेंसिव वारंटी का लाभ मिलेगा, जो उत्पाद की दीर्घकालिक विश्वसनीयता सुनिश्चित करते हुए उपयोगकर्ताओं को अतिरिक्तभरोसा देता है।

'द बिग बिस्पोक एआई फेस्ट' के ऑफर प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफार्म और देशभर के चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।

सैमसंग के बिस्पोक एआई अप्लायंसेज एडवांस्ड एआई और स्मार्ट कनेक्टिविटी तकनीक से लैस हैं, जो उपयोगकर्ताओं को अधिक स्मार्ट, सहज और ऊर्जा-कुशल अनुभव प्रदान करते हैं। बिस्पोक एआई एयर कंडीशनर तेज कूलिंग के साथ एयरफ्लो को स्वतः समायोजित करते हैं, जिससे लंबे समय तक आरामदायक वातावरण बना रहता है। स्मार्टथिंग्स होम केयर फीचर उपकरणों के प्रदर्शन की निगरानी करता है और गैस की कमी या फिल्टर की सफाई जैसी संभावित समस्याओं की जानकारी पहले ही दे देता है। किचन के लिए बिस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर सैमसंग के कनेक्टेड इकोसिस्टम के माध्यम से एआई-आधारित सुविधा और सुगम होम मैनेजमेंट अनुभव प्रदान करते हैं। वहीं, बिस्पोक एआई वशिंग मशीनें धुलाई की जरूरत के अनुसार वश साइकिल को अनुकूलित कर प्रभावी और दक्ष सफाई सुनिश्चित करती हैं।

## प्रवचन

# अन्तरात्मा की आवाज को महव देना चाहिए : जीयर स्वामी

**प्रभु के तेज के बगैर व्यक्ति या वस्तु का वजूद नहीं**

**कुतर्क बुद्धि दबा देती है आत्मा की आवाज**



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

प्रत्येक मनुष्य की आत्मा ईश्वर का स्वरूप है। वह गलत कार्य से रोकती है। व्यक्ति अगर किसी कार्य के पूर्व अन्तरात्मा की आवाज सुने तो वह सही-गलत का निर्णय सुना देती है। अच्छे-बुरे, नीति-अनीति, न्याय-अन्याय और धर्म-अधर्म में अन्तर सबको समझ में आता है। लेकिन तार्किक बुद्धि, कुतर्क करके आत्मा की आवाज दबा देती है, जिसे मनुष्य अपनी चतुराई समझता है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

स्वामी जी ने कहा कि परमात्मा की स्थायी सत्ता स्वीकार करनी चाहिए। उसी के प्रकाश से संसार प्रकाशित होता है। सूर्य की प्रभा, चंद्रमा की शीतलता, वायु का वेग, अग्नि में दहकता और पृथ्वी में उर्वरा ये सभी परमात्मा के वेग एवं शक्ति से संचालित होते हैं। परमात्मा जहां से अपना प्रकाश हटा लेते हैं, दुनिया उसे तत्काल अस्वीकार कर देती है। उन्होंने कहा कि बॉल्ब से कनेक्शन हटा देने पर रौशनी समाप्त हो जाती है। वह प्रकाश देने के अपने गुण से वंचित हो जाता है। उसी तरह परमात्मा, जिस वस्तु और व्यक्ति से अपना तेज हटा लेते हैं तो वह मूल्यहीन हो जाते हैं।

वेदांत दर्शन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सोना एक धातु है। उससे आप चाहें तो भिन्न-भिन्न आभूषण बना लें, लेकिन उनके मूल में सोना ही रहेगा। बदलाव केवल आभूषणों के स्वरूप एवं नाम का होगा, सत्ता का नहीं। उसी तरह परमात्मा किसी भी तेज या प्रकाश के मूल में होते हैं। उपनिषदों में बार-बार यह सत्य दुहराया गया है कि परम सत्ता के प्रकाश से ही सूर्य-चन्द्र, बिजली-अग्नि सभी प्रकाशित होते हैं। उसकी सत्ता के कारण ही समस्त जड़-चेतन वस्तुओं की सत्ता है। उसकी कृपा के बदौलत ही जीवों की अस्मिता है।

स्वामी जी ने कहा कि भक्ति में कुछ माँगना नहीं चाहिए। माँगने से भक्ति अधूरी हो जाती है। अयोध्या के पास एक हनुमान भक्त रहते थे। उन्हें हनुमान जी दर्शन दिया करते थे। एक दिन स्नानघाट पर उक्त भक्त एवं कपड़ा धोने वाले के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर झगड़ा हो गया। भक्त की पुकार पर हनुमान जी आए लेकिन भक्त को भी समानान्तर डंडा से प्रहार करते देख लौट गये। पुनः हनुमान जी का जब दर्शन हुए तो भक्त ने देखा कि उदास बैठे हैं। भक्त के पूछने पर बोले कि आप दोनों क्षमता के अनुसार लड़ रहे थे, जिससे मैं निर्णय नहीं कर पाया और लौट गया। स्वामी जी ने कहा कि इष्ट से या सामाजिक जीवन में वरिष्ठ से गलत अपेक्षा नहीं करनी चाहिए। इष्ट और वरिष्ठ सभी के लिए होते हैं। इनपर सबका सम्मान अधिकार होता है।

उन्होंने कहा कि भगवान के प्रमुख 24 अवतारों में बाराह अवतार, यज्ञावतार, कपिल देव, दत्तात्रेय, सनकादि, नर-नारायण, वासुदेव, राजा पृथु, ऋषभदेव, हैयग्रीव, मत्स्य, कच्छप, नृसिंह, हरि अवतार, वामन, हंसावतार, मनु, धनवंतरी, परशुरामावतार, रामावतार, कृष्ण-बलराम, व्यास, बुद्ध और कलकी अवतार शामिल हैं।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

# बिहार के लिए ऐतिहासिक क्षण : दीदी की लाइब्रेरी को अमेरिकी विश्वविद्यालय की पत्रिका में मिली वैश्विक पहचान

**त्रैमासिक पत्रिका में सामुदायिक पुस्तकालय और करियर विकास केंद्र (सीएलसीडीसी) कार्यक्रम का विस्तृत वर्णन**

**बिहार** ने एक बार फिर से वैश्विक स्तर पर अपना पहचान स्थापित किया है। दरअसल, अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से प्रकाशित प्रतिष्ठित त्रैमासिक पत्रिका स्टैनफोर्ड सोशल इनोवेशन रिव्यू के अंक में राज्य में संचालित सामुदायिक पुस्तकालय सह करियर विकास केंद्र (जीविका दीदी की लाइब्रेरी) को स्थान मिला है।

इस उपलब्धि के बाद ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि बिहार की धरती से शुरू की गई पहल आज वैश्विक स्तर पर महिला नेतृत्व, सामुदायिक नवाचार और शिक्षा के माध्यम से पीढ़ीगत गरीबी निवारण के एक प्रभावी मडल के रूप में पहचानी जा रही है। यह उपलब्धि हरेक जीविका दीदी एवं उनके भावी पीढ़ी के अटूट विश्वास को समर्पित है। अगर सही मार्गदर्शन एवं अवसर मिले तो गांव की महिलाएं भी समाज को बदलने में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकती हैं।

हाल के कुछ दिन पहले अमेरिकी स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से प्रकाशित होने वाली स्टैनफोर्ड सोशल इनोवेशन रिव्यू नामक एक प्रमुख पुरस्कार विजेता पत्रिका में जीविका की लाइब्रेरी और उसकी सफलता को लेकर एक विस्तृत कहानी का प्रकाशन किया गया है।

इसमें भोजपुर जिले के कुलहरिया एवं अमहारा गांव में संचालित दीदी की लाइब्रेरी पर ध्यान केंद्रित है। इस पूरी कहानी में राज्य में नई पहल के तहत शुरू दीदी की लाइब्रेरी से हर वर्ष निकलने वाली प्रतिभा, ग्रामीण घरेलू महिलाओं के लाइब्रेरी के सहारे आत्मस्वलंबन की गाथा को शामिल किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को आत्म निर्भर और साक्षर बनाने की दिशा में ग्रामीण विकास विभाग की ओर से दीदी की लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा है।

यह पूरी पहल बिहार सरकार के सामुदायिक पुस्तकालय और करियर विकास केंद्र (सीएलसीडीसी) कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पहला पुस्तकालय फरवरी 2023 में खुला था, और अब 33 जिलों में 117 पुस्तकालय संचालित हैं। इन केंद्रों पर पुस्तकालय वेबिनार, करियर कार्यशालाएं, अंग्रेजी प्रशिक्षण, रोजगार एवं उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा की तैयारियों में ग्रामीण प्रतिभाओं को सहयोग दिया जा रहा है।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट डिजिटल डेली न्यूज पेपर दैनिक नवसंदेश स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### हृदयाघात से गोविंज थाना के चौकीदार मदन मोहन मिश्रा का निधन

**अरेराज।** गोविंज थाना में कार्यरत चौकीदार मदन मोहन मिश्रा उर्फ मनोज मिश्रा का शुक्रवार को हृदयाघात (हार्ट अटैक) से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पुलिस महकमे तथा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें अरेराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके असामयिक निधन से परिजनों सहित सहकर्मियों में गहरा शोक व्याप्त है। गोविंज थाना परिसर में अधिकारियों एवं कर्मियों ने दिवंगत चौकीदार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। उनके निधन पर गोविंज थाना प्रभारी राजू मिश्रा, पूर्व विधायक सुनील मणि तिवारी, कांग्रेस के वरीय नेता जय प्रकाश पांडेय, तेज बहादुर सिंह, एन्.एन्. तिवारी, मुन्ना मिश्रा, मृत्युंजय मिश्रा सहित कई गणमान्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मदन मोहन मिश्रा अपने कर्तव्यनिष्ठ और मिलनसार स्वभाव के लिए सदैव याद किए जाएंगे।

### स्नातक सत्र 2026-30 के प्रथम सेमेस्टर के नामांकन हेतु प्रथम सूची जारी

**मोतिहारी।** स्नातक सत्र 2026-2030 के प्रथम सत्र में नामांकन हेतु प्रथम सूची विश्वविद्यालय द्वारा जारी कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एल एन डी कलेज के प्राचार्य प्रो (ड) मृगेंद्र कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रथम मेधा सूची के आधार पर 12 जून से 20 जून तक नामांकन किया जाएगा। जिन छात्र छात्राओं के पास सी एल सी या माइग्रेशन सर्टिफिकेट नहीं है उनको स्वयं शपथ पत्र के आधार पर 15 दिनों में उक्त प्रपत्र जमा करने की समय सीमा के साथ नामांकन लेने की अनुमति दी गई है। महाविद्यालय मीडिया प्रभारी ड प्रभाकर कुमार ने बताया कि छात्र छात्राओं को अनलाइन फीस जमा करने के साथ ही सभी आवश्यक कागजात महाविद्यालय में सत्यापित कराकर काउंटर नंबर 3 और 4 पर जमा कराना होगा। साथ ही नवागंतुक छात्र छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि अंतिम समय में होने वाली भीड़ से बचने के लिए नामांकन के शुरुआती दिनों में ही नामांकन लेना सुविधाजनक होगा।

### पलिटेक्कि परीक्षा में पूरन छपरा के दो छात्रों ने मारी बाजी

**चकिया।** बिहार पलिटेक्कि प्रवेश परीक्षा परिणाम में पूरन छपरा गांव के प्रतीक कश्यप एवं सत्यम पाराशर ने सफलता हासिल कर गांव समेत प्रखंड का नाम रोशन किया है। प्रतीक कश्यप ने राज्य स्तर पर समान्य श्रेणी में 76 वां रैंक एवं बीसी श्रेणी में 33 वां रैंक जबकि सत्यम पाराशर ने समान्य श्रेणी में 326 वां रैंक एवं ईडब्ल्यूएस में 38 वां रैंक हासिल किया है। स्थानीय सर्वोदय पब्लिक स्कूल के ये दोनों छात्र मैट्रिक परीक्षा में टपर रहे थे। स्कूल के निदेशक ओपी सर ने इनके सफलता पर बधाई दी। ओपी सर ने बताया कि उत्ष्ट रैंक प्राप्त कर ये दोनों अपने परिवार, विद्यालय,गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किए हैं। इनके सफलता पर ग्रामीण,प्रबुद्धजन तथा गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

# प्राकृतिक खेती से मिट्टी बचाएं लागत घटाएं : राधामोहन सिंह

## खेत बचाओ अभियान के तहत प्राकृतिक खेती सम्मेलन सह प्रशिक्षण आयोजित

**पीपराकोठी (डीएनएस)।** श्खेत बचाओ अभियान्श के तहत एक जिला स्तरीय प्रातिक खेती सम्मेलन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम षि विज्ञान केंद्र के सभागार में शारदीय खरीफ महाअभियान के अंतर्गत हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री सह स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह, बिहार सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री रामचंद्र प्रसाद, विधायक प्रमोद कुमार, श्यामबाबू यादव, ष्णनंदन पासवान, सचिन्द्र प्रसाद सिंह, लालबाबू प्रसाद, शालिनी मिश्रा और बिहार राज्य मछुआरा आयोग के अध्यक्ष मनोज सहनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। षि विज्ञान केंद्र के प्रमुख ड़ अरविन्द कुमार सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राधामोहन सिंह ने कहा कि प्रातिक खेती केवल एक षि पद्धति नहीं है, बल्कि यह


उद्घाटन करते अतिथि।

मिट्टी, जल और पर्यावरण संरक्षण का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता कम करके प्रातिक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 1 से 30 जून तक चल रहे श्खेत बचाओ अभियान्श का उद्देश्य मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित पोषण प्रबंधन, प्रातिक खेती को बढ़ावा देना और किसानों की उत्पादन लागत कम कर उनकी आय बढ़ाना है। सिंह ने यह भी कहा कि प्रातिक खेती हमारी परंपरा का हिस्सा रही है, लेकिन रासायनिक खेती के बढ़ते प्रभाव से मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य प्रभावित हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रातिक खेती और शून्य लागत खेती को विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की बात कही। जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र और अगियास्त्र जैसे जैविक आदानों के प्रयोग से खेती की लागत घटती है और सुरक्षित खाद्यान्न का उत्पादन होता है। वन एवं पर्यावरण मंत्री रामचंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि प्रातिक खेती पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य सुरक्षा का प्रभावी उपाय है। इससे भूमि की उर्वरता बढ़ती है, जल संरक्षण होता है और किसानों को गुणवत्तापूर्ण विषमुक्त उत्पाद प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों को प्रातिक खेती से जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिला षि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह, उपमहापौर ड़ लालबाबू प्रसाद, पावन राज, अखिलेश सिंह, षि विभाग के अधिकारी, षि वैज्ञानिक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# व्यवहार न्यायालय अरेराज को प्रस्तावित भूमि का किया गया संयुक्त निरीक्षण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** व्यवहार न्यायालय, अरेराज की स्थापना हेतु प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण शुक्रवार को माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पूर्वी चंपारण के साथ जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा किया गया। इस दौरान अरेराज नगर क्षेत्र में प्रस्तावित स्थल का संयुक्त रूप से दौरा कर निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में प्रस्तावित भूमि की भौगोलिक स्थिति, क्षेत्रफल, पहुंच मार्ग, वर्तमान उपयोगिता, सीमांकन की स्थिति तथा भूमि अर्जन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं का स्थल पर जाकर अवलोकन किया गया। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तावित भूमि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा व्यवहार न्यायालय परिसर की स्थापना हेतु भूमि की उपयुक्तता का मूल्यांकन किया गया।इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, अरेराज एवं अंचल अधिकारी, अरेराज उपस्थित रहे तथा निरीक्षण कार्य में सहयोग


भूमि निरीक्षण करते अधिकारी।

प्रदान किया। निरीक्षण उपरांत माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि व्यवहार न्यायालय, अरेराज की स्थापना की प्रक्रिया को नियमानुसार आगे बढ़ाया जा सके।विदित हो कि मोतिहारी अनुमंडल को छोड़कर जिले के सभी पांच अनुमंडलोंरक्सौल, ढाका, चकिया, अरेराज एवं पकड़ीदयाल में अनुमंडल न्यायालयों के निर्माण की योजना है, जिसके लिए लगभग 06 एकड़ भूमि की आवश्यकता निर्धारित की गई है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषि कर्मियों को मिला सम्मान

## राधामोहन सिंह ने कृषि विभाग के कर्मियों को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

**पीपराकोठी ।** कृषि विज्ञान केंद्र के अटल सभागार में शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय प्रातिक खेती सम्मेलन सह शारदीय खरीफ महाअभियान-2026 के दौरान षि विभाग के उत्ष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया। पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह ने उन्हें प्रशंसा पत्र प्रदान कर उनके कार्यो की सराहना की। यह कार्यक्रम श्खेत बचाओ अभियान्श के तहत आयोजित किया गया था। इस अवसर पर राधामोहन सिंह ने षि



प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि।

कर्मियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं, नई तकनीकों और प्रातिक खेती के लाभों को किसानों तक पहुंचाने में षि कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके समर्पण और मेहनत से किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊखेती की दिशा में प्रेरणा मिल रही है। सम्मानित होने वालों में किसान सलाहकार ठाकुर जयराम सिंह, रंजन कुमार सिंह, संजय कुमार सुमन, विनोद कुमार मिश्रा और अभय कुमार शामिल रहे। इसके अतिरिक्त एटीएम अजय कुमार, अभिषेक कुमार, प्रिंस राज, बीटीएम विनेश कुमार, रौशन कुमार, एसी योगेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, बिनोद कुमार, अभय रंजन सिंह, विवेक कुमार तथा ललित प्रसाद को भी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले कर्मियों ने इस पहल को अपने कार्य के प्रति जिम्मेदारी और किसानों की सेवा के लिए प्रेरणादायक बताया।

# सदर अनुमंडल अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न खाद्यान्न वितरण व ई-केवाईसी में तेजी लाने का निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में शुक्रवार को सदर अनुमंडल अनुश्रवण समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी निशान्त सिहारा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक में खाद्य एवं उपभोक्ता आपूर्ति विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि सदर अनुमंडल अंतर्गत जून माह का लगभग 60 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण पूरा कर लिया गया है, जबकि लगभग 84 प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी कार्य पूर्ण हो चुका है।अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जून माह का शेष खाद्यान्न वितरण शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी कार्य तेजी से पूरा कराया जाए। उन्होंने अपात्र राशन कार्डधारियों की पहचान कर नियमानुसार नोटिस जारी करते हुए कार्ड रद्द करने की कार्रवाई में भी तेजी लाने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने घरेलू एवं


बैठक में भाग लेते अधिकारी।

व्यावसायिक गैस की आपूर्ति एवं उपलब्धता पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही नए राशन कार्ड बनाने एवं कार्ड में नाम जोड़ने से संबंधित आवेदनों के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया गया।अनुमंडल पदाधिकारी ने जानकारी दी कि प्रखंड स्तर पर 17 एवं 18 जून को प्रखंड सहयोग-सह-जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा।बैठक के अंत में अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि खाद्यान्न वितरण एवं ई-केवाईसी कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण किए जाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्वी चंपारण में आईसीडीएस के 138 कर्मियों का स्थानांतरण, 18 जून तक योगदान का निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण द्वारा समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) के अंतर्गत कार्यरत कर्मियों का बड़े पैमाने पर स्थानांतरण किया गया है। प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सुढ़, पारदर्शी एवं जन-केन्द्रित बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।समाहरणालय से जारी आदेश के अनुसार चार विभिन्न संवर्गो के कुल 138 कर्मियों का स्थानांतरण किया गया है। इनमें 11 सांख्यिकी सहायक एवं लिपिक, 21 प्रखंड समन्वयक (एनएनएम), 24 डाटा एंट्री अपरेटर एवं कार्यपालक सहायक तथा 82 महिला पर्यवेक्षिकाएं शामिल हैं।जिला प्रशासन ने स्थानांतरित सभी कर्मियों को निर्देश दिया है कि वे 18 जून 2026 तक अपने वर्तमान पद का प्रभार विधिवत हस्तांतरित अथवा ग्रहण करते हुए नव-पदस्थापित कार्यालय में अनिवार्य रूप से योगदान सुनिश्चित करें।आदेश में सभी संबंधित कार्यालय प्रधानों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि स्थानांतरण की प्रक्रिया के दौरान कार्यालय का नियमित कार्य प्रभावित न हो। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि स्थानांतरित कर्मियों के जुलाई 2026 माह के वेतन एवं अन्य देयकों का भुगतान उनके नए पदस्थापन कार्यालय द्वारा किया जाएगा।जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस आदेश से पूर्व जारी सभी प्रतिनियुक्ति आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त माने जाएंगे। संबंधित कार्यालय प्रधानों को शीघ्र अनुपालन प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि अनुपालन में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा विलंब को अनुशासनहीनता मानते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।प्रशासनिक हलकों में इस स्थानांतरण को आईसीडीएस व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### जनता दरबार में 63 मामलों की सुनवाई, त्वरित निष्पादन का निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** डा. राधाकृष्णन सभागार में शुक्रवार को आयोजित ष्जनता के दरबार में जिला प्रशासनष कार्यक्रम में जिले के विभिन्न अंचलों से आए 63 आवेदकों की समस्याओं की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश के आलोक में आयोजित इस कार्यक्रम में अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेन्द्र कुमार भारती की अध्यक्षता में वरीय उप समाहर्ता निधि कुमारी एवं विकास कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं।सुनवाई के दौरान अपर समाहर्ता ने कई मामलों में संबंधित पदाधिकारियों से सीधे दूरभाष पर संपर्क कर शिकायतों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों के स्तर से आवश्यक कार्रवाई कराते हुए समस्याओं का विधिसम्मत एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद तथा राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इन मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश के साथ आवेदन भेजने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी, जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया।अपर समाहर्ता ने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर एवं संवेदनशील है। जनता दरबार के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, ताकि लोगों को समयबद्ध न्याय एवं राहत मिल सके।

### तुरकौलिया में नकली टायर-ट्यूब कारोबार का भंडाफोड़, दो दुकानों पर छापेमारी

**मोतिहारी(एनएसबी)।** तुरकौलिया बाजार में नकली टायर-ट्यूब के कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ है। सीईएट कंपनी के अधित अधिकारी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो दुकानों पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में बाइक के नकली ट्यूब बरामद किए गए। इस मामले में थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीईएट कंपनी के अधित अधिकारी धीरज शुक्ला (मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत पारु निवासी) को गुप्त सूचना मिली थी कि तुरकौलिया बाजार स्थित कुछ दुकानों में कंपनी के नाम पर नकली टायर एवं ट्यूब बेचे जा रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद उन्होंने तुरकौलिया पुलिस के सहयोग से दुर्गा मंदिर के समीप स्थित दो दुकानोंसत्यम मोटर्स एवं शर्मा मोटर साइकिलमें छापेमारी की।छापेमारी के दौरान दोनों दुकानों से सीईएट कंपनी के नाम पर बेचे जा रहे बड़ी संख्या में नकली ट्यूब बरामद किए गए। इसके बाद सत्यम मोटर्स के संचालक बच्चा सिंह एवं शर्मा मोटर साइकिल के संचालक मोहदी शर्मा को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।कंपनी के अधिकारी धीरज शुक्ला ने बताया कि नकली उत्पादों की बिक्री से कंपनी की साख को नुकसान पहुंचाया जा रहा था, जिसके खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।वहीं तुरकौलिया थानाध्यक्ष संपत कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत सख्त कार्रवाई की जाएगी।छापेमारी के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति देखी गई है। पुलिस ने संकेत दिया है कि नकली उत्पादों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि उपभोक्ताओं को ठगी से बचाया जा सके और बाजार में वास्तविक उत्पादों की बिक्री सुनिश्चित हो सके।

### ग्रामीण विकास मंत्री ने कौशर राजा के निधन पर किया शोक व्यक्त

**चकिया।** ग्रामीण विकास मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार ने नगर अध्यक्ष कौशर राजा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। शुक्रवार को ग्रामीण विकास मंत्री ने उनके पिता व पुत्र से मोबाइल पर बात की। शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में हमलोग परिवार के साथ मजबूती से खड़े है। ग्रामीण विकास मंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। शहर के चाणक्य पूरी स्थित आवास पर जाकर जदयू जिला अध्यक्ष भरत पटेल ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया व मंत्री से बात कराई। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजन पटेल,गौतम कुमार,मो इरफान शेख, ओम प्रकाश पटेल,संजय मोदी, सुनील यादव, प्रकाश पटेल सहित अन्य मौजूद थे।


मंत्री से मोबाइल पर बात करते मृतक के पिता।

### जेडीयू की नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य शिवरानी देवी प्रजापति का भव्य स्वागत

**पीपराकोठी।** जनता दल (यूनाइटेड) की नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य शिवरानी देवी प्रजापति का उनके गृह जिला बेतिया जाने के क्रम में स्थानीय मुख्य चौराहे पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उनके आगमन की सूचना पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता चौराहे पर एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र भेंट किए गए, पुष्पगुच्छ दिए गए और फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाकर अपनी खुशी व्यक्त की और उन्हें विधान परिषद सदस्य निर्वाचित होने पर बधाई दी। इस अवसर पर शिवरानी देवी प्रजापति ने सभी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा दिए गए सम्मान को स्वीकार किया। उन्होंने स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता और कार्यकर्ताओं का यह ेह एवं विश्वास उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने और क्षेत्र के विकास के लिए निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया। स्वागत कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र साह, उदय कुमार पंडित, नवल पंडित, अशोक प्रजापति, मदन प्रजापति, सुखदेव पंडित, सुरेश पंडित, संतराम पंडित, अशर्फीलाल पंडित, हरिचंद्र पंडित, हरेंद्र पंडित सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की और पार्टी संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।


स्वागत करते लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### रामकुमार फिर से बने कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष, कार्यकत्राओं में खुशी



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड कांग्रेस संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से पार्टी आलाकमान ने एक बार फिर रामकुमार पासवान पर भरोसा जताते हुए उन्हें प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी पुनर्नियुक्ति की घोषणा होते ही कांग्रेस कार्यकत्राओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पार्टी कार्यकत्राओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व के निर्णय का स्वागत किया। कार्यकताओं ने कहा कि रामकुमार पासवान लंबे समय से संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। कार्यकत्राओं का कहना है कि उनके नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को नई मजबूती मिलेगी और संगठन पहले से अधिक सक्रिय होकर जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएगा। इस अवसर पर कई कार्यकत्राओं ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी पुनर्नियुक्ति से कार्यकत्राओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। साथ ही कार्यकत्राओं ने आने वाले दिनों में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान तथा जनसंपर्क कार्यक्रमों को और तेज गति से चलाने का संकल्प लिया। उन्होंने विश्वास जताया कि रामकुमार पासवान के नेतृत्व में पार्टी क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को और प्रभावी ढंग से संचालित करेगी।

### महिषी पूर्वी चैक से बलुआहा कोशी महासेतु तक एक स्वतंत्र उच्चस्तरीय मार्ग निर्माण की मांग

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** महिषी पश्चिमी चैक से सौ मीटर उत्तर कर्णपुर राजनपुर पथ पर अति उच्च क्षमता वाले वाहन के परिचालन और वर्षाजल के कारण सड़क के मध्य धंस जाने के उपरांत सहरसा पथ निर्माण विभाग के द्वारा युद्धस्तर पर मरम्मती कार्य को सम्पन्न किया जा रहा है। विदित हो कि भारतमाला परियोजना के तहत छभ् 327म का निर्माण श्री उग्रतारा स्थान आने वाले श्रद्धालुओं के किया गया है। इस सड़क के बन जाने से सहरसा से आने वाले सभी ट्रैफिक का मूवमेंट महिषी होकर ही बलुआहा कोशी महासेतु जाने के लिए पटना और दरभंगा दिशा की ओर हो रहा है। जिस कारण महिषी चैक से पश्चिम और उत्तर दिशा में बलुआहा कोशी महासेतु जाने के लिए एकमात्र कर्णपुर राजनपुर पथ ही माध्यम है। एमडीआर पथ के रूप में चिह्नित इस पर अत्यधिक वाहनों के दबाव के कारण पथ अंश का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। समय रहते त्वरित कार्रवाई करते हुए कनिया अभियंता, सहरसा पथ प्रमंडल के द्वारा आवश्यक कार्य उक्त स्थल पर किए जा रहे हैं। अवस्थित लोगों ने बताया कि कार्यस्थल पर मौजूद विभागीय अभियंताओं के माध्यम से महिषी पूर्वी चैक से बलुआहा कोशी महासेतु तक एक स्वतंत्र उच्चस्तरीय मार्ग का निर्माण व्यापक जनहित अविलंब किया जाय।




### कंदाहा सुर्य मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर जिला प्रशासन ने मुख्यालय को भेजा प्रस्ताव

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिलें के महिषी प्रखंड स्थित उत्तर बिहार का एकमात्र सुर्य मंदिर अवस्थित है। जिला प्रशासन द्वारा कंदाहा सुर्य मंदिर के जीर्णोद्धार एवं विकसित करने के लिए मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। जिले वासियों की उम्मीद जगी है। कंदाहा सुर्य मंदिर परिसर में छठ महापर्व का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि वर्ष 1981 से ही बिहार राज्य पुरातत्त्व निदेशालय के द्वारा संरक्षित भी है। कन्दाहा सूर्य मंदिर में अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार काले पत्थर से बने मूर्तियां 14वीं शताब्दी पूर्व की हैं जो अपने आप में अति महत्वपूर्ण भी हैं।बिहार राज्य कला एवं संस्कृति विभाग इस स्थल पर प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय छठ महापर्व और एक राजकीय कन्दाहा सूर्य महोत्सव, इस स्थल की गरिमा को अक्षुण्ण रखने के लिए साथ ही इस स्थल के सर्वांगीण विकास के लिए, विचार करे। आशा व अपेक्षा सहरसा जिला प्रशासन इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करेंगे। इस मंदिर के संबंध में बताया जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब द्वारा कुष्ठ रोग से निवारण को लेकर पुरे देश में बारह राशि अंतर्गत बारह सुर्य मंदिर बनाया गया। इस मंदिर का जीर्णोद्धार ओइनवार वंश के राजा ने कराया था। लेकिन अब यह जीर्ण शीर्ण अवस्था मे है। स्नेहा झा, जिला कला एवं संस्कृति अधिकारी ने कहा कि इस पुरातात्विक स्थल को विकसित करने के लिए विभागीय संकल्प के प्रति तत्पर है।



### सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**सहरसा (एनएसबी)।** स्थानीय विकास भवन में सिपाही भर्ती द्वारा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय, गृह विभाग एवं परिवहन विभाग में क्रमशः ह्यमद्य निषेध सिपाही, ह्यकक्षपालह्य एवं ह्यचलन्त दस्ता सिपाहीह्य के पद पर चयन के लिए आयोजित लिखित परीक्षा हेतु प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों हेतु जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में संयुक्त सम्बोधन का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर जानकारी दी गई कीः उक्त वर्णित पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन जिलांतर्गत चिन्हित परीक्षा केंद्रों पर 14.एवं 17 को दो-दो पालियों में निर्धारित हैह्ल। प्रथम पाली में अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग टाइम 8.00 बजे पूर्वाह्न एवं द्वितीय पाली में अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग टाइम 1.00 बजे अपराह्न है। परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पहले अर्थात 9.00 बजे पूर्वाह्न के बाद किसी भी परिस्थिति में किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। परीक्षा के सुचारु संचालन निमित समेकित रूप से 26 स्टैटिक दंडाधिकारी/05 जोनल दंडाधिकारी एवं 02 उड़नदस्ता दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। स्टैटिक दंडाधिकारी प्रेक्षक के रूप में परीक्षा केंद्रों पर स्थाई रूप से भ्रमणशील रहकर स्वच्छ, कदाचार रहित एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने में महती भूमिका का निर्वहन करेंगे। जबकि जोनल दंडाधिकारी अपने आबंटित परीक्षा केंद्रों पर गश्ती दल के दंडाधिकारी भी रहेंगे एवं गश्ती, भ्रमणशील रहकर स्वच्छ, कदाचार रहित एवं शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा का संचालन निर्गत आदेशों का अनुपालन करते हुए पूर्ण करायेंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, अपर समाहर्ता गणेश कुमार एवं अपर समाहर्ता निशांत सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।



### एक महिला व युवक को कथित तौर पर तालिबानी सजा देने के मामले में 20-30 अज्ञात पर मामला दर्ज

**सहरसा (एनएसबी)।** सदर थाना क्षेत्र स्थित रूपनगरा वार्ड 45 में एक महिला और युवक को कथित तौर पर तालिबानी सजा देने के मामले में पुलिस ने अब खुद के बयान पर शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की है। दरअसल, भीड़ ने संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने पर दोनों के साथ मारपीट की, महिला के बाल काटे और युवक का सिर आधा मुंडवा दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को भीड़ से बचाया। पुलिस के अनुसार, रूपनगरा निवासी एक महिला का पति बाहर रहकर काम करता है। महिला ने बताया कि बुधवार रात करीब 11:30 बजे उसने घर के एक जरूरी काम के लिए सहरसा बस्ती डुमरेल निवासी 30 वर्षीय मो. आशिक को अपने घर बुलाया था। इसी दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने दोनों को साथ देख लिया और शोर मचाना शुरू कर दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। आरोप है कि भीड़ ने महिला और युवक को एक कमरे में बंद कर दिया और उनके साथ मारपीट की। इसके बाद महिला के सिर के बाल काट दिए गए, जबकि युवक का सिर आधा मुंडवा कर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। दैनिक भास्कर टीम ने युवक और महिला से बयान लेने की कोशिश की तब उन्होंने इस मामले में कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

# सड़क हादसे में तीन पुलिस पदाधिकारियों के निधन पर लोजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** पटना से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटने के दौरान बेगूसराय के समीप हुए सड़क हादसे में मधेपुरा जिले के तीन पुलिस पदाधिकारियों की असामयिक मौत पर लोक जनशक्ति पार्टी के नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया। पार्टी कार्यकत्राओं ने युवा लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दिवंगत अधिकारियों को पुष्प अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए अमरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि अरार थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र अमरेन्द्र, रतवारा थानाध्यक्ष साजन पासवान तथा बेलारी थानाध्यक्ष नीरज कुमार का निधन पुलिस विभाग और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि तीनों अधिकारियों ने अपने कार्यकाल में कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन किया और आम लोगों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने बताया कि दिवंगत ज्ञानेंद्र अमरेन्द्र पूर्व में बनमा ईटहरी थाना के थानाध्यक्ष रह चुके थे, जबकि साजन पासवान ने यहां एसआई के रूप में अपनी सेवाएं दी थीं। क्षेत्र के लोगों से दोनों अधिकारियों का गहरा जुड़ाव रहा, जिसके कारण उनके निधन की खबर से इलाके में शोक का माहौल है। लोजपा नेताओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। नेताओं ने कहा कि समाज उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार, संसदीय बोर्ड अध्यक्ष मंतोष कुमार शर्मा, प्रखंड प्रवक्ता अशोक कुमार, दुर्गेश यादव, प्रवीण कुमार, भरत यादव, मनोज यादव, सुमन कुमार, सच्चिदानंद साह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



पुलिस को श्रद्धांजलि देते जनषक्ति के कार्यकत्रा

### विश्व बाल दिवस पर आयुक्त के सचिव के नेतृत्व में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** बाल श्रम उन्मूलन एवं बाल शोषण मुक्त समाज निर्माण हेतु अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस का आयोजन किया गया। साथ सही बच्चों में फैलती सुखा नशा एवं हिंसक प्रवृत्ति पर विशेष रूप सें जन जागरूकता चलाया जा रहा है। प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय सभागार में शुक्रवार को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर अमित कुमार, आरडीडीई, कोशी प्रमंडल सहरसा, सह आयुक्त के सचिव के नेतृत्व में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों व कर्मियों द्वारा किसी भी रूप में बाल श्रम का समर्थन नहीं करने व बढ़ावा नहीं देने के संबंध में शपथ ली गई। शपथ ग्रहण के दौरान उप निदेशक जन संपर्क सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## पहलाम चैक के समीप दर्दनाक सड़क हादसा, साइकिल सवार वृद्ध की मौत



मृतक, घटना स्थल पर जुटी लोगों की भीड़

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के पहलाम चैक के समीप शुक्रवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई, वहीं हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमरी बख्तियारपुर-तेलियाहाट मुख्य मार्ग स्थित पहलाम चैक के पास एक अनियंत्रित बाइक ने साइकिल सवार वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में काशिमपुर गांव वार्ड संख्या-3 निवासी मो. रहमान गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि वे पहलाम चैक से साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पहलाम गांव निवासी रामी मुखिया के पुत्र रंजीत मुखिया की बाइक अनियंत्रित होकर साइकिल से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वृद्ध सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बनमा ईटहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक मो. रहमान गांव में मेहनतकश एवं मिलनसार व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन से पूरे गांव में शोक की लहर है।

## नवनिर्वाचित विधान पार्षद के प्रति जदयू मंत्री व कार्यकत्ताओ नें जताया हर्ष

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जनता दलयू जिला मुख्य प्रवक्ता डॉ0 मो0 लुतफुल्लाह ने प्रेस जारी कर कहा की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी नवनिर्वाचित बिहार विधान परिषद के सदस्यों को बधाई व शुभकामना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जदयू कोटे से निशांत कुमार, ललन प्रसाद, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति को जनता दलयू सहरसा की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई। शीर्ष नेतृत्व ह्रदय तल से आभार प्रकट किया। बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि बिहार की महान जनता के हित के लिए पटल पर अपनी बातों को रखेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी के नेतृत्व में बिहार में डबल इंजन की सरकार में और तीर्व गति से विकास के कार्य होंगे पूरे बिहार में रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। 50 लाख नौकरियां दी जायेंगी। महिलाओं को सशक्त किये है बचे हुए सभी कार्य तीव्र गति से किए जाएंगे दलित महादलित को आरक्षण दिया गया है और बिहार विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होंगे। जनता दलयू जिला अध्यक्ष गुंजेश्वर शाह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 20 साल के शासनकाल में बिहार में सभी छेत्रों में विकास हुआ है स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क बिजली की व्यवस्था की गई। 23 घंटा बिजली रहती है गांव से लेकर प्रखंड से लेकर जिला तक सड़कों का जाल बिछाया गया। बड़े-बड़े पुल पुलिया बनाए गए सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज बन रहा है। सहरसा में भी मेडिकल कॉलेज बहुत जल्द बनेगा। इसकी स्वीकृति हो चुकी है सभी प्रखंड में डिग्री कॉलेज बनाए जा रहे हैं छात्र-छात्रओं को स्कॉलरशिप दी जा रही है। मैट्रिक इंटर ग्रेजुएट पास करने वाली छात्राओं को प्रोत्साहन राशी दिया जा रहा है। हर्ष व्यक्त करने वालों में जनता दलयू के वरिष्ठ नेता आनंदी प्रसाद मेहता, सुनील कुमार सिंह, गणेश कुमार गौरव पान, श्रीकांत झा, जय कुमार सिंह, राजकुमार शाह, रघुनंदन सिंह, जदयू नेत्री स्मिता सिन्हा, बिजेंद्र प्रसाद, घनश्याम महतो, राजीव कुमार, अरुणेश कुमार सिंह, अरुण कुमार, विजय कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, संतोष कुमार ठाकुर, अनुज मिश्रा एवं समस्त जदयू कार्यकत्राओ की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं।



डॉ0 मो0 लुतफुल्लाह

## बाल अधिकारों के प्रति प्रभात फेरी एवं जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध उन्मूलन एवं बाल अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया एवं प्रभात फेरी निकाल जागरूकता अभियान चलाया गया। यह प्रभात फेरी आईटीआई कालेज से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न चैक चैराहे से होकर गुजरी साथ ही बाल श्रम उन्मूलन को लेकर शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यालय परिसर में बाल श्रम उन्मूलन हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक सहरसा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कहरा, नवहट्टा तथा श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सोनवर्षा, पतरघट, सौरबाजार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्थाओं कोशी लोक मंच सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक संतोष झा ने कहा कि बाल श्रम समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में बाधक है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित बचपन का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने आमजन से अपील की कि बाल श्रम की रोकथाम हेतु प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी बच्चे को श्रम में संलग्न पाए जाने पर संबंधित विभाग अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचित करें। उन्होंने कहा कि बाल श्रम के विरुद्ध अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता है। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से ही बच्चों के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। जागरूकता वाहन जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में भ्रमण कर बाल श्रम अधिनियम, 1986 के प्रावधानों, बच्चों के अधिकारों तथा शिक्षा के महत्व के संबंध में आम लोगों को जागरूक करेगा। वाहन के माध्यम से प्रचार सामग्री, ऑडियो संदेश एवं सूचना पत्रकों का वितरण भी किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बाल श्रम मुक्त सहरसा के निर्माण तथा प्रत्येक बच्चे को शिक्षा एवं सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने हेतु सामूहिक संकल्प लिया। बाल श्रम उन्मूलन एवं प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, स्वस्थ एवं शिक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।




जागरूकता वाहन को रवाना करते श्रम अधीक्षक

## नए साइबर डीएसपी के रूप में कल्याण आनंद ने किया पदभार ग्रहण, साइबर अपराध पर लगेगा अंकुश

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और आम लोगों को डिजिटल ठगी से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से नए साइबर डीएसपी के रूप में कल्याण आनंद ने पदभार ग्रहण कर लिया है। बिहार पुलिस द्वारा राज्य में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत उनकी यह नियुक्ति की गई है। पदभार संभालने के बाद साइबर डीएसपी कल्याण आनंद ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि साइबर अपराध आज के समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन चुका है। ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग और डिजिटल ठगी के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे में साइबर थाना और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति के साथ साइबर फ्रॉड की घटना होती है तो वह बिना किसी हिचकिचाहट के साइबर थाना पहुंचे या तत्काल शिकायत दर्ज कराए। पुलिस पीड़ितों की हर संभव सहायता करेगी और मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों तक पहुंचने का प्रयास करेगी। कल्याण आनंद ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी, यूपीआई पिन और अन्य गोपनीय जानकारियां किसी के साथ साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज पर भरोसा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। नए साइबर डीएसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की प्राथमिकता आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और साइबर अपराधियों के नेटवर्क को ध्वस्त करना है,नए साइबर डीएसपी की नियुक्ति से लोगों को साइबर अपराध के मामलों में त्वरित सहायता और बेहतर पुलिसिंग की उम्मीद जगी है।



नए साइबर डीएसपी

### मलेरिया विभाग के सेवानिवृत्त पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के निधन पर शोक

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत सोहा गांव निवासी मलेरिया विभाग पूर्णिया से सेवानिवृत्त इन्सपेक्टर 72 वर्षीय प्रवीण कुमार सिंह का बीते गुरूवार की रात हर्ट अटेक से निधन हो गया। वो पिछ्ले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया है।उनके निधन पर नगर अध्यक्ष मनिष कुमार, उपाध्यक्ष शैल देवी, समाजसेवी अजय कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह मुन्ना, संजीव कुमार सिंह, राजद नेता सुधीर सिंह, डाँ रजनीश रंजन, मिलन पासवान, मो इब्राहिम, रूद्रनारायण ठाकुर, इन्द्रदेव साह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, शैलेन्द्र सिंह, कुमार मौलेश सिंह, प्रेमनारायण सिंह, नितेश्वर निर्भय, रमण कुमार सिंह सहित दर्जनों लोगों शोकाकुल परिजनों से मिलकर उसे ढाढस बंधाते हुए गहरी शोक व्यक्त किया है।



## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली



कर्मचारियों को शपथ दिलाते अधिकारी

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, सहरसा में विद्युत कार्यपालक अभियंता के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाल श्रम उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। दोपहर 12 बजे आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता फैलाने तथा बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा एवं उनके अधिकार दिलाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर विद्युत कार्यपालक अभियंता ई. अमित कुमार ने कहा कि बाल श्रम समाज के विकास में एक बड़ी बाधा है तथा इसके उन्मूलन के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने उपस्थित कर्मियों से अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लोगों को बाल श्रम के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने आगे बताया की बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक एवं आर्थिक समस्या है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास को प्रभावित करती है। किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके बच्चों पर निर्भर करता है और यदि बच्चे शिक्षा से वंचित होकर श्रम कार्यों में संलग्न हो जाते हैं तो यह समाज एवं राष्ट्र दोनों के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण, उचित पोषण एवं सम्मानजनक जीवन का अधिकार प्राप्त है तथा इन अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। श्री मनोज कुमार प्रशासी पदाधिकारी विद्युत आपूर्ति प्रमंडल ने बताया कि बच्चे मन के सच्चे एवं बच्चे कल का भविष्य है। बाल श्रम को दूर भगाएँ, हर बच्चे को स्कूल पहुँचाएँ, शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान से उनका भविष्य उज्ज्वल बनाएँ। कार्यक्रम में विभाग के अधीनस्थ पदाधिकारी श्री राकेश कुमार सिंह, लेखा पदाधिकारी सहरसा, प्रभाष कुमार देव, आई टी मैनेजर, राजीव रंजन, दिनकर कुमार, हिमांशु सिंह, शीतल कुमारी, सहायक आईटी मैनेजर सहरसा शहरी अजय कुमार पासवान, दीपक कुमार मोदी, रघुराज सिंह, अशोक कुमार, गौतम कुमार राजा, सुमन कुमारी, आशीष कुमार खा, इमाउद्दीन अंसारी, कर्तिक कुमार, जय बहादुर भारती एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा सभी ने बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण हेतु सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

# मेडिकल कॉलेज को जल्द शुरू करवाने की मांग को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा मांग पत्र : विधायक

**खगड़िया (डीएनएस)।** खगड़िया विधानसभा क्षेत्र के सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने को लेकर बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार को शुक्रवार को मंत्रालय में विस्तृत पत्र देकर कई महत्वपूर्ण मांगें की हैं। विधायक ने खगड़िया मेडिकल कलेज के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने, एनएच-31 पर पूर्वी ठाठा और मानसी के बीच ट्रमा सेंटर की स्थापना, सदर अस्पताल में एफएसएल टीम की स्थायी व्यवस्था, अतिरिक्त सर्जन की नियुक्ति तथा फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञ की पदस्थापना की मांग करते हुए कहा है कि इन सुविधाओं के अभाव में जिले के लाखों लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि खगड़िया उत्तर बिहार का एक महत्वपूर्ण एवं घनी आबादी वाला जिला है, जहां प्रतिदिन हजारों मरीज सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर निर्भर रहते हैं। बावजूद इसके कई आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है, जिसके कारण मरीजों को इलाज के लिए भागलपुर, बेगूसराय, दरभंगा और पटना जैसे शहरों का रुख करना पड़ता है। विधायक बबलू मंडल ने कहा कि खगड़िया मेडिकल कलेज की स्थापना जिले की जनता की वर्षों पुरानी मांग रही है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा इसकी स्वीति दी जा चुकी है। मेडिकल कलेज बनने से न केवल खगड़िया बल्कि आसपास के कई जिलों के लोगों को भी उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।

साथ ही मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय युवाओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से निर्माण कार्य को अविलंब प्रारंभ कराने की मांग की है। पत्र में विधायक ने पूर्वी ठाठा से मानसी के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-31 को दुर्घटनाओं की ष्टि से अत्यंत संवेदनशील बताते हुए इसे डेंजर जोन करार दिया है। उन्होंने कहा कि


ज्ञापन सौपते विधायक बबलू कुमार मंडल।

इस मार्ग पर आए दिन गंभीर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें कई लोगों की जान चली जाती है। दुर्घटना के बाद घायलों को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती, जिससे मृत्यु दर बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में इस क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ट्रमा सेंटर की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। सदर विधायक ने खगड़िया सदर अस्पताल में फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) टीम की स्थायी व्यवस्था की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसी भी आपराधिक या संदिग्ध मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को भागलपुर से बुलाना पड़ता है। इससे जांच प्रक्रिया में विलंब होता है और कई बार महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है।

यदि खगड़िया में ही स्थायी एफएसएल टीम उपलब्ध होगी तो जांच प्रक्रिया अधिक त्वरित और वैज्ञानिक बनेगी। विधायक ने कहा कि खगड़िया सदर अस्पताल जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है, जहां प्रतिदिन लगभग 1300 से 1500 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। मरीजों की संख्या के अनुपात में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं है। विशेष रूप से सर्जन की कमी के कारण कई गंभीर मरीजों को अन्य जिलों में रेफर करना पड़ता है। इसलिए एक अतिरिक्तसर्जन की पदस्थापना आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञ की स्थायी नियुक्ति की मांग करते हुए कहा कि विशेषज्ञ की अनुपलब्धता के कारण कई बार पोस्टमार्टम एवं विधिक प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब होता है। कई मामलों में शव को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर या पटना भेजना पड़ता है, जिससे मृतक के परिजनों को भारी मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विधायक बबलू कुमार मंडल ने स्वास्थ्य मंत्री से अनुरोध किया है कि खगड़िया जिले की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को देखते हुए इन सभी मांगों पर सकारात्मक एवं त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि इन योजनाओं को धरातल पर उतारा जाता है तो जिले के लाखों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी और खगड़िया की स्वास्थ्य व्यवस्था नई उंचाइयों तक पहुंचेगी। साथ ही लोगों को इलाज के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पर्चाधारियों ने सीओ से षिकायत कर किया कार्रवाई की मांग

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के महीनाथ नगर गांव के आधा दर्जन से अधिक पर्चाधारियों ने अंचल कार्यालय पहुंचकर जमीन की रसीद देने की मांग की है। पर्चाधारियों ने कहा कि बर्शो से जमीन पर बसे हुए हैं। इस संबंध में 18 पर्चा धारियों ने अंचलाधिकारी अमित कुमार को बताया कि जमींदारों के द्वारा बसे हुए जमीन पर से बेदखल किया जा रहा है। साथ साथ गाली गलौज करते हैं। इस संबंध में भुखनी देवी, गायत्री देवी, पारो देवी, निभा देवी, क्रांति देवी, खुशबू देवी, चंपा देवी, मीठी कुमारी, रीना देवी, रेणु देवी, सोनिया देवी, सीता देवी, गिरिजा देवी, दुखनी देवी, ललिता देवी, बबिता देवी, अनीता देवी, रीना देवी ने बताई की हम लोगों को सरकार के द्वारा पर्चा वर्षो पूर्व मिला है, तब से उक्त जमीन पर बसे हुए हैं। यदि सरकार के द्वारा हम लोगों को पर्चा ही मिला है तो रसीद क्यों नहीं दिया गया। जिस कारण दर्जनों महिलाएं अंचल कार्यालय बेलदौर पहुंचकर अंचलाधिकारी अमित कुमार से रसीद काटने की मांग की है।

### मोबाईल छिनतई के मामले में तीन गिरफ्तार

**बेलदौर।** बेलदौर पुलिस ने मोबाइल छिनतई के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के मुताबिक सौर बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा गांव निवासी अंगद यादव के पुत्र अभिषेक कुमार, मधेपुरा जिले के सोहगर गोरियारी गांव निवासी अनिल यादव के पुत्र प्रशांत कुमार एवं सलखुवा थाना क्षेत्र के सलखुवा गांव निवासी शंकर यादव के पुत्र हिमांशु कुमार को बेलदौर पुलिस ने बीते गुरुवार की देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। बताते चलें कि बेलदौर थाना क्षेत्र के पिरनगरा गाँव अवस्थित तीन डोभा एन एच 107 पथ पर एक राहगीरों का मोबाइल झपट्टा मारकर फरार हो गया था। उक्त मामले में एक व्यक्ति ने बेलदौर थाना में मामला दर्ज कराया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने टीम गठित कर सलखुवा गांव से तीनों आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसे प्रशासनिक प्रक्रिया पूरा करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### अविष्वास प्रस्ताव की तिथि घोशित करने की पंसस ने किया मांग

**बेलदौर।** प्रखंड के आठ पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड विकास से पदाधिकारी को आवेदन देकर षिकायत किया है। मालूम हो कि पत्रांक 537 दिनांक 10 मई 2026 को एक पत्र जारी किया था, जिसमें पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि 9 पंचायत समिति सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पत्र दिया था। अविश्वास प्रस्ताव लगाने के बावजूद भी बैठक नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में बोबील पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रिय संगम, राजीव कुमार, पूनम देवी, शीला देवी, रविंद्र चौधरी, सुमन भारती, कुमुद देवी, मोहम्मद राजा धन्ना ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार किस कारण से बैठक नही करवा रहे हैं इसकी जानकारी सभी समिति सदस्यों को है। समिति सदस्यों ने कहा कि बैठक नहीं होने के कारण पंचायत समिति सदस्यों में आक्रोश पनपते जा रहा है।

# विद्यालय में चारदीवारी का निर्माण कार्य का शुभारंभ

**बेलदौर।** प्रखंड अंतर्गत केंजरी पंचायत के वार्ड संख्या 12 स्थित प्राथमिक विद्यालय वीरा घाट मुसहरी में मुख्यमंत्री ग्रामीण विकास योजना के तहत चारदीवारी का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। इस कार्य पर कुल 4 लाख 93 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। मौके पर उपस्थित पीटीए अध्यक्ष राजीव कुमार एवं पंचायत रोजगार सेवक अनुपम सिन्हा ने बताया कि विद्यालय परिसर की सुरक्षा एवं सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद विद्यालय परिसर अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित हो जायेगा। इस अवसर पर पूर्व मुखिया विनय कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मुखो सादा, वार्ड सदस्य मिट्ठू शर्मा, गौतम कुमार, लालू सदा, बबलू सदा, विष्णु सदा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। वही ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में चारदीवारी नहीं रहने के कारण कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होती थीं। अब चारदीवारी निर्माण होने से विद्यालय की सुंदरता बढ़ेगी तथा बच्चों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। पूर्व मुखिया विनय कुमार सिंह ने कहा कि पंचायत में विकास कार्यो को लेकर मुखिया चंपा देवी लगातार सक्रिय हैं। उनके प्रयासों से ही विद्यालय में बाउंड्री निर्माण कार्य शुरू हो सका है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों को परेषानी खत्म हो जायेगी।


शुभारंभ करते पूर्व मुखिया व अन्य।

## सड़क पर मक्का के दाना को सुखाने से दुर्घटना की आशंका

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के कई हिस्सों में मक्का किसानों के द्वारा सड़कों पर मकई के दाना को सूखाने से यातायात व्यवस्था में परेषानी हो रही है। जिससे दोपहिया वाहनों के फिसलने एवं दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। वही मक्का सूखने के लिए सड़क पर पत्थर लकड़ी के इस्तेमाल से राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बन गया है। बताते चलें कि बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के जीरोमाईल बोबील पथ, एन एच 107 पथ, जमींदारी बांध एवं ग्रामीण पथ पर मक्का सूखाने के कारण कई दुर्घटना हो गई है। जबकि जिला प्रशासन का निर्देश है कि जो भी किस सड़क पर अपना मक्का को सुखाते हैं तो उस पर कार्रवाई की जायेगी। स्थिति यह है कि कई जगहों पर सड़क का अधिकांश हिस्सा मकई के दोनों और ढ़का हुआ है। इसके कारण बाइक चालकों, चार पहिया वाहन चालकों एवं पैदल राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में इस बार मक्का का बंपर उत्पादन हुआ है। किसान मशीनों से दाने निकालकर उन्हें सीधे सड़क पर सुखा रहे हैं, सड़क पर पहले दोनों के कारण कई राहगीर फिसलकर चोटील भी हो चुके हैं तथा उन्हें निजी अस्पतालों में इलाज करना पड़ा, फिर भी प्रशासन का ध्यान आष्ट नहीं है।


सड़क पर रखा गया मक्का का दाना।

## अगुवानी-सुल्तानगंज गंगा पुल परियोजना का निर्माण कार्य तेज गति से जारी

**परबत्ता।** खगड़िया जिले के परबत्ता प्रखंड स्थित अगुवानीसुल्तानगंज गंगा पुल परियोजना का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गंगा की मुख्य धारा समेत विभिन्न हिस्सों में चल रहे निर्माण कार्यो का अवलोकन किया तथा अधिकारियों और इंजीनियरों से अद्यतन जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने पाया कि गंगा की मुख्य धारा में तीन स्थानों पर वैल कैप निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। निर्माण एजेंसी एसपी सिंगला कंस्ट्रक्शन द्वारा अत्याधुनिक तकनीक और भारी मशीनों की सहायता से कई चरणों के कार्य एक साथ किए जा रहे हैं। कहीं पिलर निर्माण की तैयारी हो रही है तो कहीं सरिया बांधने, शटरिंग और कंक्रीटिंग का कार्य जारी है। निर्माण स्थल पर बड़ी संख्या में मजदूर एवं तकनीकी विशेषज्ञ कार्य में जुटे हुए हैं। वरिष्ठ इंजीनियरों की टीम लगातार गुणवत्ता और प्रगति की निगरानी कर रही है। विधायक बाबूलाल शौर्य ने कहा कि यह बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल है। पुल के निर्माण से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन सुगम होगा तथा व्यापार, पर्यटन और षि समेत विभिन्न आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि निर्माण एजेंसी निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजना को पूरा करने के लिए दिन-रात कार्य कर रही है। निर्माण कार्य में आई तेजी से क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों का मानना है कि पुल के बन जाने से आवागमन की वर्षो पुरानी समस्या दूर होगी और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार परियोजना की नियमित निगरानी की जा रही है तथा गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## मध्य बोरने पंचायत के पूर्व मुखिया का निधन

**चौथम।** प्रखंड के मध्य बोरने पंचायत के पूर्व मुखिया सह पूर्व विधायक स्व0 सत्यनारायण सिंह के धर्मपत्नी सुशीला देवी का पटना में इलाज के दौरान मौत हो गयी। मिली जानकारी के मुताबिक मध्य बोरने पंचायत के पूर्व मुखिया सुशीला देवी का इलाज के दौरान पटना में गुरुवार कि देर रात निधन हो गई। उनकी मौत कि खबर के बाद उनके परिवार वालों के साथ उनके समर्थकों एवं कम्युनिस्ट पार्टी के जिले भर के कार्यकर्ताओं में शोक कि लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार वह पूर्व विधायक सह सीपीआई के पूर्व प्रदेश मंत्री सत्यनारायण सिंह की धर्मपत्नी थी और शुरुआती दौर से ही अपने पति के साथ कदम से कदम मिलाकर पार्टी के कार्यो एवं समाजिक कार्यो में बढ चढकर हिस्सा लेती थी। उनके निधन के बाद उनका शव शुक्रवार को पटना से उनके पैतृक गांव कैथी लाया गया, जहां कि परिजनों के साथ पंचायत के लोगों ने शव पर फूल माला चढ़ाएं एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात पार्थिव शरीर को खगड़िया स्थित सीपीआई पार्टी कार्यालय लाया गया, जहां कि उन्हें जिले भर के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही पटना में सीपीआई के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने फूल माला देकर श्रद्धासुमन अर्पित किए साथ ही इस मौके पर सीपीआई कामरेड प्रभाशंकर सिंह, प्रभाकर प्रसाद सिंह, जिला मंत्री पुनीत मुखिया, चौथम अंचल मंत्री अनिल कुमार सिंह, मध्य बोरने पंचायत के मुखिया शशिभूषण कुमार, पूर्व मुखिया अनिल सिंह, पूर्व जिप सदस्य हरे ष्ण सिंह समेत इलाके के लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किये।


-पूर्व मुखिया सुषीला देवी।

## खगड़िया में वज्रपात पीड़ितों को बड़ी राहत

### 10 घंटे के भीतर 5 मृतकों के आश्रितों को मिला 4-4 लाख मुआवजा

**खगड़िया ।** जिले में वज्रपात (ठनका) से हुए दर्दनाक हादसे के बाद जिला प्रशासन ने तेज कार्रवाई करते हुए मात्र 10 घंटे के भीतर सभी पांच मृतकों के परिजनों को ध्4-4 लाख की अनुग्रह अनुदान राशि का चेक प्रदान कर दिया। प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के निर्देश पर संबंधित अंचल अधिकारियों ने तुरंत आवश्यक प्रक्रिया पूरी की, जिसके बाद गुरुवार की शाम तक सभी प्रभावित परिवारों को राहत राशि उपलब्ध करा दी गई। यह घटना चौथम और बेलदौर प्रखंड क्षेत्रों के बहियार में मक्का कटाई और चारा ढुलाई के दौरान हुई थी, जहां अचानक गिरे वज्रपात ने पांच लोगों की जान ले ली, जबकि आठ लोग घायल हो गए। मृतकों में कन्हौली यादव टोला निवासी 62 वर्षीय विद्यानंद यादव, 26 वर्षीय आशुतोष यादव और उनके 8 वर्षीय पुत्र अंकेश कुमार, बेलदौर के 18 वर्षीय मणिलाल महतो तथा पसराहा थाना क्षेत्र के ड्योढ़ा गांव निवासी 35 वर्षीय जवाहर शर्मा शामिल हैं।वहीं घायलों में 9 वर्षीय वैष्णवी कुमारी, 8 वर्षीय अंकुश कुमार समेत कुल आठ लोग शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज चल रहा है, जिनमें कुछ की स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

# खरीफ महा अभियान कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन

**चौथम (डीएनएस)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि भवन में शुक्रवार को शारदीय खरीफ महा अभियान कार्यशाला सह प्रशिक्षण आयोजन किया गया था। इस आयोजन का उद्घाटन बीडीओ रंजीत कुमार,अंचल अधिकारी रविराज, कल्याण पदाधिकारी नितेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यशाला में दुर दराज से आए किसानों के बीच जहां खरीफ फसल के बुआई,उपचार, सुरक्षा आदि तमाम बिंदुओं पर विस्तृत रूप से किसानों को समझाया गया। वही अपने खेतों के मिट्टी जांच प्रत्येक किसानों को कराए जाने की बात कही। जबकि मौके पर षि अधिकारी राजरतन पांडे के द्वारा किसानों को अपने खेतों में रासायनिक खाद, रासायनिक कीटनाशक दवाओं का प्रयोग कम से कम खेतों में करने की बात किसानों के बीच कही गई। बताया गया कि रासायनिक खाद के प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाती है, और फिर इसको सुधारने में बर्शो-बरस लग जाता है, उपज भी ऐसे खेतों में कम हो जाते हैं। इसलिए रासायनिक खादो का प्रयोग किसानो को कम करनी चाहिएं। वही मौके पर षि पदाधिकारी के द्वारा किसानों को अपने खेतों में रोटावेटर का प्रयोग भी कम करने की बात कही गई, तथा कहा गया की खेतों में रोटावेटर के प्रयोग से कुछ समय के लिए तो भूमि अच्छी बनी रहती है, लेकिन धीरे-धीरे खेत के ऊपरी सतह के नीचे एक ठोस लेयर बन जाता है, जिससे किसानों के खेतों में पैदावार पर असर पड़ती है, और खेतों के उर्वरा शक्ति भी कम हो जाती है। वही मौके पर बीडीओ के द्वारा किसानों के बीच अपने-अपने खेतों में रासायनिक खादो का प्रयोग ना कर,जैविक खादो का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। बीडीओ ने कहा कि जैविक खाद, बर्मी कंपोस्ट खाद के प्रयोग से खेतों में उपज भी अच्छी होती है, एवं खेतों एवं शरीरों पर होने वाले रासायनिक असर भी कम होते हैं तथा ऐसे उपज खेत एवं स्वास्थ्य के लिए भी काफी लाभदायक होते हैं। इसलिए किसानों को चाहिएं कि अपने-अपने खेतों में वर्मी कंपोस्ट का ही प्रयोग करें ईससे जहां खेतों क उर्वरा षक्ति बढ़ा सकते हैं, वहीं ऐसे उपज क्षेत्र स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर साबित हो सकते हैं। इस मौके पर किसान अभय प्रसाद सिंह, राजेश कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, रणवीर सिंह के अलावे शि विभाग के एटीएम राहुल कुमार, पिंकेश कुमार, श्रेया कुमारी, षि सलाहकार नवीन कुमार, अमरकांत कुमार, अमृतेश कुमार, पंकज मनी आदि मौके पर सभी उपस्थित थे।


कार्यशाला में अधिकारी व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि महासंघ का सम्मेलन 17 और 23 जून को

**खगड़िया।** बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष सह स्थानीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि महासंघ के संयोजक किरण देव यादव ने बताया कि 17 जून को प्रखंड स्तर पर एवं 23 जून को जिला स्तर पर परिसीमन आरक्षण पेंशन एवं सम्मान सुरक्षा सुविधा वेतन बीमा भत्ता तथा ओबीसी आयोग एवं पंचायती राज आयोग का गठन करने के सवाल को लेकर पंच सरपंच, मुखिया, वार्ड सदस्य, प्रमुख, समिति, जिला पार्षद का संयुक्त महाबैठक सम्मेलन आंदोलन किया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि उपरोक्तनिर्णय 3 जून को दरोगा राय ट्रस्ट भवन पटना में आयोजित राज्य स्तरीय संयुक्त महाबैठक सम्मेलन में लिया गया। उसके आलोक में राज्यव्यापी आंदोलन के तहत उपरोक्तनिर्णय लिया गया है। श्री यादव ने कहा कि विगत 36 वर्षो से स्थानीय निकाय के चुनाव में परिसीमन नहीं किया गया है जिससे विकास की किरण गांव तक नहीं पहुंच पा रही है। यदि परिसीमन होगा तो आबादी के अनुसार सीट बढ़ेगा, प्रतिनिधि की संख्या बढ़ेगा, जन-जन तक, टोले मोहल्ले तक सर्वांगीण विकास होगा। किंतु सरकार परिसीमन आरक्षण पेंशन पर कुंडली मारकर खुद बैठा हुआ है। सरकार की समझ है कि इस पर सिर्फ मेरा ही अधिकार है। यानी सब फूल गणेश भगवान पर ही चढ़े। गांधी जी का सपना ग्राम स्वराज सच्चे अर्थो में धरातल पर उतरे। चुंकी देश की आत्मा गांव में बसता है। जब तक गांव का सर्वांगीण विकास गांव के सरकार के द्वारा नहीं होगा, तब तक देश का विकास समृद्धि संभव नहीं होगा। इसलिए सत्ता का विकेंद्रीकरण सच्चे अर्थो में करने की सख्त जरूरत है। एमएलए, एमपी और मंत्री के तरह सभी प्रकार का अधिकार सम्मान सुरक्षा सुविधा वेतन भत्ता पेंशन चौथाई हिस्सा स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों को भी सम्मानजनक मिले, गांव की योजना गांव में बने एवं गांव का सर्वांगीण विकास हो। स्मार्ट गांव बनाने से ही स्मार्ट शहर व स्मार्ट देश का निर्माण संभव हो पाएगा। एवं गांव का अस्तित्व बचेगा। श्री यादव ने कहा कि सरकार की समझ है कि यदि परिसीमन करेंगे तो सीट एवं स्थानीय प्रतिनिधि की संख्या बढ़ेगा तो एमएलसी का चुनाव का परिणाम त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों पर निर्भर करेगा, जो सरकार नहीं चाहती है। सरकार शक्ति को केंद्रीत करना चाहती है। जो लोकतंत्र पर कुठाराघात है। यही कारण है कि आज तक पंच सरपंच को एमएलसी चुनाव का वोटर बनाने में सरकार आनाकानी कर रही है जबकि केंद्र सरकार का आदेश हो चुकी है। निर्वाचन आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर सरकार दोहरी नीति अपना रही है।श्री यादव ने कहा कि पंचायत का तीन गुना आबादी विगत 36 वर्षो में बढ़ी है। पंचायत में जनगणना के आलोक में आरक्षण रोस्टर हेतु आयोग का गठन करने की जरूरत है। कोर्ट में मामला दर्ज है। परिसीमन, आरक्षण, पेंशन, ओबीसी आयोग, आरक्षण रोस्टर, पंचायती राज आयोग गठन के संदर्भ में चुनाव आयोग एवं पंचायती राज विभाग आपस में चूहा बिल्ली का खेल खेल रही है। जो दिग्भ्रमित कर रहा है। आज पंचायती राज संस्था को बचाने की जरूरत है। गांधी जी के ग्राम स्वराज की सपना को संजोने व साकार करने की जरूरत है।

### खेत बचाओ अभियान से किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने का संदेश, सैकड़ों किसानों ने लिया भाग

**परबत्ता।** प्रखंड के बैसा एवं लगार पंचायत में षि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में ष्खेत बचाओ अभियानष् कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर प्रातिक खेती, मिट्टी संरक्षण एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। सहायक तकनीकी प्रबंधक दीपक कुमार स्कंद ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य मिट्टी के स्वास्थ्य का संरक्षण, मिट्टी जांच, प्रातिक खेती को बढ़ावा देना, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा टिकाऊखेती के माध्यम से किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 1 जून से 30 जून तक पूरे देश में चलाया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपनी षि भूमि के कम से कम एक चौथाई हिस्से में प्रातिक अथवा जैविक खेती अपनाने का आग्रह किया। साथ ही षि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों से परामर्श लेकर खेती से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राप्त करने की सलाह दी, ताकि खेती की लागत कम हो, मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार हो और किसानों की आमदनी बढ़ सके। वहीं सहायक तकनीकी प्रबंधक अभिनव कुमार ने किसानों को मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड पढ़ने की विधि की जानकारी दी। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के बारे में बताते हुए कहा कि किसान आधार कार्ड, पैन कार्ड, तीन फोटो, जमीन की अद्यतन रसीद एवं वंशावली के आधार पर अपने नजदीकी बैंक से दो लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न षि योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी गई। अभियान में बैसा एवं लगार पंचायत के सैकड़ों किसानों की सहभागिता रही।

### जनसाधारण एक्सप्रेस में यात्री को गोली मारकर किया घायल

**खगड़िया।** मानसी-सहरसा रेलखंड में बदला घाट और मानसी रेलवे स्टेशन के बीच पोल संख्या 52 के समीप अपराधियों ने चलती जनसाधारण एक्सप्रेस में सवार एक यात्री को गोली मार दी। गोली लगने से यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया है। बताया जाता है कि गुरुवार रात करीब जब जनसाधारण एक्सप्रेस बदला घाट और मानसी स्टेशन के बीच से गुजर रही थी, इसी दौरान ट्रेन में सवार बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। गोलीबारी के शिकार हुए यात्री की पहचान झारखंड के निवासी के रूप में हुई है। वह जनसाधारण एक्सप्रेस से सुपौल जा रहा था। बदमाशों द्वारा चलाई गई गोली सीधे उसके सीने में जा लगी, जिससे वह मौके पर ही लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। घटना की भनक लगते ही मानसी रेल पुलिस और स्थानीय पुलिस घायल यात्री को तत्काल बदला घाट स्टेशन पर ट्रेन से नीचे उतारा गया। पुलिस अभिरक्षा में घायल को सबसे पहले इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। घायल की लगातार स्थिति बिगड़ते देख डक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय रेफर कर दिया है। घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### जन सहयोग शिविर को लेकर लिए जा रहे हैं आवेदन

**चौथम।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के पंचायत सरकार भवन एवं पंचायत भवन में जन कल्याण षिविर को लेकर पूर्व से ही लोगों के आवेदन लिए जा रहे हैं, तथा उनके संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए कर्मियों द्वारा कार्य भी किया जा रहे हैं। वहीं शुक्रवार को चौथम मुख्यालय स्थित पंचायत सरकार भवन में भी जनकल्याण शिविर लगने के पूर्व से ही पंचायत सरकार भवन में लोगों की भीड़ देखी गई। खास करके ज्यादातर महिलाओं की भीड़ देखी गई, जिसमें मुख्य रूप से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति, आय, आवासीय, राषन, पेंशन अद्यतिकरण जैसे तमाम जनमानस से संबंधित सरकारी योजना से मिलने वाले आम लोगों के समस्याओं से संबंधित समाधान को लेकर कर्मियों की भी उपस्थिति देखी गई। डाटा अपरेटर के साथ-साथ पंचायत सचिव, टोला सेवक, रोजगार सेवक आदि तमाम पंचायत स्तरीय कर्मी मौके पर उपस्थित दिखे। तथा बताया गया कि आगामी 16 जून को चौथम पंचायत में जन समाधान शिविर का आयोजन होना है जबकि 17 एव 18 जून को जन सहयोग शिविर का आयोजन होना है जिसको लेकर पूर्व से ही तैयारी एवं आम लोगों को जागरुक किए जाने की कोशिश की जा रही है तथा उनसे संबंधित आवेदन भी लिए जा रहे हैं।


शिविर में उपस्थित लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### 17 लीटर देसी शराब के साथ दो गिरफ्तार एक फरार

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर पुलिस ने शराब एवं शराबियों के विरुद्ध किए जा रहे कार्रवाई के तहत 17 लीटर देसी शराब के साथ शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। हालांकि पुलिस की इस कार्रवाई में एक शराब तस्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल तो जरूर हुआ पर मोटरसाइकिल बरामद हुआ। शराब मामले में हुई कार्रवाई के बारे में प्रभारी थानाध्यक्ष साहब राम ने बताया कि छोटी दौलतपुर में छापेमारी करते हुए 10 लीटर देसी शराब के साथ पवन ताती को गिरफ्तार किया गया। वही भलार रोड में 7 लीटर देसी शराब के साथ राजा कुमार को गिरफ्तार किया गया जबकि पटेल चौक हलिमपुर के अंकित कुमार भागने में सफल रहे। हालांकि एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब मामले में हुई कार्रवाई में एएसआई सुजीत कुमार एवं सतो पासवान जवानों के साथ शामिल थे।

### होटलों में पुलिस की छापेमारी दो संचालक गिरफ्तार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ अनुमंडल पुलिस ने एसडीपीओ रामष्ण के निर्देश पर शुक्रवार को अनुमंडल मुख्यालय स्थित राजनंदनी एवं खानाखजाना होटल में छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई के दौरान होटल में ठहरे कई लोगों की जांच-पड़ताल की गई। पुलिस ने बताया कि दोनों होटलों के संबंध में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिल रही थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। छापेमारी के बाद होटल संचालकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया और बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।एसडीपीओ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा होटल संचालन से संबंधित दस्तावेजों और अभिलेखों की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के होटल एवं लज संचालकों में हड़कंप मच गया।

### पिकअप वाहन से 539 लीटर शराब बरामद चालक गिरफ्तार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान एक पिकअप वाहन से बड़ी मात्रा में शराब बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नियमित जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से लगभग 539 लीटर शराब बरामद की गई।



जब्त शराब का कार्टून।

इसके अलावा वाहन से एक देसी कट्टा एवं कारतूस भी बरामद किए गए हैं।एसडीपीओ रामष्ण ने बताया कि बरामद शराब, हथियार एवं वाहन को पुलिस ने जब्त कर लिया है। गिरफ्तार चालक से पूछताछ की जा रही है ताकि शराब की खेप के स्रोत एवं गंतव्य का पता लगाया जा सके।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# राज्य स्तरीय थांग-टा चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए खिलाड़ी रवाना

## लखीसराय में 12 से 14 जून तक होगी प्रतियोगिता



चैंपियनशिप के लिए रवाना होते खिलाड़ी।

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** लखीसराय जिले में 12 से 14 जून तक आयोजित होने वाली 6वीं बिहार राज्य स्तरीय थांग-टा (मार्शल आर्ट) चौंपियनशिप में जमालपुर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बिहार थांग-टा संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मुंगेर जिले के जमालपुर से कुल 10 खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्गो में भाग लेने के लिए रवाना हुए हैं। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। सब-जूनियर बालक वर्ग में ष्ण और गौतम अपनी चुनौती पेश करेंगे, जबकि सब-जूनियर बालिका वर्ग में इशिका और कुसुम भारती जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं जूनियर बालक वर्ग में मनुप राज और जयंत राज अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। सीनियर वर्ग में मानस कुमार, सीनू सिद्धार्थ, शुभम तथा श्रेय मयंक प्रतियोगिता में भाग लेकर जिले के लिए पदक जीतने का प्रयास करेंगे। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता से पूर्व नियमित अभ्यास और विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस बावत टीम के कोच मनोज कुमार ने बताया कि सभी खिलाड़ी पिछले कई महीनों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि थांग-टा एक पारंपरिक भारतीय मार्शल आर्ट है, जिसमें शारीरिक क्षमता, मानसिक एकाग्रता और आत्मरक्षा कौशल का समन्वय होता है। जमालपुर के खिलाड़ियों ने पूर्व में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्ष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि इस बार भी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करते हुए पदक जीतेंगे और मुंगेर जिले के साथ-साथ अपने माता-पिता एवं प्रशिक्षकों का नाम गौरवान्वित करेंगे।

# विकसित भारत के सपनों को साकार कर रहे भाजपा सरकार

## भाजपा सरकार के 12 साल पूर्ण होने पर प्रखंड में हुआ हवन का कार्यक्रम

**जमालपुर (मुंगेर)।** केंद्र में भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रखंड में पूजा अर्चना एवं हवन का कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड भाजपा अध्यक्ष मनीष दयाल गोस्वामी की अध्यक्षता में हुई। हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन करते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि विकसित भारत के सपनों को साकार करने में भाजपा सरकार देश में एक रिकर्ड स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक के सबसे ज्यादा दिनों के प्रधानमंत्री रहने का एक रिकर्ड देश में कायम किया है। प्रधानमंत्री के 12 साल के कार्यकाल को आज पूरे देश में भाजपा सरकार जश्न मना कर खुशियां मनाते हुए जनहित में किए गए कार्यो बखान कर रही है। प्रखंडध्यक्ष ने अभी कहां की देश के अच्छे दिन आने का सीधा संकेत अब भाजपा सरकार में दिखने लगा है। इसलिए भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर हम भाजपा नेता कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के स्वस्थ जीवन की कामना को लेकर हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन उत्साह पूर्वक कर रहे हैं। मौके पर महामंत्री प्रेम शंकर पाठक, किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष दशरथ सिंह,रमन राज,मुकेश कुमार,मृत्युंजय सिंह, मनोहर गुप्ता, इंद्रजीत कुमार, मनीष कुमार, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष प्रतिमा सिन्हा समेत दर्जनों मातृ शक्ति उपस्थित थे।



पूजन हवन पूजन करते भाजपा नेता।

## मारपीट व जेवर-नकदी हड़पने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर थाना क्षेत्र में एक किराएदार महिला ने मकान खाली कराने के नाम पर मारपीट, गला दबाकर हत्या का प्रयास एवं जेवर-नकदी हड़पने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में प्राथमिक दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नक्कीनगर छोटी केशोपुर निवासी बब्लू गोस्वामी की पत्नी सोनी देवी ने थाना में दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि वह मकान मालिक शीला देवी के मकान में किराए पर रहती हैं। बीते 31 मई 2026 को विरेंद्र कुमार नायक की पत्नी ममता देवी एक अन्य महिला के साथ उनके कमरे में पहुंच गई और जबरन मकान खाली कराने का दबाव बनाने लगीं। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर दोनों महिलाओं ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। शोर सुनकर जब उनकी पुत्री बचाव के लिए पहुंची तो आरोपियों ने उसका हाथ मरोड़ दिया और दीवार पर पटक दिया। आरोप है कि दोनों ने मिलकर मां-बेटी की बेरहमी से पिटाई की, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। पीड़िता सोनी देवी ने आवेदन में बताया है कि मारपीट के बाद उन्हें और उनकी पुत्री को जबरन मकान से बाहर निकाल दिया गया। वहीं कमरे में रखा बक्सा आरोपियों ने अपने कब्जे में ले लिया। बक्से में एक जोड़ी सोने की कान की बाली, एक सोने की नथिया, दो जोड़ी चांदी की पायल तथा पांच हजार रुपये नकद रखे हुए थे। महिला का आरोप है कि कुछ देर बाद ममता देवी का पुत्र मृत्युंजय कुमार वहां पहुंचा और कमरे में रखे थैले से जेवरात, नकदी एवं अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गया। जाते समय आरोपियों ने मकान खाली नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

## 40 लाख रुपये गबन के मामले में प्राथमिकी दर्ज

### मामला जमालपुर थाना क्षेत्र के बड़ी दरियापुर का

**जमालपुर(मुंगेर)।** जमालपुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने मकान खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये की ठगी, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़िता बड़ी दरियापुर निवासी विपिन कुमार की पत्नी पूनम देवी ने थाना में दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि मोहनपुर खलासी मोहल्ला निवासी नथुनी प्रसाद गुप्ता के पुत्र राजकुमार गुप्ता तथा उनके पुत्र आशुतोष कुमार गुप्ता ने अपना मकान बेचने के लिए उनसे 63 लाख रुपये में सौदा तय किया था। इसके लिए 4 मई 2023 को दोनों पक्षों के बीच एग्रीमेंट भी किया गया था। एग्रीमेंट के समय उन्होंने 5 लाख रुपये बैंक खाते के माध्यम से भुगतान किया। इसके बाद अलग-अलग तिथियों में कई किस्तों के जरिए 7 सितंबर 2023 तक कुल 40 लाख 5 हजार रुपये आरोपियों को दे दिए। लेकिन जब मकान की रजिस्ट्री कराने का समय आया तो आरोपी पक्ष ने रजिस्ट्री करने से इनकार कर दिया। पूनम देवी का आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने साफ शब्दों में कहा कि न तो मकान की रजिस्ट्री करेंगे और न ही राशि लौटाएंगे। उन्होंने बताया कि जब वह इस संबंध में बातचीत करने आरोपी के घर पहुंची तो राजकुमार गुप्ता,आशुतोष कुमार गुप्ता और ममता देवी ने उनके साथ गाली-गलौज की, मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए थाना में आवेदन देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की।थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर प्राथमिक की दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### वरीय पुलिस अधीक्षक ने सोनपुर थाना में दर्ज कांडों की समीक्षा

**50 से अधिक कांडों की समीक्षा, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश**

**सोनपुर (एनएसबी)।** दिनांक 11062026. को वरीय पुलिस अधीक्षक, सारन के द्वारा सोनपुर थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष सोनपुर एवं अन्य पुलिस पदाधिकारीध्कर्मियों एवं चौकिदारों, सीजन सेन्टीक पलिसिंग के साथ ही अपराध नियंत्रण के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सोनपुर थाना के सभी अभिलेखों एवं पंजियों की जांच कर अभिलेखों एवं पंजियों के संधारण में सुधार करने, लंबित कांडों का समीक्षा कर त्वरित निष्पादन करने, कार्यालय एवं थाना का साफ-सफाई रखने सहित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । निरीक्षण के क्रम में 50 से अधिक कांडों का विस्तृत समीक्षा किया गया तथा त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करनै एवं वांछित अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतू कुर्की-वारंट निष्पादित करने सहित सभी प्रकार के आवश्यक हेतू संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सोनपुर थाना में महिला हेल्प डेस्क में प्रतिनियुक्त महिला पुलिस पदाधिकारीध्कर्मी को महिला परिवादी से शालिनता पूर्वक व्यवहार करने तथा उनके समस्याओं के निवारण हेतू आवश्यक विधि-सम्मत कार्रवाई करने हेतू दिशा-निर्देश दिया गया। थाना के एक-एक कर्मी पर नजर रखना आम जनता से अच्छा व्यवहार और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सारन जिला पुलिस की प्राथमिकताएं होगी।

### मंडल रेल प्रबंधक ने की सोनपुरबरौनी एवं बरौनी दिनकरग्राम सिमरिया रेलखंड का गहन निरीक्षण

**सोनपुर (एनएसबी)** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन द्वारा दिनांक 11 एवं 12 जून 2026 को



उद्घाटन करते अतिथि।

सोनपुरबरौनी एवं बरौनीदिनकरग्राम सिमरिया रेलखंड का व्यापक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान महनार रोड, मोहिउद्दीननगर,मानसी स्टेशन एवं मानसी माल गोदाम,रनिंग रूम,अधिकारी विश्राम गृह सहित विभिन्न रेलवे परिसंपत्तियों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में दिनांक 12 जून 2026 को गड़हरा रेलवे कलोनी तथा दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही दिनकर ग्राम सिमरिया में संयुक्त क्रू लबी एवं विस्तारित क्रू रेस्ट रूम का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक द्वारा किया गया, जिससे रनिंग स्टाफ को बेहतर कार्य एवं विश्राम सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मंडल रेल प्रबंधक ने गड़हरा रेलवे यार्ड, गुड्स शेड तथा एचएचपी इलेक्ट्रिक लोको शेड का भी गहन निरीक्षण किया। इस दौरान लोको शेड के विस्तार हेतु चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा कार्यो को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने पर बल दिया गया तत्पश्चात विद्युत लोकोशेड के अधिकारियों के साथ बैठक किये। स्टेशन निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था, पैनल रूम, फुट ओवर ब्रिज, यात्री सुविधाओं एवं स्टेशन परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,श्री धीरज कुमार, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री राजेश सरन,सहायक सुरक्षा आयुक्त,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजिनियर (कर्षण - वितरण) श्रीमती अस्मिता नारायण एवं विभिन्न शाखा अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति रहे।

### यात्री की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ में चलाया अभियान

#### अनहोनी की आशंका पर डायल करें 139

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल यात्रियों के सुरक्षा को लेकर आरपीएफ ने जमालपुर स्टेशन में जागरूकता अभियान का आयोजन किया। स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर जागरूकता अभियान के दौरान यात्रियों को महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। जिसमें चलती ट्रेन में चढ़ना या उतरना अत्यंत खतरनाक होता है।इसलिए ऐसा करने से बचें।फुटबोर्ड पर खड़े होकर यात्रा करना स्वयं और दूसरों दोनों के लिए जोखिमपूर्ण है।यात्रियों को यह भी सलाह दी गयी कि किसी अज्ञात व्यक्ति से खाद्य या पेय पदार्थ न लें।क्योंकि इससे खतरा हो सकता है। आरपीएफ कर्मियों ने लोगों से अपील की कि वे पत्थरबाजी जैसी असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें और ऐसी कोई भी घटना होने पर तुरंत रेलवे प्रशासन को सूचित करें।यात्रियों




यात्रियों को जागरुक करते आरपीएफ।

को रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 139 की जानकारी दी गयी और बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इस नंबर पर तुरंत संपर्क करें। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने यात्रियों से सहयोग की अपील की ताकि सभी के लिए सुरक्षित, सहज और जिम्मेदार रेल यात्रा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अभी कहा कि मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर अवैध होकर एवं वेंडर के विरुद्ध लगातार अभियान चलाते हुए कार्रवाई। मौके पर कांस्टेबल एके तिवारी, समित दास, विकास कुमार, रामादेवी, पूजा कुमारी, सचिन कुमारी, सिंपी कुमारी सहित कई मौजूद थी।

# अब्दुल एवं रोहन के गोल से शीतलपुर मुंगेर पहुंचा टूर्नामेंट के फाइनल में

## शीतलपुर मुंगेर ने 11 स्टार जमालपुर को 2 - 1 किया पराजित, मोहम्मद अब्दुल को बेस्ट 22 का दिया गया पुरस्कार

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** जेएसए मैदान जमालपुर में खेले जा रहे यदुपति नाथ गणेश मंडल मेमोरियल फुटबल टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच 11 स्टार जमालपुर एवं आर्शीवाद क्लब शीतलपुर मुंगेर के बीच खेला गया।

सेमी फाइनल मैच का पहला गोल 11 स्टार की ओर से जर्सी नंबर 6 के कमलेश कुमार ने 12 वीं मिनट में किया। वही दूसरा गोल शीतलपुर की ओर से जर्सी नंबर - 9 एमडी अब्दुल ने 14 मिनट में कर मैच को एक-एक की बराबरी पर ला दिया। लेकिन मैच के 31 में मिनट में शीतलपुर की ओर से जर्सी नंबर 10 के रोहन कुमार ने 11 स्टार की टीम पर निर्णायक गोल कर अपनी टीम को 2 - 1 से आगे करते हुए मैच में विजय दिलाते हुए फाइनल में पहुंचा दिया। मैच में बेहतर खेल का नजारा प्रस्तुत करने वाले शीतलपुर के मोहम्मद अब्दुल को बेस्ट 22 का पुरस्कार अतिथि के हाथों दिया गया।मैच में निर्णय की भूमिका में रेफरी सुधांशु कुमार, रामरक्षा,ष्णानंद, प्रवीण शंकर ने अहम भूमिका निभाई।मैच के अतिथि जमालपुर नेत्रालय के डक्टर अमन कुमार



खिलाड़ी से हाथ मिलाते अतिथि डक्टर अमन।

एवं वाइस चेयरमैन अंजली कुमारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला अफजाई किया। इधर अतिथियों का स्वागत बुके,अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर मैकेनिकल रीक्रिएशन क्लब के अध्यक्ष उमेश सिंह,उपाध्यक्ष अशोक सिंह चौहान,कोषाध्यक्ष शिवलाल रजक,अजीत कुमार,नंदकिशोर यादव,लटोरी मंडल,प्रवीण कुमार,मनोज कुमार,ष्णानंद,जैनुल आबेदीन,अनिल कुमार पासवान सहित कई सदस्यों के संयुक्त रूप से किया। मौके पर रंजीत प्रसाद,विष्णु देव पासवान,प्रवीण कुमार,रंजीत प्रसाद,नंदकिशोर यादव, राजकुमार सहित सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दो बाइक की भिड़ंत में किशोर समेत दो जख्मी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के सोनघट्टा गांव के समीप दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार किशोर समेत दो जख्मी हो गए। जख्मियों में एक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जबकि दूसरे बाइक सवार युवक का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में कोईलवर थाना क्षेत्र के सोनघट्टा निवासी स्व रामवृक्ष शर्मा का 17 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार एवं दूसरा बाइक सवार एक अन्य युवक शामिल है। जानकारी के अनुसार रंजीत कुमार अपने गांव से सकड्डी बाजार की ओर जा रहा था। जबकि दूसरा बाइक सवार सकड्डी बाजार से सोनघट्टा की तरफ आ रहा था। उसी दौरान सोनघट्टा गांव के समीप दोनों की बाइक में सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों जख्मी हो गए।

### फोटोग्राफरों ने सीखे कैमरे की बारिकियों के गुर




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मैनासुंदर भवन में शुक्रवार को बिहार फोटोग्रफर्स एसोसिएशन भोजपुर के तत्वावधान में एक दिवसीय कैनन का कार्यशाला आयोजित किया गया, जिसमें जिले से लगभग सौ की संख्या में फोटोग्राफर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कैमरे की बारीक से बारीक जानकारी को सीखा। कैमरा का प्रशिक्षण प्रशिक्षक सोहेल अख्तर और सनी कुमार द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार फटग्रफर्स एसोसिएशन के महासचिव गणेश कुमार द्वारा दीप किया गया। इस अवसर पर जोनल अधिकारी रोहित खत्री के साथ बिहार फोटोग्राफर्स एसोसिएशन पटना के जिलाध्यक्ष विश्वजीत विश्वास और बक्सर के पदाधिकारी अमृत सरोज दुर्गेश और मोहम्मद निसार अहमद भी उपस्थित थे। भोजपुर के अध्यक्ष जयंत ओझा ने बताया कि जिले के फोटोग्राफरों को कैमरे की नई तकनीक से अवगत कराना और प्रशिक्षण के माध्यम से उनकी फोटोग्राफी और बेहतर हो सके किसी उद्देश्य को लेकर इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। संचालन प्रदीप रंजन एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सचिव चंदन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष पंकज कुमार, मीडिया प्रभारी अमित मिश्रा, कोर कमेटी सदस्य जितेंद्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डब्बू, आर्यन, सुमित, राजू, और मनीष की अहम भूमिका रही।

### धरती बचाओ संकल्प के साथ जैविक खेती अपनाने का आह्वान

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** सरकार के निर्देशानुसार शाहपुर प्रखंड के भरौली के टिकट्ठी गांव एवं सरना पंचायत में 'खेत बचाओ अभियान' के तहत जागरूकता कार्यक्रम तहत.षि जन चौपाल आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड .षि पदाधिकारी रंजन शुक्ला ने किया। .षि समन्वयक अनंत कुमार, एटीएम सिद्धार्थ कुमार एवं किसान सलाहकार विश्वकर्मा कुमार ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग तथा जैविक खेती अपनाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति घट रही है और भविष्य में भूमि बंजर होने का खतरा बढ़ सकता है। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने धरती बचाने और जैविक खाद को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



### अपने स्वर्णिम कार्यकाल के रिकॉर्ड को आगे बढ़ा रहे पीएम मोदी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** रमना पकड़ी रोड स्थित आनंद हस्पिटल में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष (चिकित्सा प्रकोष्ठ) भाजपा ड. केएन सिन्हा ने की। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज तथा विशिष्ट अतिथि ईधीरेंद्र सिंह थे। ड़ सिन्हा ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार प्रधानमंत्री के पद पर 12 वर्षो की सेवा पूरी की और प्रधानमंत्री के रूप में उनका यह कार्यकाल 4400 दिन से भी ज्यादा रहा। इस तरह पीएम नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व़ नेहरू के कार्यकाल के रिकर्ड से भी आगे तक कार्य कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि विषम परिस्थिति में तमाम सक्रिय विपक्षों के रहते श्री मोदी ने अपने स्वर्णिम कार्यकाल को रिकार्ड समय में पूरा कर आगे बढ़ रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल में देश का गौरव बढ़ा है। इस अवसर पर अमरदीप कुमार जय, अजीत कुमार मिश्रा, विनय मिश्रा, शशि कुमार, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, शिव नारायण यादव, हरेंद्र प्रसाद, विनोद कुमार, जयप्रकाश यादव, शशिकांत कुमार, ड सागर आनंद, उमेश प्रसाद, जय किशोर, अरुण कुमार आदि थे।




# विलंब से मजदूरी भुगतान पर हर्जाना

दैनिक नवसंदेश



**मनरेगा के सात कार्यक्रम पदाधिकारियों से पूछा गया स्पष्टीकरण**

**ससमय भुगतान में आयी है औसतन 2.11 फीसद की गिरावट**

**आरा।** उप विकास आयुक्त ने ससमय मजदूरी भुगतान में आ रही गिरावट को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया है। मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी पीरो, बिहिया, संदेश, अगियांव, चरपोखरी, बड़हरा एवं गड़हनी को स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि मनरेगा के अंतर्गत मजदूरों को ससमय भुगतान हेतु विभाग द्वारा सख्त निर्देश प्राप्त है। 11 जून को प्रखंडों में किए गए भुगतान की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी/कर्मी की लापरवाही के कारण मनरेगा अंतर्गत ससमय मजदूरी भुगतान में 2.11 प्रतिशत की गिरावट आई है। प्रखंडों में सर्वाधिक पीरो 19.76, बिहिया में 11.16, संदेश में 3.04, अगियांव में 2.89, चरपोखरी में 2.63, बड़हरा में 2.26 एवं गडहनी में 2.04 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। यह अत्यंत खेदजनक स्थिति है। बार-बार विभागीय एवं जिला स्तरीय निर्देश के बावजूद ससमय मजदूरी भुगतान में दर्ज गिरावट आपके कार्य के प्रति लापरवाही, शिथिलता एवं वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना को प्रमाणित करता है। अतः निदेश दिया जाता है कि ससमय मजदूरी भुगतान में दर्ज गिरावट को शत प्रतिशत नियंत्रित करते हुए अपना स्पष्टीकरण समर्पित करना सुनिश्चित करें। साथ ही मजदूरी भुगतान में दर्ज गिरावट लॉगिन में वेजलिस्ट एवं एफटीओ के लंबित रहने तथा विलंब से भुगतान की गयी मजदूरी हेतु देय हर्जाना राशि की वसूली संबंधित कर्मी/पदाधिकारी को चिन्हित करते हुए सूचित किया जाय अन्यथा मजदूरी हेतु देय हर्जाना की पूरी राशि आपसे वसूल की जायेगी। इस पत्र के जारी होने के बाद संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारियों के बीच हड़कंप है।

### मनरेगा मजदूरों को 72 दिन में सवा 20 करोड़ का भुगतान

**प्रतिदिन खर्च हो रहे 28 लाख रुपए**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर जिला में वर्तमान वितीय वर्ष 2026-27 के करीब 72 दिनों में लगभग सवा 20 करोड़ का भुगतान किया गया है। यानी प्रतिदिन औसतन 28.11 लाख रूपए का भुगतान हुआ है। 01 अप्रैल 2026 से 12 जून 2026 तक कुल 20 करोड़ 24 लाख रुपए का भुगतान हुआ है जबकि लगभग 80 लाख रुपए बकाया है। इस भुगतान में कई प्रखंड काफी आगे हैं तो कुछ बिलकुल कच्छप गति पकड़े हुए हैं। सूत्रों के अनुसार जिले के अगियांव प्रखंड़ में 1 करोड़ 66 लाख, आरा में 78 लाख, बड़हरा में 1 करोड़ 46 लाख, बिहिया में 44 लाख, चरपोखरी 97 लाख, गड़हनी में 26 लाख, जगदीशपुर में 1 करोड़ 40 लाख, कोईलवर में 3.48 करोड़, पीरो में 93 लाख, सहार में 3.13 करोड़, संदेश में 42 लाख, शाहपुर में 1.22 करोड़, तरारी में 2.82 करोड़ तथा उदवंतनगर प्रखंड में 73 लाख रुपए का भुगतान किया गया है।

# 1.35 करोड़ की शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**पंजाब के दो ट्रकों में लायी जा रही थी 11 हजार लीटर शराब**

**पकड़े गए दोनों अभियुक्त हैं हरियाणा के निवासी**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के बिरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली कि हरियाणा से एक ट्रक द्वारा भारी मात्रा में विदेशी शराब बिहार की ओर ले जाया जा रहा है। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग भोजपुर एवं राज्य नियंत्रण ब्यूरो पटना, के संयुक्त छापामारी में मोहनिया-आरा फोरलेन पर धनगाई थाना क्षेत्र के महुरही ओवरब्रिज के पास से एक महिंद्रा ब्लाजो ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया। ट्रक पर पंजाब का निबंधन संख्या अंकित पाया गया। टीम ने हरियाणा के करनाल जिले के करनाल गांधीनगर निवासी वाहन चालक अमनदीप सिंह एवं हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के शाहाबाद थाना क्षेत्र के शरीफगढ़ निवासी जरनैल सिंह को गिरतार कर लिया। दोनो को अग्रतर कार्यवाही हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया। उक्त वाहन से कुल 62,040 पीस में 11205600 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 1 करोड़ 35 लाख के करीब आँका गया। जप्त शराब मुजफरपुर (बिहार) की ओर ले जाया जा रहा था। सहायक आयुक्त श्री रजनीष ने बताया इस अभियान में जिला पदाधिकारी के सतत सहयोग, प्रोत्साहन एवं निर्देषन से विभागकर्मियों का हौसला बढ़ता है। उन्होंने कहा कि विभाग अपने सूत्रों के आधार पर आपसी समन्वय के साथ बेहतर उपलब्धि का प्रयास करता है। इस छापेमारी दल में निरीक्षक अनिल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक धीरज कुमार सिंह एवं सहायक अवर निरीक्षक मदन लाल यादव, के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।




बरामद शराब और गिरफ्तार अभिुक्तों के साथ सहायक उत्पाद आयुक्त रजनीष।

# पीरो में सम्राट अशोक भवन के निर्माण का मार्ग प्रशस्त

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** नगर क्षेत्र में सभा-समारोह या ऐसे ही अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रस्तावित सम्राट अशोक भवन के निर्माण को लेकर नगर व आवास विभाग से प्राक्कलन पर तकनीकी स्वीकृति तथा परिमाण विपत्र का अनुमोदन प्राप्त हो जाने के बाद इसके निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके पूर्व अंचलाधिकारी पीरो द्वारा प्रस्तावित सम्राट अशोक भवन के लिए नगर के लोहिया चौक के समीप अनावाद बिहार सरकार के खाता 1409, खेसरा 1424 में 11 एकड जमीन उपलब्ध कराते हुए अनापति प्रमाण पत्र निर्गत किया जा चुका है। बता दें कि यहां सम्राट अशोक भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास दिसम्बर 2023 में ही तत्कालीन जिलाधिकारी राज कुमार व उप विकास आयुक्त विक्रम विरकर द्वारा किया गया था लेकिन तकनीकी पेंच के कारण निर्माण कार्य अब तक शुरु नहीं हो पाया था। इसको लेकर नगर परिषद सभापति लगाकर प्रयासरत थी। उनके द्वारा जिला विकास समन्वय समिति (दिशा) की बैठकों सहित कई अन्य मौके पर वरीय अधिकारियों के समक्ष प्रस्तावित सम्राट अशोक भवन निर्माण का मामला प्रमुखता से उठाया जाता रहा। पिछले दिनों उन्होंने नगर विकास व आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्र से मिलकर यह मामला उठाया तब जाकर विभाग से सम्राट अशोक भवन निर्माण हेतु प्राक्कलन को प्रशासनिक स्वी.ति व परिमाण विपत्र पर अनुमोदन प्रदान कर गया। सभापति किरण उपाध्याय के अनुसार यहां सम्राट अशोक भवन के लिए 1,66,43540 एक करोड छियासठ लाख तैतालिस हजार पांच सौ चालीस रुपये के प्राक्कलन को तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई है।




# पटना के युवक की हत्या मामले में आठ पर प्राथमिकी, दो गिरफ्तार

**विक्रम थाना क्षेत्र के बड़की बलियारी से पकड़े गए आरोपित**

**आरा/कोईलवर(दैनिक नवसंदेश)।** पटना निवासी युवक आकाश हत्याकांड में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मृतक के चाचा विनय कुमार के बयान पर पटना जिले के विक्रम थाना क्षेत्र के बड़की बलियारी गांव निवासी आठ लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। प्राथमिकी में पूर्व में बच्चों के बीच हुए झगड़े एवं आपसी रंजिश को लेकर अपने भतीजे की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों गिरफ्तार कर लिया। इनमें पटना जिले के विक्रम थाना क्षेत्र के बड़की बलियारी गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद के पुत्र सनी कुमार एवं इस गांव के निवासी दिनेश प्रसाद का पुत्र रोहित कुमार उर्फ शामिल है। दोनों की गिरफ्तारी बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बलियारी गांव स्थित उनके घर से की गयी। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है। बता दें कि बुधवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे विक्रम थाने के बड़की बलियारी गांव निवासी सुनील कुमार का पुत्र आकाश कुमार, उसी गांव के निवासी अपने दोस्त गोलू और सन्नी के साथ बाइक से घर से निकला था और घर वापस नहीं लौटा था। इसी बीच गुरुवार की सुबह कोईलवर थाना क्षेत्र के बबुरबानी गांव स्थित दुकान के पीछे खड़ी वाहन से उसका शव बरामद किया गया था।

## भतीजी से दुष्कर्म का प्रयास मामले में चाचा गिरफ्तार

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** हसनबाजार थाना के नारायणपुर गांव से पुलिस ने भतीजी से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में चाचा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त नारायणपुर गांव निवासी कुंदन कुमार शादीशुदा है और दो बच्चों का बाप है। बताया जा रहा है कि पड़ोस में रहने वाली रिश्ते में भतीजी लगने वाली किशोरी को घर में अकेला पाकर आरोपी कुंदन कुमार उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था। किशोरी के शोर मचाने पर वह भाग खड़ा हुआ। बाद में किशोरी के बयान पर पुलिस ने पॉस्को एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया है।

# मारपीट और गोलीबारी मामले में आठ आरोपित पकड़े गए

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामापुर सनदिया गांव में जमीन पर कब्जा करने को लेकर विवाद के दौरान मारपीट और गोलीबारी के मामले में पुलिस ने आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया। उनकी गिरफ्तारी अलग-अलग थाना क्षेत्र से हुई।

गिरफ्तार आरोपितों में बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव निवासी विकास कुमार उर्फ ओम, उसी थाना क्षेत्र के पैगा गांव निवासी सुमित कुमार सिंह, उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जयनगर गांव निवासी सूरज कुमार उर्फ आरएस, उसी थाना क्षेत्र के बजरुआ गांव निवासी रंजन कुमार उर्फ रॉकी कुमार, दीपक कुमार, खालिसा गांव निवासी कृष्णमुरारी कुमार, गजराजगंज ओपी क्षेत्र के अख्तियारपुर बड़कागांव निवासी विद्या शंकर आजाद उर्फ बबुआ एवं नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ पासवान टोली निवासी पुत्र राजकुमार शामिल है। इनमें एक नामजद एवं सात अप्राथमिक अभियुक्त हैं। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने शुक्रवार को प्रेस नोट जारी कर दी गई।

बता दें कि बीते 3 मई को रामापुर सनदिया गांव में जमीन पर कब्जा और वर्चस्व के विवाद में दो पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए थे। उस दौरान उन्होंने जमकर मारपीट और गोलीबारी की थी। उस मामले में पुलिस के बयान पर दोनों पक्षों से 36 नामजद और 250 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की गई थी।

# कायमनगर सब्जी बाजार शिफ्टिंग की तैयारी का एसडीओ ने लिया जायजा

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** बक्सर-पटना फोरलेन के किनारे स्थित कायमनगर सब्जी बाजार को सुरक्षित एवं व्यवस्थित स्थान पर स्थानांतरित करने की दिशा में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी शिप्रा विजय कुमार ने प्रस्तावित स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने बाजार शिटिंग के लिए किए जा रहे विकास कार्यो, विशेष रूप से मिट्टी भराई एवं समतलीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्र पूरी की जाएं, ताकि एक सप्ताह के भीतर सब्जी बाजार को नए स्थान पर स्थानांतरित किया जा सके। एसडीओ ने कहा कि फोरलेन के किनारे लगने वाले बाजार के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। ऐसे में बाजार को निर्धारित स्थल पर स्थानांतरित करना जनहित और सुरक्षा की.ष्टि से आवश्यक है। उन्होंने निर्माण एवं तैयारी कार्यो में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कोईलवर अंचलाधिकारी प्रियंका कुमारी और गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने बाजार स्थानांतरण से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी दी तथा बताया कि प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि दुकानदारों और आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशासन की इस पहल से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू होने के साथ-साथ बाजार को भी अधिक व्यवस्थित स्वरूप मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने भी बाजार को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की पहल का स्वागत किया है।

# कोईलवर में भूमि विवाद से जुड़े मामलों की हुई सुनवाई

**इज ऑफ लिविंग**

**अंचलाधिकारी प्रियंका कुमारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं**

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार इज अफ लिविंग के तहत भूमि संबंधी विवादों के त्वरित निपटारे के उद्देश्य से शुक्रवार को कोईलवर अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी प्रियंका कुमारी ने की। इस दौरान भूमि विवाद एवं दाखिल-खारिज से संबंधित विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई तथा संबंधित पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

जनता दरबार में अंचल क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों और गांवों से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें मुख्य रूप से भूमि सीमांकन, जमाबंदी, दाखिल-खारिज, अतिक्रमण एवं आपसी भूमि विवाद से जुड़े मामले शामिल थे। अंचलाधिकारी ने सभी मामलों की क्रमवार समीक्षा करते हुए संबंधित राजस्व कर्मियों एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अंचलाधिकारी प्रियंका कुमारी ने कहा कि भूमि विवादों के कारण अक्सर सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसे मामलों का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों की जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

जनता दरबार में कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि कुछ मामलों में जांच एवं अभिलेखों के सत्यापन के लिए संबंधित कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। शिकायतकर्ताओं ने भी अपनी समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।



# 20 केंद्रों पर होगी मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा

**14 व 17 जून को 20,668 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा**

**निष्पक्ष और कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को लेकर प्रशासन सतर्क**

**छपरा (दैनिक नवसंदेश)।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य निषेध सिपाही पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 14 एवं 17 जून को किया जाएगा। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

परीक्षा दोनों दिन दो पालियों में होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। सारण जिले में इसके लिए कुल 20 केंद्र बनाए गए हैं, जहां प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 10,334 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने संयुक्त रूप से सभी केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की। अधिकारियों को समय से पूर्व केंद्रों पर पहुंचने, अभ्यर्थियों की सघन जांच सुनिश्चित करने तथा केंद्रीय चयन पर्षद के सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया गया। प्रशासन ने परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक केंद्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है। इसके अलावा जोनल एवं उड़नदस्ता दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी लगातार केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक उपस्थिति, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, जैमर एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था की गई है। परीक्षा की निगरानी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06152-242444 निर्धारित है। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सभी गतिविधियों की लगातार मनिटरिंग की जाएगी। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा किसी भी स्तर पर गड़बड़ी या कदाचार पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का लक्ष्य पूरी परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है।

## विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में लगेंगे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**छपरा (दैनिक नवसंदेश)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर बिहार के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में 14 जून को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में राजभवन सचिवालय ने बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। राजभवन के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि विश्व रक्तदाता दिवस मानवता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। इस अवसर पर राज्य के सभी विश्वविद्यालयों एवं उनके अधीनस्थ महाविद्यालयों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कर अधिकाधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाए।

# मॉडल स्कूलों के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने की पहल

**छपरा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)।** पटना में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से मुलाकात कर छपरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक छोटी कुमारी ने शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। इस दौरान उन्होंने छपरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने हेतु प्रस्ताव सौंपा।

विधायक छोटी कुमारी ने शिक्षा मंत्री को अवगत कराया कि छपरा के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्र के कई प्रमुख विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने लोकमान्य उच्च विद्यालय सह इंटर कलेज, गांधी उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज, राजपूत हाई स्कूल, लक्ष्मी नारायण ब्राह्मण उच्च विद्यालय, राजेंद्र कलेजिएट, एसएलपीसी उच्च माध्यमिक विद्यालय सह इंटर कॉलेज, उच्चतर माध्यमिक हाई स्कूल उमधा, गौतम ऋषि उच्च विद्यालय रिविलगंज तथा राजकीय कन्या विद्यालय इनई सहित अन्य विद्यालयों का प्रस्ताव दिया।

विधायक ने मांग की कि चयनित मॉडल स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेलकूद सुविधाएं, कंप्यूटर लैब तथा बेहतर आधारभूत संरचना विकसित की जाए। साथ ही शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति कर शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाया जाए। उन्होंने छपरा नगर निगम के वार्ड संख्या-45 (रौजा बिन्दटोली) में पूर्व में संचालित सरकारी विद्यालय को पुनः शुरू करने की मांग भी उठाई। विधायक ने बताया कि लगभग 10 हजार की आबादी वाले इस क्षेत्र के बच्चों को विद्यालय बंद होने के कारण दूर जाकर शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रही है। इसके अतिरिक्त सदर प्रखंड के साढ़ा स्थित उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय एवं नवसृजित प्राथमिक विद्यालय साढ़ा उत्तरी अनुसूचित नोनियाटोली के लिए नए विद्यालय भवन निर्माण की अनुशंसा की गई। वहीं करींगा पंचायत के वार्ड संख्या 01 से 06 में प्राथमिक विद्यालय के अभाव को देखते हुए नए प्राथमिक विद्यालय की स्थापना एवं भवन निर्माण की मांग भी रखी गई। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने विधायक द्वारा प्रस्तुत सभी मांगों को गंभीरता से सुना तथा आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुलाकात के बाद विधायक छोटी कुमारी ने कहा कि छपरा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे को बेहतर एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार के सहयोग से क्षेत्र के विद्यालयों में जल्द ही आवश्यक सुविधाओं का विस्तार होगा और विद्यार्थियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आज कुर्था थाने में लगेगा एसपी का जनता दरबार



**कुर्था (एनएसबी)** राज्य सरकार ब डीजीपी के निर्देश पर राज्य के सभी थानों में एसपी द्वारा जनता दरबार लगाने की दी गई निर्देश के बाद शनिवार 13 जून को कुर्था थाने में अरवल पुलिस अधीक्षक डॉ नवजोत सिमी का जनता दरबार लगाया जाएगा जहां विभिन्न मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा ने बताया कि शनिवार 13 जून को 11 बजे कुर्था थाने में अरवल पुलिस अधीक्षक डॉक्टर नवजोत सिंह का जनता दरबार लगाया जाएगा जहां थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए फरियादीयो का मामले को सुना जाएगा तथा उसे त्वरित निष्पादन किया जाएगा उन्होंने थाना क्षेत्र के आम आवाम से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में अरवल पुलिस कप्तान के जनता दरबार में पहुंचकर अपने-अपने मामलों का निपटारा करवाए

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर प्रभात फेरी का आयोजन

### प्रभात फेरी का आयोजन

**अरवल (एनएसबी)।** श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार सरकार के तत्वाधान में अरवल जिलान्तर्गत 'विश्व बाल श्रम निषेध दिवस' के अवसर पर श्रम अधीक्षक कार्यालय परिसर से अरवल मोड़ तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया एवं ऑटो रिक्शा के माध्यम से हरी झंडी दिखाते हुए बाल श्रम के विरूद्ध प्रचार-प्रसार कराया गया। साथ ही जिला नियोजन पदाधिकारी की अध्यक्षता में कृषि सभागार भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रखंडों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी (भूमि संरक्षण), अरवल सदर, विकास पथ विक्रम के सदस्य, जनप्रतिनिधि, कार्यालय कर्मी एवं अरवल जिले के विभिन्न क्षेत्रों के श्रमिक उपस्थित हुए। उपस्थित सभी श्रमिकों को विभाग द्वारा संचालित बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986 योजना की जानकारी देते हुए बाल श्रम को रोकने हेतु जन-भागीदारी हेतु जागरूक कराया गया।




### पुलिस परीक्षा को लेकर जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को किया ब्रीफ, दिए गए आवश्यक निर्देश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, जहानाबाद अलंकृता पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक, जहानाबाद अपराजित लोहान की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में सिपाही भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं केन्द्राधीक्षकों के साथ विस्तृत ब्रीफिंग आयोजित की गई।बैठक में बताया गया कि केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य सिपाही के 1697 पद, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय, गृह विभाग (कारा) में कक्षपाल के 2431 पद तथा परिवहन विभाग में चलंत दस्ता सिपाही के 108 पदों सहित कुल 4236 पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 14 जून, 2026 (रविवार) एवं 17 जून, 2026 (बुधवार) को दो पालियों में किया जाना है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग समय प्रथम पाली के लिए पूर्वाह्न 08:00 बजे तथा द्वितीय पाली के लिए अपराह्न 01:00 बजे निर्धारित किया गया है। प्रथम पाली के लिए पूर्वाह्न 09:00 बजे तथा द्वितीय पाली के लिए अपराह्न 02:00 बजे परीक्षा केन्द्रों का प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। ब्रीफिंग के दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि परीक्षा को पूर्णतः कदाचारमुक्त एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं केन्द्राधीक्षकों को आयोग द्वारा निर्गत दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि किसी भी परीक्षार्थी को मोबाइल फोन अथवा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ परीक्षा केन्द्र अथवा परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। ऐसे किसी भी उपकरण के साथ पकड़े जाने पर संबंधित अभ्यर्थी को परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा तथा इसे कदाचार की श्रेणी में माना जाएगा। स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक अभ्यर्थी की भौतिक जांच सुनिश्चित करें तथा किसी के पास लिखित सामग्री, सादा कागज, कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, डिजिटल डायरी, पामटॉप, पीडीए अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण न हों की पूर्णतः सत्यता की जाए। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिसकर्मियों द्वारा की जाएगी तथा हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाएगा।* परीक्षा के सफल संचालन एवं त्वरित सूचना आदान-प्रदान हेतु अनुमंडल कार्यालय, जहानाबाद में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 06114-223013 निर्धारित किया गया है। अंत में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षकों को समन्वित रूप से कार्य करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न कराने का निर्देश दिया। उक्त ब्रीफिंग में संयुक्त सचिव सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अपर समाहर्ता विभागीय जांच,सिविल सर्जन,अनुमंडल पदाधिकारी, सभी जोनल पदाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।



### अस्पतालों, नर्सिंग होम, होटलों एवं रेस्टोरेंटों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का किया गया निरीक्षण

**जहानाबाद (एनएसबी)।** राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में हुई अग्निकांड की घटनाओं के मद्देनजर इसे गंभीरता से लेते हुए बिहार अग्निशमन सेवा द्वारा राज्यव्यापी विशेष अग्नि सुरक्षा प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अस्पतालों, नर्सिंग होमों, होटलों, लॉज एवं गेस्ट हाउसों में अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन की विशेष जांच की जा रही है। इस संबंध में निदेशक-सह-राज्य अग्निशमन पदाधिकारी, बिहार, पटना के निदेर्शानुसार तथा जिला पदाधिकारी, जहानाबाद से प्राप्त निदेर्शों के आलोक में दिनांक 11.06.2026 को अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद एवं जिला अग्निशमन पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा संयुक्त रूप से नगर क्षेत्र अंतर्गत संचालित विभिन्न अस्पतालों, नर्सिंग होमों, होटलों एवं रेस्टोरेंटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशामक यंत्रों की उपलब्धता, आपातकालीन निकास मार्ग, विद्युत सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों की समीक्षा की गई तथा संबंधित संस्थानों को अग्नि सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ करने एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी संस्थान अगले 15 दिनों के भीतर आवश्यक अग्नि सुरक्षा उपायों को पूर्ण रूप से लागू करें अन्यथा निर्धारित अवधि के भीतर अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन नहीं किया जाता है, तो मुख्यालय से प्राप्त निदेर्शों के अनुसार संबंधित संस्थानों के विरुद्ध सीलिंग, भवन खाली कराने अथवा अन्य विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।



# डीएम के समक्ष दो दर्जन से अधिक लोगों ने रखी अपनी समस्याएं

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी अमृषा बैस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 27 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। समस्याएँ मुख्य रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण, कब्जा, पेयजल, मापी, राजस्व, जीविका, नगर परिषद कार्यालय, लघु जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, अंचलाधिकारी कार्यालय, थाना प्रभारी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पंचायत शाखा, अनुमंडल कार्यालय, विद्युत विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम वभन बिगहा निवासी उमेश्वर प्रसाद द्वारा बताया गया कि मैं अपनी जमीन को मापी कराने हेतु कार्यालय का बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा है, मापी करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी अरवल को मापी ससमय कराने हेतु निदेशित किया गया। कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम बेलसार निवासी महेन्द्र मिस्त्री द्वारा बताया गया कि न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्ता के आदेश को अनुपालन नहीं किया जा रहा है। अनुपालन करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्ता अरवल, अनुमंडल पदाधिकारी अरवल एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरवल को न्यायालय आदेश के अनुपालन हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम प्रसादी इंगलिश निवासी चंचला देवी द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा मेरी पुत्री के विवाह से संबंधित दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।


लोगों की समस्याएं सुनते डीएम।

## पीएम केयर्स योजना बनी रिया कुमारी के सपनों की उड़ान, विपरीत परिस्थितियों में भी 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बनीं प्रेरणा स्रोत

सफलता की कहानी

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जहानाबाद जिले की बेटी रिया कुमारी ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प, मेहनत और सही मार्गदर्शन के बल पर किसी भी कठिन परिस्थिति को सफलता में बदला जा सकता है। *जिला बाल संरक्षण इकाई, जहानाबाद के अंतर्गत पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना से लाभान्वित रिया कुमारी ने वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट (10+2) परीक्षा में 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।*



रिया कुमारी कुर्मा संस्कृति माध्यमिक उच्च विद्यालय, कुर्मा कोसडिहरा, जहानाबाद की छात्रा हैं। उन्होंने आर्थिक एवं सामाजिक चुनौतियों के बावजूद अपनी पढ़ाई को निरंतर जारी रखा और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

कोरोना महामारी के दौरान रिया कुमारी ने अपने माता-पिता को खो दिया था। इस कठिन समय में जिला बाल संरक्षण इकाई, जहानाबाद द्वारा उन्हें पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना से जोड़ा गया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित इस योजना के माध्यम से रिया के समग्र विकास हेतु स्वयं जिला पदाधिकारी जहानाबाद द्वारा उनके अभिभावक का दायित्व लिया गया तथा उन्हें शैक्षणिक सहायता, अध्ययन सामग्री, नियमित मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया गया। रिया बताती हैं कि योजना के तहत प्राप्त सहयोग, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा जिला पदाधिकारी की निरंतर देखरेख ने उन्हें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास दिया। जिसके बाद रिया ने और भी समर्पण और अनुशासन के साथ अध्ययन किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें यह सफलता प्राप्त हुई। रिया कुमारी का सपना भविष्य में प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज और जरूरतमंद बच्चों के लिए कार्य करना है। उनका मानना है कि यदि कठिन परिस्थितियों में भी हौसला बनाए रखा जाए और सही दिशा में निरंतर प्रयास किया जाए तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। जिला पदाधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, जहानाबाद ने रिया कुमारी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही यह सफलता कहानी उन सभी बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत है जो विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने का प्रयास कर रहे हैं। रिया कुमारी ने अपनी सफलता का पूर्ण श्रेय जिला पदाधिकारी और जिला बाल संरक्षण इकाई, पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना, अपने शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों को देते हुए कहा कि समय-समय पर प्राप्त सहयोग और प्रोत्साहन ने उन्हें आगे बढ़ने की शक्ति दी। जिला प्रशासन, जहानाबाद द्वारा जिले के सभी बच्चों एवं अभिभावकों से अपील की गई है कि वे सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रता के अनुसार उनका लाभ उठाकर शिक्षा एवं विकास के नए अवसरों का लाभ लें।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर तटवासी समाज न्यास जहानाबाद जिले में बाल मजदूरी के खिलाफ चलाया जनजागरूकता अभियान




**जहानाबाद (एनएसबी)।** जहानाबाद जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहे संगठन तटवासी समाज न्यास ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर जिले में बाल मजदूरी के खिलाफ चलाया जनजागरूकता अभियान जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों के अफसरों, सामुदायिक नेताओं और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। यह अभियान राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और एजेंसियों की ओर से जून को बाल मजदूरी के खिलाफ कार्रवाई माह या ह्यएक्शन मंथह्ल के रूप में मनाने के बाबत जारी अधिसूचना व निदेर्शों के तहत चलाया गया और यह अभियान 30 जून तक चलाया जाएगा। इस दौरान बाल मजदूरी की शिकायत वाले इलाकों में छानबीन करने व बच्चों को मुक्त कराने के लिए साझा अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। तटवासी समाज न्यास बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है।

जून महीने को बाल श्रम के खिलाफ ह्यएक्शन मंथह्ल के तौर पर मनाया जाता है और चूंकि बाल दुव्यार्पार यानी बच्चों की ट्रैफिकिंग बाल मजदूरी का मुख्य कारण है, इसलिए नागरिक समाज संगठन इस दौरान पुलिस व प्रशासन के साथ मिलकर दुव्यार्पारियों और उनके गठजोड़ की शिनाख्त के लिए कड़ी नजर रखते हैं। इस मौके पर कानून लागू करने वाली एजेंसियों और जिला प्रशासन को हरसंभव सहयोग का वादा करते हुए तटवासी समाज न्यास के निदेशक कन्हैया कुमार सिंह ने कहा, बाल श्रम बच्चों को उनके बचपन और मूल अधिकारों से महरूम कर देता है, बच्चों से बेहद अमानवीय और शोषणकारी स्थितियों में काम लिया जाता है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के देश भर में फैले सहयोगी संगठन एक दूसरे की आंख-कान का काम करते हैं और आपस में सूचनाएं साझा करने के साथ ट्रैफिकिंग के मामलों की निगरानी करते हैं। नेटवर्क के खुफिया सूचना-साझाकरण तंत्र ने देश के विभिन्न हिस्सों में ट्रैफिकिंग के शिकार बच्चों की पहचान करने, उनका पता लगाने और उन्हें मुक्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नतीजे में अप्रैल 2023 से मार्च 2026 के बीच 1.45 लाख से अधिक बच्चों को ट्रैफिकिंग से मुक्त कराया गया।

## कृषि विज्ञान केंद्र में प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला का हुआ आयोजित

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के सौजन्य से शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र, लोदीपुर में एक दिवसीय प्राकृतिक खेती जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का स्वागत फूल-माला, पौधा एवं अंगवस्त्र देकर किया गया। इसके बाद मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र की वरीय वैज्ञानिक डॉक्टर अनिता कुमारी ने प्राकृतिक खेती की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि यदि किसान अपनी भूमि की उर्वरा शक्ति बचाना, पर्यावरण को शुद्ध रखना तथा कम लागत में अधिक लाभ कमाना चाहते हैं तो उन्हें प्राकृतिक खेती अपनानी चाहिए। इससे किसानों को बेहतर उत्पादन के साथ आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा। रासायनिक उर्वरक से उत्पादित अनाज मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक है इसलिए वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं । कार्यशाला में उपस्थित किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र सीमित संसाधनों के बावजूद किसानों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। अरवल जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों के विकास के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं चला रही हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 90 प्रतिशत अनुदान विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों पर सरकार द्वारा दिया जा रहा है। किसानों को वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर उसका उपयोग खेती में करने की सलाह देते हुए कहा कि इसके लिए भी सरकारी सहायता उपलब्ध है। उन्होंने रसायनमुक्त खेती को समय की आवश्यकता बताया। लोजपा (आर )के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र रंजन ने कहा कि प्राकृतिक खेती समय की मांग है इसे अपनाने से लोगों के खानपान एवं स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ेगा और लोग स्वस्थ एवं सुरक्षित रहेंगे रासायनिक उर्वरक के उपयोग से होने वाले उत्पादन आज लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है।

भाजपा जिला अध्यक्ष एवं जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और किसानों की समृद्धि से ही देश का विकास संभव है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित विभिन्न कृषि योजनाओं की चर्चा करते हुए किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को जदयू जिला अध्यक्ष अनंत कुमार वर्मा, लोजपा (रा.) जिला अध्यक्ष सत्येंद्र रंजन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरेंद्र कुमार, मंत्री अमृतराज उपाध्याय , जिला कृषि पदाधिकारी रंजीत कुमार झा,उप परियोजना निदेशक अजीत कुमार पासवान ,जिला उद्यान पदाधिकारी राहुल रंजन, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी संजू लता,विधायक प्रतिनिधि राम जन्म सिंह,सहायक निदेशकशस्य रोहित रौशन,वैज्ञानिक कविता डालमिया, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नेहा कश्यप,प्रखंड कृषि पदाधिकारी आत्मा निकिता राज, वैज्ञानिक डॉक्टर विनोद कुमार सिंह, ने भी संबोधित किया। अंत में अतिथियों एवं किसानों ने कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम के समापन के बाद कृषि विज्ञान केंद्र में आगत अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन, बाल श्रम उन्मूलन हेतु संयुक्त प्रयासों पर दिया गया बल

**जहानाबाद (एनएसबी)।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर आज दिनांक 12 जून, 2026 को जिला प्रशासन, जहानाबाद एवं ग्राम स्वराज समिति, घोषी द्वारा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में बाल श्रम उन्मूलन एवं बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रम विभाग के सहयोग से आयोजित प्रभात फेरी के साथ हुई। यह प्रभात फेरी संयुक्त श्रम भवन, जहानाबाद से प्रारंभ होकर कारगिल चौक होते हुए अरवल मोड़ तक निकाली गई। प्रभात फेरी का नेतृत्व श्रम अधीक्षक, जहानाबाद श्री मृत्युंजय कुमार झा द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रम विभाग सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, ग्राम स्वराज समिति घोषी के प्रतिनिधि एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन कार्यक्रम से जुड़े कार्यकताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा बाल श्रम के विरुद्ध जन-जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद श्री राजीव रंजन सिन्हा की अध्यक्षता में एक समीक्षा एवं विचार-विमर्श बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, थाना अध्यक्ष सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित हुए बैठक का संचालन करते हुए ग्राम स्वराज समिति, घोषी के सचिव श्री राम शंकर शर्मा ने बाल श्रम उन्मूलन के लिए सरकारी विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बाल श्रम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए सामुदायिक भागीदारी एवं संस्थागत सहयोग अत्यंत आवश्यक है। बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद श्री राजीव रंजन सिन्हा ने निर्देश दिया कि जिले में एक पंचायत का चयन कर उसे बाल हितैषी पंचायत के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, जहानाबाद एवं श्रम संसाधन विभाग को इस संबंध में आवश्यक बैठक आयोजित कर कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाल हितैषी पंचायत के लिए निर्धारित सरकारी मानकों के अनुरूप एक विस्तृत दस्तावेज तैयार कर रणनीति निर्धारित की जाए तथा उसे अनुमंडल एवं प्रखंड कार्यालय के साथ साझा किया जाए। साथ ही उन्होंने सभी पंचायतों के मुखियाओं को अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में बाल अधिकारों एवं बाल संरक्षण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने आयोजक संस्था को आश्वस्त किया कि बाल हितैषी पंचायत निर्माण एवं बाल संरक्षण से संबंधित गतिविधियों के सफल संचालन हेतु अनुमंडल प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम स्वराज समिति, घोषी के जिला समन्वयक श्री मोहम्मद इकबाल, परामर्शदाता श्री पवन कुमार सिंह, कार्यक्रम प्रबंधक श्री राजीव कुमार, जिला सामुदायिक सेंटर निदेशक श्री सर्वेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। *कार्यक्रम के दौरान बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण, बच्चों के शिक्षा एवं संरक्षण के अधिकार तथा बाल हितैषी वातावरण विकसित करने के लिए सभी संबंधित विभागो एवं समुदायों से सक्रिय सहयोग की अपील की गई।




## कृषि कार्यशाला आयोजित कर प्राकृतिक खेती अपनाने को किसान को किया गया प्रेरित, स्वस्थ मिट्टी एवं स्वस्थ समाज की दिशा में कदम बढ़ाने का संदेश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** कृषि विभाग, बिहार सरकार के निदेर्शानुसार आज दिनांक 12 जून, 2026 को आत्मा, जहानाबाद द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, गंधार में प्राकृतिक खेती विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य श्री धीरज कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा श्रीमती संभावना, वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान कृषि विज्ञान केंद्र गंधार डॉ. मुनेश्वर प्रसाद, भाजपा के पूर्व जिला मंत्री श्री विजय कुमार सत्कार, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री विनोद कुमार, महामंत्री श्री रण विजय कुमार, श्री विश्वनाथ कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कृषि विशेषज्ञ उपस्थित रहे। उपस्थित कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को अधिक से अधिक प्राकृतिक खेती अपनाने को कहा।